संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 30 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 174 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर हिंसा से प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

# यूसीसी: आप के बाद उद्धव का सशर्त समर्थन...

## एनसीपी न्यूट्रल, फारूक अब्दुल्ला बोले- सरकार इसके नतीजों पर बार-बार विचार कर ले

**चर्चा जारी**

**उद्धव ने सरकार के स्पष्टीकरण की शर्त रखी है। एनसीपी ने ना ही यूसीसी का समर्थन किया और ना विरोध**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के बयान का आम आदमी पार्टी (आप) और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने समर्थन किया है। हालांकि, उद्धव ने सरकार के स्पष्टीकरण की शर्त रखी है। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने ना ही यूसीसी का समर्थन किया और ना विरोध किया यानी वो न्यूट्रल है। नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार को यूसीसी लागू करने के नतीजों पर बार-बार विचार कर लेना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जून को भोपाल में भाजपा के 10 लाख बूथ कार्यकर्तओं को संबोधित करते हुए देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) जल्द लागू करने की वकालत की। पीएम ने कहा- यूनिफॉर्म सिविल कोड पर लोगों को भड़काया जा रहा है। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता। बीजेपी यह भ्रम दूर करेगी।

**मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुलाई इमरजेंसी मीटिंग:** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 27 जून की रात यूसीसी पर इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। 3 घंटे तक चली मीटिंग में बोर्ड ने यूसीसी के प्रस्तावित कानून का विरोध करने का फैसला किया। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा- हमने एक ड्राफ्ट तैयार किया है, जिसमें शरीयत कानूनों का जिक्र है। इसे जल्द ही लॉ कमीशन को भेजा जाएगा।

**लॉ कमीशन ने कहा- हमने जनता की राय मांगी, 8.5 लाख रिस्पॉन्स मिले:** लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस ऋतुराज अवस्थी ने कहा- यूसीसी के लिए हमने कंसल्टेशन प्रोसेस भी शुरू कर दी है। जनता की राय मांगी है। कमीशन को यूनिफॉर्म सिविल कोड का नोटिफिकेशन जारी करने से लेकर अब तक 8.5 लाख रिस्पॉन्स भी मिल चुके हैं।

### यूसीसी पर 13 जुलाई तक करें इंतजार: मेघवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यूसीसी के मुद्दे पर लोगों से सुझाव मांगे गए हैं। इसके लिए एक महीने का समय दिया गया है। लॉ कमीशन ने भी कहा है कि उन्हें प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कोई विवादित टिप्पणी करने की बजाय लोगों को प्रतीक्षा करनी चाहिए। पहले केंद्रीय योजनाओं को जारी करने में भी भारी भ्रष्टाचार होता था।

### यूसीसी के विरोध में पार्टियों के बयान



**एनसीपी:** पार्टी ने यूसीसी के मुद्दे पर वर्किंग कमेटी की मीटिंग में चर्चा की। इसके बाद नेशनल सेक्रेटरी नसीम सिद्दिकी ने कहा– हम ना तो यूसीसी का समर्थन करते हैं और ना ही उसका विरोध। जनता और इससे जुड़े वर्गों के बीच इस पर चर्चा की जरूरत है।
**नेशनल कॉन्फ्रेंस:** फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार यूसीसी पर ज्यादा जोर ना डाले। इसे लागू करने के परिणामों पर बार–बार विचार कर ले। देश विभिन्नताओं से भरा है और अलग धर्मों–जातियों के लोग यहां रहते हैं। मुस्लिमों का अपना अलग शरीयत कानून है। सरकार सोच ले, तूफान आ सकता है।
**एआईएमआईएम:** चीफ असदुद्दीन आवैसी ने यूसीसी पर बहस छेड़ने को साजिश बताया था। कहा था कि भाजपा मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।
**कांग्रेस:** सांसद शशि थरूर ने कहा, 'जहां तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का सवाल है। प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था कि यूसीसी होना चाहिए, लेकिन हमें सभी को साथ लेकर चलना होगा। आप किसी भी देश में किसी एक तबके को नहीं भूल सकते।'
**सपा:** सांसद एसटी हसन ने कहा – हम हदीस की हिदायतें नहीं छोड़ सकते। संविधान हर व्यक्ति को अपने धर्म का प्रचार करने का अधिकार देता है।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हुए।

## पूरे देश में सक्रिय हुआ मानसून

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के** सभी राज्यों में मानसून सक्रिय है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों में मध्य प्रदेश, गुजरात, कोंकण, गोवा और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी बारिश की संभावना जताई गई है।
मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि मानसून अपने उन्नत चरण में है और सक्रिय है।
आने वाले दो दिनों में मध्य प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में मध्य प्रदेश में 12 सेमी से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है।

## '20 साल से लॉन्चिंग में फेल राहुल और छलिया नीतीश'



**निशाना साधा**

**पलटू बाबू के फेरे में नहीं रहें। मेरे कारण मुख्यमंत्री बने और अब पूछ रहे हैं कि मोदी जी ने नौ साल में क्या किया**

**टीम एक्शन इंडिया/लखीसराय**
**बिहार** के लखीसराय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जनसभा की। इस दौरान गृह मंत्री ने सभा में उपस्थित लोगों से बिहार की सभी लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही विरोधियों को खूब खरी-खरी सुनाई।
**'आगामी चुनाव में सभी सीटों पर जिताएं':** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल पूरे हो गए। अब इसके लिए सभी लोगों के प्रति धन्यवाद देने आपके पास आया हूं। पिछले चुनाव में 39 सीट आपने जिताईं। आगामी चुनाव में सभी सीटों पर जिताएं...यही कहने आया हूं।
**'पलटू बाबू के फेरे में नहीं रहे':** इसके अलावा, शाह के निशाने पर नीतीश कुमार और लालू यादव रहे। उन्होंने जनता से कहा कि पलटू बाबू के फेरे में नहीं रहें। मेरे कारण मुख्यमंत्री बने और अब पूछ रहे हैं कि मोदी जी ने नौ साल में क्या किया।
उन्होंने कहा कि पलटू बाबू नीतीश कुमार पूछ रहे थे कि 9 साल में क्या किया?
नीतीश बाबू जिनके साथ इतना बैठे, जिनके कारण मुख्यमंत्री बने उनका थोड़ा लिहाज करिए। मोदी जी ने इन नौ सालों में बहुत काम किया है।

### 'छलिया नीतीश, पीएम बनने के लिए कर रहे आगे-पीछे'

**ललन** सिंह के गढ़ में गृह मंत्री अमित शाह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि नीतीश बाबू से पूछना चाहता हूं, आपने अपनी तरफ से क्या किया? आप छलिया हैं और हर समय छल ही करते हैं। आज प्रधानमंत्री बनने के लिए लालू और राहुल के आगे पीछे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपके साथ 20 पार्टियां हैं, जिन्हें पटना बुलाया गया। ये सभी 20 लाख करोड़ के घोटाले में शामिल लोग हैं।

## 'पाक: दिन में व्यापार और रात में आतंकवाद बर्दाश्त नहीं'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुधवार** को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और पाक के साथ रिश्तों पर खुलकर बात की। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ बॉर्डर पर हालात अभी भी सामान्य नहीं है। सीमा पर संघर्ष का आपसी संबंधों पर असर पड़ा है। पाकिस्तान को लेकर जयशंकर ने कहा, सीमा पार आतंकवाद के कारण उनके रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। भारत ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं करेगा जहां रात में आतंकवाद होता है और दिन में व्यापार होता है।
**आतंकवाद के चलते पाक से संबंध नहीं:** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ रिश्ते को लेकर एस जयशंकर ने कहा, हम आतंकवाद को सामान्य नहीं होने दे सकते, हम उसे पाकिस्तान के साथ चर्चा का आधार नहीं बनने दे सकते।

### 'चीन के साथ बॉर्डर पर हालात अभी भी सामान्य नहीं'

**पाकिस्तान** के अलावा भारत के दूसरे पड़ोसी देश चीन के साथ संबंधों को लेकर जयशंकर ने कहा, भारत–चीन बॉर्डर पर स्थिति आज भी सामान्य नहीं है। एलएसी पर पिछले तीन सालों से दोनों देशों के सैनिकों के बीच गतिरोध चल रहा है। हालांकि जयशंकर ने चीन को एक बड़ा और अहम पड़ोसी बताया। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि चीन आज बहुत ही महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था और बड़ी शक्ति है।

## बंगाल: 'पंचायत चुनाव को केंद्र कर हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा'

**कोलकाता।** पंचायत चुनाव से पहले राज्य में हालिया हिंसा पर कड़ा रुख अपनाते हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि वह इसे अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। राज्यपाल बोस ने कहा कि उनका उद्देश्य यह देखना है कि राज्य की स्थिति तुरंत बदले। राज्यपाल बोस ने कहा, "मेरा उद्देश्य यह देखना है कि राज्य में स्थिति तुरंत बदले। हम इसे अब और बर्दाश्त नहीं कर सकते, हम इसे और बर्दाश्त नहीं करेंगे।" इससे पहले, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने पंचायत चुनाव से पहले राज्य में हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार की आलोचना की थी।

## अमरनाथ यात्रा: कल रवाना होगा पहला जत्था

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**1 जुलाई** से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा इस बार पूरी तरह तंबाकू मुक्त होगी। जम्मू-कश्मीर स्वास्थ्य विभाग ने 28 जून को एक आदेश जारी किया है, जिसमें नेशनल टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम के तहत अमरनाथ यात्रा को तंबाकू मुक्त बनाने कहा गया है। आदेश के तहत यात्रा में पड़ने वाले सभी पड़ावों पर तंबाकू प्रोडक्ट्स की बिक्री पूरी तरह बैन रहेगी।
गांदरबल और अनंतनाग जिले की डिस्ट्रिक्ट सेल इस काम में प्रशासन की मदद करेगी। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने भी नियम बनाए हैं, जिनके तहत हाई रिस्क वाले ढाई किमी के रास्ते में यात्रियों को हेलमेट पहनना होगा। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 30 जून को जम्मू भगवती नगर बेस कैम्प से घाटी के लिए रवाना होगा।



**श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं को मुफ्त हेलमेट देगा:** पिछले साल पवित्र गुफा के पास बादल फटने से बाढ़ आ गई थी, इसे देखते हुए इस बार सावधानी बरती जा रही है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के CEO मनदीप कुमार भंडारी के मुताबिक, लैंडस्लाइड और पत्थर गिरने की घटनाओं को देखते हुए इस बार हाई रिस्क जोन वाले ढाई किमी के रास्ते में यात्रियों को हेलमेट अनिवार्य किया गया है।
इतना ही नहीं जो लोग खच्चर से जाएंगे उनके लिए भी हेलमेट जरूरी होगा।

**सुरक्षा पुख्ता**

**अमरनाथ यात्रा में तंबाकू बैन, लैंड स्लाइड के चलते ढाई किमी का सफर हेलमेट पहनकर करना होगा**

## अजनाला हिंसा: अमृतपाल के साथियों के खिलाफ चालान पेश

**यह चालान अजनाला कोर्ट में अमृतपाल सिंह के 20 साथियों के खिलाफ किया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में अजनाला पुलिस स्टेशन पर वारिस पंजाब दे मुखी अमृतपाल सिंह व साथियों की तरफ से की गई हिंसा मामले में पुलिस ने चालान पेश कर दिया है। यह चालान अजनाला कोर्ट में अमृतपाल सिंह के 20 साथियों के खिलाफ किया गया है। इस मामले में पुलिस ने 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर रखी है। कोर्ट में पेश चालान गुरपाल सिंह व अन्य के नाम से किया गया। डिब्रूगढ़ जेल में होने के कारण वारिस पंजाब दे के मुखी अमृतपाल सिंह के खिलाफ अभी चालान पेश नहीं किया गया। जल्द ही उसके खिलाफ कोर्ट में सप्लिमेंट्री चालान पेश किया जाएगा।

## अब पायलट को पद देने की तैयारी...

**फॉर्मूला तैयार**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**छत्तीसगढ़** में टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाने के बाद अब कांग्रेस हाईकमान राजस्थान को लेकर फैसला करने की तैयारी में है। सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चुनावों से पहले खींचतान मिटाने के फॉर्मूले पर काम लगभग पूरा हो चुका है। अब सचिन पायलट को पद देकर मुख्य धारा में लाने की तैयारी चल रही है। पायलट के सियासी पुनर्वास पर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। इसके लिए तीन विकल्पों पर विचार चल रहा है। राहुल गांधी के मणिपुर दौरे से लौटने के बाद हाईकमान कदम आगे बढ़ाएगा।



**टफिर शेयरिंग फॉर्मूला तैयार:** कांग्रेस हाईकमान विधानसभा चुनावों का कैंपेन शुरू होने से पहले गहलोत-पायलट का झगड़ा सुलझाना चाहता है। इसके लिए फिर शेयरिंग फॉर्मूला तैयार किया गया है।
अब इसे लागू करने की एक्सरसाइज शुरू हो चुकी है। पार्टी हाईकमान को यह फीडबैक मिलता रहा है कि पायलट खेमे को साथ लिए बिना सरकार के खिलाफ नाराजगी कम नहीं होगी।

**कांग्रेस हाईकमान ने तैयार किए विकल्प, राहुल गांधी से चर्चा के बाद होगा सचिन पायलट पर फैसला**

**हमला बोला**

### कांग्रेस किसानों व बागवानों के साथ किसी भी संघर्ष के लिए खड़ी हैं: प्रतिभा सिंह

## मोदी सरकार किसान-बागवान विरोधी, सेब पर आयात शुल्क कम करना दुर्भाग्यपूर्ण

**केंद्र निशाने पर**

**पहले ही प्रदेश के बागवान सेब की बढ़ती उत्पादन लागत व अन्य खर्चो की मार सह रहे हैं: प्रतिभा सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा विदेशी सेब पर आयात शुल्क कम करने की आलोचना करते हुए कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार का यह फैसला पूरी तरह किसान व बागवान विरोधी हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पहले ही प्रदेश के बागवान सेब की बढ़ती उत्पादन लागत व अन्य खर्चो की मार सह रहे हैं और उन्हें लागत का भी पूरा मूल्य नही मिल रहा है ऐसे में केंद्र सरकार का सेब पर आयात शुल्क कम करना जले पर नमक छिड़कने के बराबर है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्र की मोदी सरकार सोची समझी रणनीति के तहत किसानों व बागवानों के हितों से खिलवाड़ कर रहा है जो कभी सहन नही होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस फैंसले पर पुनः विचार करने को कहा है। प्रतिभा सिंह ने सेब बागवानों से आयात शुल्क कम करने के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा है कि कांग्रेस किसानों व बागवानों के साथ किसी भी संघर्ष के लिए खड़ी हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में चुनावों के दौरान सेब बागवानों से बड़े बड़े वादे किए थे। उन्होंने कहा कि इसमें विदेशी सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने का भी एक प्रमुख वादा था पर उन्होंने उसके विपरीत इसे कम कर दिया है। इससे साफ है कि उनकी कथनी और करनी में दिन रात का अंतर है। उन्होंने सेब बागवानों से किया अपना कोई भी वादा पूरा नही किया।

### भाजपा ने किसानों व बागवानों की घोर उपेक्षा की

**प्रतिभा** सिंह ने प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार पर भी आरोप लगाया कि भाजपा की पूर्व सरकार ने भी अपने कार्यकाल में किसानों व बागवानों की घोर उपेक्षा की। भारी बढ़ोतरी के साथ साथ बागवानों को मिलने वाली सुविधाओं में भी भारी कटौती की।

## हाउसिंग सोसाइटी में बिना इजाजत जानवरों की कुर्बानी नहीं

**निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने कहा है कि हाउसिंग सोसाइटी में बिना इजाजत जानवरों की कुर्बानी नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बकरीद के मौके पर हाउसिंग सोसाइटी में किसी जानवर की अवैध कुबार्नी न हो। बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस जीतेंद्र जैन की डिवीजन बेंच ने बुधवार रात को अर्जेंट सुनवाई कर यह आदेश दिया। मुंबई के नथानी हाईट्स सोसाइटी में रहने वाले हरेश जैन ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर उनकी सोसाइटी में जानवरों की कुर्बानी पर बैन लगाने की अपील की थी। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि नथानी हाईट्स सोसाइटी में कुर्बानी तभी दी जा सकती है, जब प्रशासन ने इसकी इजाजत दी हो।
कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इसलिए, बीएमसी के अधिकारी पुलिस कर्मियों की मदद से सोसाइटी में जानवरों की अवैध कुर्बानी रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं। बीएमसी ने कोर्ट को बताया कि अधिकारी सोसाइटी में जाकर जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेंगे।
**विनय नगर सोसाइटी में बकरा लाने पर भी हुआ था विवाद:** मुंबई के मीरा रोड इलाके में विनय नगर सोसाइटी में भी बकरा लाने पर विवाद हुआ था।



**बीएमसी ने कोर्ट को बताया कि सोसाइटी में जाकर जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेंगे**

# इतिहास में दानवीर कर्ण के बाद भामाशाह का नाम आता है :राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**इतिहास में दा**न के पर्याय के रूप में प्रसिद्ध सेठ भामाशाह की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि भामाशाह जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाये और इस दिन व्यापारी कल्याण के लिए नई योजनाओं की शुरूआत की जाये।लाला लाजपत राय अनाज मंडी सिथत महाराजा अग्रसेन परिसर में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, व्यापर मंडल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं होलसेल ट्रेडर्स मंडी असोसिएशन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की और भामाशाह अमर रहे के नारे लगाए। सेठ भामाशाह की सेवाओं को याद





करते हुए पूर्व मंत्री डॉक्टर कविता जैन ने कहा कि राष्ट्र के लिए तन, मन, धन समर्पित करके भामाशाह ने महाराणा प्रताप को नई ऊर्जा के साथ मुगलों के विरुद्ध युद्ध के लिए तैयार किया और उन्ही प्रयासों से मुगलों के क्रूर शाषन का अंत हुआ। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि इतिहास में दानवीर कर्ण के बाद भामाशाह का नाम आता है और उन्होंने मात्र 33 वर्ष की आयु में सारी सम्पति 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं तथा 25 लाख रुपए सेना के 12 वर्षों तक के खर्च के लिए समर्पित कर दिए !
उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने व्यापर बंद होने के बावजूद कोरोना काल में भूखे को अन्न, कपडा, दवाई प्रदान करके भामाशाह कि प्रेरणा को सार्थक किया ! जिला व्यापर मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग को आवशयक्ता अनुसार दान देना ही सर्वश्रेष्ठ दान है ! शाम के समय व्यापारियों ने भामाशाह मार्ग सिथत महाराणा प्रताप चौक पर मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की ! जयंती समारोह में नवीन मंगला, अनिल गुप्ता, यशपाल तनेजा, राजेश

**याद किया**

**⏩ 33 वर्ष की आयु में 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं तथा 25 लाख रुपए सेना के 12 वर्षों तक के खर्च के लिए समर्पित कर दिए**

चोपड़ा, सरदार बलबीर सिंह, प्रदीप बंसल, सुरेश गुप्ता, अजय गोयल, संजय वर्मा, पवन गोयल, नरेंदर धवन, रविंदर सरोहा, अरविन्द मित्तल, जितेंद्र गुप्ता, पवन, राजीव अग्रवाल, हरी प्रकाश मंगला, प्रेम नारायण गुप्ता, सरदार मोहन सिंह मनोचा, पार्षद सुरेंदर मदान, अनिता गुप्ता आदि सैंकड़ो व्यक्ति उपस्थित रहे !

# विकास कार्यों के लिए 2.39 करोड़ रुपए की राशि मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से गांव पंजोखरा साहिब सहित अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से ज्यादा गांवों में ग्राम विकास योजना के तहत 2.39 करोड़ रुपए की राशि से ढेरों विकास कार्य होंगे। श्री विज ने बताया कि इन विकास कार्यों को कराने के लिए सरकार द्वारा 2.39 करोड़ रुपए की राशि मंजूर हो चुकी है और आने वाले समय में बहुत जल्द इन कार्यों को प्रारंभ किया जाएगा। इस राशि से अलग-अलग गांवों में ई-लाइब्रेरी खोली जाएगी। इसी तरह गोहर पक्के होंगे वहीं गांवों में कई शमशानघाटों की हालत में सुधार एवं अन्य कई कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को कराने के लिए वह कृत संकल्प है और इसके लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि गोहर पक्के होने से लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी और ग्रामवासियों का इसका लाभ मिलेगा। इसी प्रकार अलग-अलग गांवों में ई-लाइब्रेरी खुलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा।
गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज के अथक प्रयासों से इन विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि को मंजूर कराया जा सका है और इससे पहले भी विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए गए हैं जिनका अब जनता को लाभ मिल रहा है।
**पंजोखरा साहिब गांव में 1.44 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्यट** - गांव पंजोखरा साहिब में 1.44 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य होंगे जिनमें तिसम्बली रोड से रघुबीर सिंह के खेतों में फिरनी पक्की होगी। इसी प्रकार गुलजार सिंह के खेतों से जरनैल सिंह के खेतों तक, नारायणगढ़ रोड से गुरनाम सिंह के खेतों तक,



**जल्द**

**⏩ ई-लाइब्रेरी खुलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा**

खतौली रोड से शीतल सिंह के खेतों तक, तोपखाना रोड से जोगिंद्र सिंह के खेतों तक, खतौली रोड से हरनेक सिंह के खेतों तक, नारायणगढ़ रोड से शमशेर सिंह के खेतों तक गोहर पक्के होंगे। इसी तरह पंजोखरा साहिब के अलग-अलग शमशानघाटों में शैड, इंटरलाकिंग टाइल्स, बाउंडरी वॉल, बरामदा एवं अन्य कार्य होंगे।
**इन गांवों में खुलेगी ई-लाइब्रेरी खुलेगी एवं अन्य विकास कार्य होंगे**-गांव ब्राह्मण माजरा में लाखों रुपए की लागत से ई-लाइब्रेरी के लिए कम्यूनिटी हॉल को अपडेट किया जाएगा साथ ही गोहर पक्के होंगे। इसी प्रकार गांव गरनाला में ई-लाइब्रेरी निर्माण के लिए ग्राम सचिवालय को अपग्रेड किया जाएगा जबकि शमशानघाट में बाउंड्री वॉल को बनाया जाएगा। गांव खतौली में लाखों रुपए की लागत से ई-लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए वाल्मीकि चौपाल को अपग्रेड किया जाएगा। गांव टुंडली में भी ई-लाइब्रेरी के लिए ग्राम सचिवालय को लाखों रुपए की लागत से अपग्रेड किया जाएगा।

## बच्चे उच्चस्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं : ओमप्रकाश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**। इस इलाके के बच्चे आज आईएएस, आईपीएस, आईआईटी व अन्य परीक्षाओं में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। यह इलाके के लिए खुशी की बात है। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने यादव कल्याण सभा नारनौल में विभिन्न परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए कही। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में पढ़ाई के लिए उचित व्यवस्था नहीं थी इसलिए यहां के बच्चे सिर्फ फौज, पुलिस व लिपिक की भर्ती तक ही सीमित थे।

# झांसा देकर प्लाट बेच रहे प्रोपर्टी डीलरों से रहे सावधान- रतन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा जिला अम्बाला के अर्बन एरिया अम्बाला छावनी के गांव बरनाला, तहसील अम्बाला छावनी व जिला अम्बाला में लगभग 3.0 एकड़ भूमि (खसरा न0 31//9, 10/2/2, 11/2, 12 ईटीसी) पर अवैध रूप से काटी गई कालोनी में तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई जिसमें मिटटी की सडकों के जाल को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौका पर डयूटी मैजिस्ट्रेट रतन सिंह गर्ग, उपमण्डल अभियंता, जनस्वाथ्य एवं अभियांत्रिकी, अम्बाला, जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियन्ता रविन्द्र, भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित रहे तथा तोड-फोड के दौरान आमजन को अवगत करवाया गया कि उपरोक्त



किला खसरा न. में प्रोप्रट्री डिलरों द्वारा अवैध कालोनी काटने हेतू कच्ची सडकों का निर्माण किया गया था। जिसे विभाग द्वारा तोड़ा जा रहा है। इसलिए उपरोक्त भूमि के खसरा न. अच्छी तरह नोट कर लें कि इसमें किसी प्रकार की खरीद-फि रोखत न करें। क्योंकि प्रोप्ट्री डीलर कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं जिनसे पूरी तहर सचेत रहने की आवश्यकता है। अतः सभी को सूचित किया जाता है इस प्रकार के किसी भी झांसे में ना आए तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करें। ऐसी अवैध कलोनियों/अवैध निर्माण के खिलाफ और विभाग द्वारा और ज्यादा सख्ती के साथ कार्यवाही की जाएगी। अवैध कालोनी काटने वाले कॉलोनाइजरों/भू-माफीया के खिलाफ मुकदमें भी दर्ज करवाएं जाएगें। जिला नगर योजनाकार

**सावधानी**

**⏩ भूमि के खसरा न. अच्छी तरह नोट कर लें कि इसमें किसी प्रकार की खरीद-फरोख्त न करें**

अम्बाला द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा रिहायशी जोन में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत 5 एकड़ में रिहायशी कालोनी विकसित करने हेतू पॉलिसी जारी की हुई है।
जिसमें ईडीसी के चार्जजेस न के बराबर है। इसलिए अवैध कालोनी काटने वालों से अनुरोध है कि उपरोक्त पॉलिसी के तहत सरकार से नियमानुसार अनुमति लेकर कालोनी विकसित करें ताकि शहर को सुव्यस्थित तरीके से विकसित किया जा सके।

# तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के किए चालान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवम यातायात के नियमों की पालना हेतू शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लेन ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वालों व तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर क्षेत्र में 02, थाना सदर अम्बाला क्षेत्र में 35, थाना सैक्टर-09 अम्बाला शहर क्षेत्र में 00, थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र में 22, थाना नग्गल क्षेत्र में 41, थाना बलदेव नगर क्षेत्र में 50, थाना पंजोखरा क्षेत्र में 00, थाना पड़ाव क्षेत्र में 38, थाना साहा क्षेत्र में 19, थाना शहजादपुर क्षेत्र में 15, थाना मुलाना क्षेत्र में 35 थाना नारायणगढ़ क्षेत्र में 0, थाना बराड़ा क्षेत्र में 2, थाना महेशनगर क्षेत्र में 15, महिला पुलिस थाना अम्बाला शहर 0, महिला पुलिस थाना

**सख्ती**

**⏩ चालकों के चालान करते हुए अम्बाला पुलिस ने कुल 569 वाहन चालकों के चालान किए**

नारायणगढ 3, सीआईए शहजादपुर न 2, यातायात पुलिस थाना मोहड़ा ने 255 व 5 चालान तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के चालान करते हुए अम्बाला पुलिस ने कुल 569 वाहन चालकों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह सड़क सुरक्षा हेतू यातायात के नियमों की पालना करें। वाहन चालक यातायात के नियमों की पालना करें और गलत दिशा में वाहन ना चलाऐं।

# 'ईद का त्यौहार त्याग, विश्वास का प्रतीक'

**टीम एक्शन इंडिया अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता रोहित जैन ने ईद उल अजहा के अवसर अम्बाला सिथत जामिया दारुस सलाम में साथियों के साथ शिरकत कर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद देते हुए कहा ईद उल अजहा का त्यौहार त्याग, विश्वास, और क्षमा के महान मूल्यों का प्रतीक है क
उन्होंने इस पावन पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा ईद उल अजहा या बकरीद एक पवित्र अवसर है, जिसे 'बलिदान का त्योहार' भी कहा जाता है ! जहां लोग अपने परिवारों के



साथ जश्न मनाते हैं, पुरानी शिकायतों को दूर करते हैं और एक-दूसरे के साथ सार्थक संबंध बनाते हैं ! यह पैगंबर अब्राहम की ईश्वर के लिए सब कुछ बलिदान करने की इच्छा की स्मृति के रूप में मनाया जाता है ! जैन ने कहा कि दुनिया भर में ईद की परंपराएं और उत्सव अलग-अलग हैं और विभिन्न देशों में इस महत्वपूर्ण त्योहार के लिए अद्वितीय सांस्कृतिक दृष्टिकोण हैं !
उन्होंने कहा भारत अकेला देश होगा जहां सारे धर्मों के धर्मावलंबी रहते हैं।

# सुरजेवाला का जनता गर्म जोशी से कर रही स्वागत : बवेजा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला का कैथल की जनता गर्मजोशी से स्वागत कर रही है। कैथल विधानसभा के बाद सुरजेवाला हरियाणा प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में जाएंगे। जनता रणदीप सुरजेवाला को प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। बवेजा ने कहा कि रणदीप सुरजेवाला प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री है। सुरजेवाला जनता की समस्याओं को उजागर करते है और जनहित में सरकार की आमजन विरोधी नीतियों को लेकर देश व प्रदेश सरकार को घेरते रहते है। बवेजा ने कहा कि रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस के सच्चे सिपाही है। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को रणदीप सुरजेवाला कैथल का जाट धर्मशाला, वार्ड 29 व पंचायत घर, गांव रोहेड़ा, कलायत में नागरिक अभिनंदन होगा।

## सरकार ने वेतन नहीं बढ़ाया तो पांच से शुरू होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़**। लिपिकीय वर्ग समीक्षा आधार पर वर्ग में लिपिक का न्यूनतम वेतन 35400 रुपये करने की मांग पर यदि चार जुलाई तक सरकार कोई फैसला नहीं लेती है तो पांच जुलाई को सभी लिपिक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जाएंगे। उपरोक्त विचार क्लेरिकल एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री अमित यादव ने कहीं। अमित यादव ने बताया कि क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी हरियाणा के बैनर तले 18 जून को करनाल के फव्वारा पार्क में हरियाणा के सभी विभागों, बोर्डों, निगमों और विश्वविद्यालयों के लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों ने हजारों की संख्या में पहुंचकर 35400 वेतन की मांग को लेकर पहले मीटिंग की और फिर दोपहर को सभी कर्मचारी रोष प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए निकल पड़े थे। पैदल मार्च करते हुए जब लिपिकीय कर्मचारी आंबेडकर चौक पहुंचे तो वहां पुलिस प्रशासन ने बेरिकेड्स लगाकर रोका लिया, लेकिन कर्मचारी बीच सड़क पर बैठकर ही अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे और कुछ देर बाद बहुत से कर्मचारी चौक से आगे की और बढ़ गए। तभी वहां पर कर्मचारियों की मांगों को सुनने के लिए करनाल की महापौर रेणुबाला गुप्ता व मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बाठला पहुंच गए।

# केयू के तीन खिलाड़ियों का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में चयन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तीन प्रतिभाशाली वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन चीन के चेंगदू में 28 जुलाई से शुरू होने वाली प्रतिष्ठित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 में हुआ है तथा यह प्रतियोगिता 08 अगस्त तक चलेगी। इस अवसर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने खिलाड़ियों, कोच एवं खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती को बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने खेलों के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इस बार केयू ने छठा स्थान हासिल किया।
कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के इन खिलाड़ियों का चयन उनके असाधारण कौशल और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि केयू अपने खिलाड़ियों को खेलों के क्षेत्र में हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। चयनित खिलाड़ियों में डीएवी कॉलेज करनाल से सावन, समीर चौधरी और भगवान

**नाम रोशन करेंगे**

**⏩ डॉ. राजेश सोबती को बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े गर्व का विषय है**

परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र से अमन कुमार शामिल है जोकि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करेंगे।
केयू कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की उल्लेखनीय प्रतिभा को उजागर करती है बल्कि खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। तीनों ही चयनित खिलाड़ी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ी हैं तथा इनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण केयू ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है।

# नारायणगढ़ के गांव डेरा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) नारायणगढ़** उपमंडल के तहत गांव डेरा स्थित सामुदायिक भवन में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त डा. शालीन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यहां पहुंचने पर गांव के सरपंच बलजीत सिंह व अन्य गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उपायुक्त ने सामुदायिक भवन के प्रांगण में बड़, पीपल व त्रिवेणी का पौधा लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया।
जन संवाद कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित गांववासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को किए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि ग्रामीणों की जो भी समस्या, विकास कार्य या अन्य कोई प्रार्थना पत्र है वह यहां पर निसंकोच रख सकता है। उनके घर-द्वार पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों को आश्वासन



दिलाया कि जन संवाद कार्यक्रम में जो शिकायतें प्राप्त होंगी उन पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी।
जन संवाद कार्यक्रम के दौरान गांव डेरा के सरपंच बलजीत सिंह ने गांव के मुख्य मार्ग पर पानी निकासी की समस्या बारे, झिडीवाला रोड़ की मरम्मत करने बारे, गांव काला आम्ब की सरपंच उषा रानी ने शिवालिक कालोनी के पास नाले को पक्का करवाने बारे, शिवालिक कालोनी के नजदीक पुल पर अवैध कब्जा हटवाने बारे, सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत कर्मचारी उपलब्ध करवाने बारे, काला आम्ब में पेयजल की बेहतर आपूर्ति के लिए नई पाईप

**सुनवाई**

**⏩ संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रार्थियों की शिकायतों के दृष्टिगत अलग से व्यवस्था भी की गई थी सम्बन्धित व्यक्ति की शिकायत का पंजीकरण भी किया जा रहा था**

लाईन डलवाने बारे, काला आम्ब चौकी में बरसात के सीजन में जल भराव की समस्या बारे, उप स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर की नियुक्ति करने बारे तथा अन्य समस्याओं बारे लिखित प्रार्थना पत्र देकर उपायुक्त को अवगत करवाया। इस मौके पर सम्बन्धित शिकायतों के संबध में सम्बन्धित अधिकारियों ने जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी रिपोर्ट भी दी। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रार्थियों की शिकायतों के दृष्टिगत अलग से व्यवस्था भी की गई थी जिस पर सम्बन्धित व्यक्ति की शिकायत का पंजीकरण भी किया जा रहा था। इस दौरान गांव डेरा की ब्लॉक समिति की ओर से गांव के तालाब की चारदीवारी को पक्का करने बारे, एक प्रार्थी की विधवा पैंशन लगवाने बारे, गांव के नजदीक एक निजी कंपनी का गंदा पानी मारकण्डा नदी में डालने की समस्या बारे अपनी शिकायत रखी। बीडीपीओ संजय टांक ने इस दौरान बताया कि तालाब की चारदीवारी का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा टेकओवर करके किया जायेगा। इसके साथ-साथ निजी कंपनी द्वारा जो गंदा पानी मारकण्डा में डाला जा रहा है उस बारे उसे नोटिस दिया गया है। यदि इसके बावजूद कोई समस्या आती है तो कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान काला आम्ब स्थित कई दुकानदारों ने दुकानों से सम्बन्धित जगह के तहत हरियाणा व हिमाचल की परिधि में निशानदेही करवाने में आ रही समस्या बारे उपायुक्त को अवगत करवाया। उपायुक्त ने सम्बन्धित दुकानदारों को बताया कि यह बात उनके संज्ञान में हैं, हरियाणा व हिमाचल की काला आम्ब की बाउंड्री की तहत जो यह विषय है राज्य स्तर पर उसे टेक ओवर करने का काम किया जा रहा है।

# डिप्टी सीएम ने पूरा किया दादरी शहरवासियों से किया वादा

## शहर की पेयजल व सीवरेज दुरुस्ती के लिए 155 .56 करोड मंजूर

**समस्या खत्म**

**सबसे बड़ी समस्या ठप सीवरेज सिस्टम और सीवरेज मिश्रित पेयजल सप्लाई से छुटकारा मिलेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/चरखी दादरी**
प्रदेश के मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गत 21 जून को दादरी शहर में जनसंपर्क अभियान के दौरान शहरवासियों से किए वायदे को पूरा करवा दिया हैं। अब दादरी शहर वासियों को सबसे बड़ी समस्या ठप सीवरेज सिस्टम और सीवरेज मिश्रित पेयजल सप्लाई से जल्द ही छुटकारा मिलने वाला है। प्रदेश सरकार ने दादरी शहर की सीवरेज व्यवस्था व पेयजल सप्लाई को दुरुस्त और प्रभावशाली करने के लिए 155. 56 करोड रुपए के बड़े बजट को स्वीकृति प्रदान कर दी है।
प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति के प्रपोजल के अनुसार अब दादरी शहर में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। स्वीकृत प्रपोजल के अनुसार अब शहर के दिल्ली रोड पर स्थित एसटीपी को की क्षमता को बढ़ाकर 7.5 एमएलडी किया जाएगा। इसके अलावा तिकोना पार्क स्थित आईपीएस को पूर्णता नवीनीकृत किया जाएगा। तिकोना पार्क आईपीएस से लेकर दिल्ली रोड एसटीपी तक नई और अधिक क्षमता की पाइपलाइन भी लगाई जाएगी। ताकि शहर के सीवरेज के पानी को एसटीपी तक पहुंचाने में किसी तरह की परेशानी ना हो। जनस्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा तैयार किए गए प्रपोजल के अनुसार शहर से रविदास नगर क्षेत्र के सीवरेज लाइनों को एमसीएच हस्पताल के पास स्थित आईपीएस से जोड़ा जाएगा। जिससे पुराना शहर में मौजूद सीवरेज समस्या को दूर किया जा सकेगा। जनस्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को बताया कि दादरी शहर में सीवरेज मिश्रित पेयजल सप्लाई भी एक बहुत बड़ी समस्या है। जिसके समाधान के लिए एक प्रभावशाली प्रपोजल तैयार किया गया है। विभाग द्वारा बनाए गए प्रपोजल के अनुसार दादरी शहर में तो 115 करोड़ रुपए खर्च किए जाएगा। विभाग द्वारा तैयार किए गए प्रपोजल में 3 अतिरिक्त स्टोरेज टैंक बनाए जाएंगे। जिनमें से 2 टैंक कपूरी स्थित जल घर में तथा एक टैंक चंपापुरी स्थित जलघर में बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 2 नए बूस्टिंग स्टेशन भी दादरी शहर में बनाने को सरकार ने स्वीकृति दी हैं। जिससे शहर की शहर की नई कॉलोनियों में चल रही पेयजल किल्लत को दूर किया जा सकेगा। नए बनाए जाने वाले दो बूस्टिंग स्टेशनों में से एक बूस्टिंग स्टेशन रावलधी बाईपास स्थित फायर स्टेशन के पास तथा दूसरा पुराने शहर को लोहारू रोड से जोड़ने वाले वाली सड़क पर बनाया जाएगा।




### पूर्व विधायक ने उप-मुख्यमंत्री का जताया आभार

**पानी** निकासी करवाने की मांग की शहर के सीवरेज और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के लिए आवश्यक बजट जारी करवाने पर दादरी के पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने आज चंडीगढ़ में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार जताया और हाल ही में हुई बरसात से शहर में बने जलभराव की स्थिति से निजात दिलाने की मांग की। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा सिविल सचिवालय में जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की और दादरी शहर से बने बाढ़ के हालात पर काबू पाने के लिए विभाग द्वारा किए गए प्रबंध की जानकारी ली। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दादरी शहर के बाजारों में भरे पानी को अगले 24 घंटे के अंदर हर हाल में खाली किया जाए। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि आने वाले बरसात के समय में भी दोबारा ऐसी स्थिति पैदा ना हो इसके लिए जरुरी प्रबंध तुरंत प्रभाव से किए जाएं।

# सीएम फ्लाइंग ने फूड फैक्ट्री पर की छापेमारी, खाद्य सामग्री को करवाया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**गुरुवार** को सीएम फ्लाइंग की टीम ने फूड सेफ्टी विभाग की टीम के साथ अशोक नगर स्थित एक फैक्ट्री में छापेमारी की और खाद्य पदार्थों के सेम्पल लिए। टीम ने यहां से काफी मात्रा में खराब हुआ खाद्य पदार्थ बरामद किया, जिसे टीम ने नष्ट करवा दिया। कार्रवाई से आसपास क्षेत्र में बनी फैक्ट्री संचालकों में भी हडकंप मच गया। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भंवर सिंह व सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह की टीम माजरा रोड पर स्थित सिंगला फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री पर रेड की। सीएम फ्लाइंग अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने आज फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों के साथ अशोक नगर स्थित सिंगला फूड प्रोडक्टस पर छापेमारी की। फैक्ट्री मालिक के पास खाद्य पदार्थ बनाने का लाइसेंस था और यहां भुजिया व कोल्ड ड्रिंक बनाई जा रही थी। टीम ने यहां से मैंगो ड्रिंक, लेमन व नमकीन के 5 सैम्पल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा है। लैब रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी कार्यवाही की जाएगी।
अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान फैक्ट्री की बेसमेंट से काफी मात्रा में खराब हो चुकी गोली-टॉफियां व अन्य सामान बरामद हुआ था।



# 31 जुलाई तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर मिलेगी छूट

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स** की राशि 31 जुलाई, 2023 तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी वर्गों को काफी राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाईन हो चुका है।

# फिंगर प्रिंट से अपराधियों पर शिकंजा

**सफल हुआ**

**नेफिस सिस्टम से मिली बड़ी सफलता, प्रदेश पुलिस ने की 11 डेड बॉडीज की पहचान**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हर इंसान की शक्ल की तरह उसके फिंगरप्रिंट भी अलग अलग पाए जाते है। किसी भी दो इंसान के फिंगरप्रिंट एक जैसे नहीं होते है। जन्म के साथ ही व्यक्ति के जो फिंगरप्रिंट होते हैं, वे ताउम्र वैसे ही रहते हैं, इनमें चोट लगने या किसी अन्य वजह से भी इनमें बदलाव नहीं होता। फिंगर प्रिंट्स को इंसान की यूनिक आईडी माना जाता है और अब इसी विधि का फायदा प्रदेश पुलिस भी उठा रही है। वैसे तो फिंगरप्रिंट का उपयोग पुलिस शुरू से ही अपराधियों की धरपकड़ के लिए किया जाता रहा है। परन्तु अब अज्ञात शवों की पहचान उजागर करने का काम भी फिंगर प्रिंट्स की सहायता से किया जा रहा है।
प्रदेश पुलिस में इसकी जिम्मेदारी स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो, हरियाणा पर है जिसने पिछले एक वर्ष में लगभग 11 डेड बॉडीज की पहचान उजागर करने में सफलता हासिल की है। इनमें से 7 डेड बॉडीज प्रदेश के अलग अलग थानों में दर्ज आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की है और अन्य 4 डेड बॉडीज अन्य राज्यों से संबंधित है।
नेफिस सिस्टम में हर उस आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का डेटा उपलब्ध है जो किसी न किसी अपराध में या तो गिरफ्तार हुए है या फिर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022-23 में स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने तकरीबन 31,451 विभिन्न गिरफ्तार, सजायाफ्ता अपराधियों और लावारिस डेड बॉडीज और मौका ए वारदात से उठाये गए फिंगर प्रिंट डेटाबेस में अपलोड किये हैं।
**7 डेड बॉडीज प्रदेश से, 4 की अन्य राज्यों के निवासी के तौर पर हुई पहचानः** प्रवक्ता ने बताया कि स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो को फरीदाबाद, जींद, करनाल, सोनीपत, सिरसा, अम्बाला आदि जिलों से विभिन अज्ञात शव प्राप्त हुए थे, जिनकी पहचान करने में समस्या आ रही थी। सभी प्रिंट्स को नेफिस के सिस्टम से मैच किया गया तो तकरीबन 11 शवों की पहचान करने में सफलता हासिल की है। 11 डेड बॉडीज में से 7 हरियाणा के ही ट्रेस हुए व अन्य 4 दिल्ली, तेलंगाना और पंजाब राज्यों से सम्बंधित है। नेफिस सिस्टम में पूरे देश के गिरफ्तार, सजायाफ्ता अपराधियों और लावारिस डेड बॉडीज और मौका ए वारदात से उठाए गए फिंगर प्रिंट डेटाबेस उपलब्ध है, जिससे मैच करने से अज्ञात शवों की पहचान करने में आसानी हो जाती है। प्रवक्ता ने बताया कि एससीआरबी में वर्ष 2022 और वर्ष 2023 में मई माह तक विभिन्न केसों में 87 डाक्यूमेंट्स प्राप्त हुए थे। कई केसों में महत्वपूर्ण कागजातों की प्रमाणिकता की जांच की जाती है।

# चंद्रशेखर से मिलने पहुंचे साक्षी-बजरंग

## दोषियों को कड़ी सजा हो, बृजभूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले रेसलर्स को दिया था समर्थन

**हाल जाना**

**बजरंग ने चंद्रशेखर पर हमले की घटना को बताया निंदनीय और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

**टीम एक्शन इंडिया /पानीपत/देवबंद**
भीम आर्मी प्रमुख और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर पर बुधवार शाम को गोली मार कर जानलेवा हमला किया गया। गनीमत रही कि गोली उनको छूकर निकल गई। घायल अवस्था में उन्हें देवबंद के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां वे उपचाराधीन है। गुरुवार को चंद्रशेखर से मिले पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया पहुंचे। बजरंग ने चंद्रशेखर पर हमले की घटना को बताया निंदनीय और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग। उन्होंने कहा कि आज सच की लड़ाई लड़ने वालों पर ही हमले हो रहे हैं। हमारी यही मांग है कि हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। चंद्रशेखर ने हर बार खुलकर साथ दिया है। इसी नाते जब यह पता लगा कि उन पर जानलेवा हमला हुआ है तो वह भी अपने को रोक नहीं सके।
वहीं साक्षा मलिक ने कहा कि दोषियों को कड़ी-कड़ी से सजा मिलनी चाहिए। जो आदमी हर किसी के साथ खड़ा रहता है, उस पर हमला होना बहुत दुखद व निंदनीय है। बता दें कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने देने वाले पहलवानों को चंद्रशेखर ने समर्थन दिया था।



# गुंडागर्दी पर रोक नहीं लगी तो दुकानों पर काले झंडे लगा करेंगे विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के शहर रतिया में बढ़ रही गुंडागर्दी की घटनाओं व नए बस स्टैंड के पास एक दुकान के नौकर की मारपीट मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सर्व समाज व शहरवासियों की एक मीटिंग भोजाराम धर्मशाला में हुई। इसके बाद गुरुवार को सेंकड़ों की संख्या में शहरवासियों ने सिटी थानाध्यक्ष से मुलाकात की। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर सोमवार तक गुंडागर्दी पर रोक नहीं लगाई गई और मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो शहरवासी अपनी दुकानों पर काले झंडे लगाएंगे और बाजार बंद करेंगे। थानाध्यक्ष ने सोमवार तक आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। भोजाराम धर्मशाला में आयोजित मीटिंग में अग्रवाल सभा प्रधान प्रमोद बंसल, पंजाबी सभा के अध्यक्ष सतीश हांडा, इनेलो नेता हरबंस खन्ना, नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि महेश खन्ना कालू, विज्ञान सागर बाघला, डॉ. हंसराज मेहता, कृष्ण तनेजा, राजेश सेतिया, रमेश जताना, फतेहचंद अलीका, संजय मक्कड़, नरेंद्र बजाज, प्रमोद रिंका, सिप्पा जिंदल, हैप्पी सेठी, विजय गर्ग, राजीव सूद, पुजारा लाल चुघ के अलावा अनेक दुकानदारों व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

# अमृतसर-जामनगर एसप्रेस-वे लाएगा आमजन के जीवन में परिवर्तन- सुभाष

**क्षेत्र को बढ़ावा**

**एक्सप्रेस-वे के साथ लगती बेल्ट का एरिया जिसमें डबवाली शामिल है, कॉटन के लिए प्रसिद्ध है**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे से औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, इससे आमजन के जीवन में परिवर्तन आएगा। इस एक्सप्रेस-वे के साथ लगते क्षेत्र के लोगों को विशेष रूप से फायदा होगा। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे के साथ लगती बेल्ट का एरिया जिसमें डबवाली शामिल है, कॉटन के लिए प्रसिद्ध है। गुजरात में भी कॉटन अधिक होता है, इसलिए यहां कॉटन इंडस्ट्री को भी बढ़ावा मिलेगा। यह बात हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला ने आज डबवाली में अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ अन्य विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियां भी बताई। श्री बराला ने बताया कि यह निरीक्षण विकास तीर्थ यात्रा के तहत किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का नौ वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों से लोगों के जीवन में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सडकों के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के जीवन में किस प्रकार से बदलाव लाना है। इस दिशा में अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे मिल का पत्थर साबित होगा। यह एकसप्रेस-वे डबवाली से होकर गुजरेगा, जिससे यहां के औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। अमृतसर से लेकर गुजरात तक एक्सप्रेस-वे की पूरी बेल्ट कॉटन के लिए प्रसिद्ध है। इसलिए डबवाली में कॉटन इंडस्ट्रीज के साथ-साथ यहां पहले से स्थापित स्टील व अन्य इंडस्ट्री को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सड़कों की व्यवस्था को सुधारने के लिए सरकार ने प्रयास तेज कर दिये हैं। अब सिरसा जिले के आखिरी छोर डबवाली से लेकर पानीपत तक करीब 300 किलोमीटर दूरी का फोरलेन सड़क बनाने की तैयारी है। डबवाली से पानीपत तक एक्सप्रेस-वे बनेगा। यह सड़क निर्माण कार्य भारतमाला परियोजना के तहत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे गुजरात के कांडला पोर्ट से जुड़ेगा, इससे विभिन्न उत्पादों के आयात और निर्यात में वृद्धि होगी। एक्सप्रेस वे के नजदीक लगती कई रिफाइनरियों और थर्मल पावर प्लांटों के निकटता क्षेत्र के औद्योगीकरण, कॉर्पोरेट विस्तार और सामाजिक आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलेगा।

# किसानों से धोखाधड़ी कर तीन करोड़ लेकर फरार हुआ

**गिरफ्तार हुआ**

**पुलिस ने इस माह चार जून को दर्ज केस में दुकानदार मंडी आदमपुर निवासी अंकित गिरफ्तार किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**पुलिस** की आर्थिक अपराध शाखा ने जिले के गांव चुली कलां के किसानों के फसल लेन-देन के लगभग तीन करोड़ रुपए लेकर फरार होने वाले दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस माह चार जून को दर्ज केस में दुकानदार मंडी आदमपुर निवासी अंकित गिरफ्तार किया है।
मामले के जांच अधिकारी एएसआई सतीश कुमार ने गुरुवार को बताया कि थाना आदमपुर में गांव चुली कलां के किसानों ने आरोपित सहित मै. राहुल रमेश फर्म, मंडी आदमपुर के खिलाफ उनकी फसल लेन-देन के तीन करोड़ रुपए लेकर भागने की शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उनका मै. राहुल रमेश फर्म मंडी आदमपुर के साथ आढ़त और फसल लेन-देन का काम चलता है।
इन्होंने एक दुकान हमारे गांव चुली कलां और एक मंडी आदमपुर में की हुई है। इनके साथ हमारे रुपए और फसल लेन-देन के तीन करोड़ रुपए बकाया थे। इस संबंध में 25 मई को हमने गांव चुली कलां में भाइचारा पंचायत बुलाई जिसमे इन्होंने मौजिज व्यक्तियों की मौजूदगी में कहा कि हमें पांच जून तक का समय दे दो, हम आपका हिसाब कर देगे।
पंचायत में सभी किसान सहमत हो गए परंतु 27 मई को रमेश अपने परिवार के सदस्यों सहित अपनी दुकानों को ताला लगाकर किसी को बिना बताए कहीं भाग गया। शिकायत के बाद केस दर्ज करके एक आरोपित अंकित को गिरफ्तार किया गया है।



# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई,2023 तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में पिछले दो सालों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 18 वर्ष तक की हो, को वर्ष 2024 के जनवरी माह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में बांटा गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपये की राशि एवं एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी। उसके उपरांत फाइनल सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

# 'पोर्टल हटाओ, खेती बचाओ' का नारा बुलंद कर रहे हैं किसानः हुड्डा

## जो पोर्टल किसानों को एमएसपी और मुआवजे से वंचित किया, वही अब खाद से भी वंचित कर रहाः हुड्डा

**सरकार को घेरा**

**एपीआर स्पेशल गिरदावरी की रिपोर्ट के आधार पर किसानों को मुआवजा देती आई हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पूर्व मुख्यमंत्री** और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी-जेजेपी सरकार किसानों को मुआवजा, एमएसपी और समय पर खाद देने के मामले में पूरी तरह विफल साबित हुई है। लंबे आंदोलन के बाद सरकार ने सूरजमुखी के किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदने का वादा किया था। लेकिन खुद के वादे से मुकरते हुए सरकार ने पोर्टल ही बंद कर दिया। अब किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इसी तरह 1962 रुपए एमएसपी वाली मक्का एक हजार से भी कम रेट पर पिट रही है। इससे पहले सरसों, धान और गेहूं के किसानों को भी घाटे में अपनी फसल बेचने पड़ी थी।
हैरानी की बात है कि हर मामले में पोर्टल सिस्टम फेल होने के बाद सरकार अब इसे खाद पर भी थोपना चाहती है। यानी जो पोर्टल व्यवस्था किसानों को एमएसपी और मुआवजे से वंचित कर रही थी, वह अब खाद से भी वंचित करने जा रही है। मुआवजे के मुद्दे पर बोलते हुए हुड्डा ने कहा कि उन्हें जो डर था आखिरकार वहीं हुआ। बार-बार मांग किए जाने के बावजूद बीजेपी-जेजेपी सरकार ने किसानों को मुआवजा नहीं दिया। सरकार एक बार फिर जानबूझकर किसानों को आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है। चरखी दादरी समेत प्रदेशभर के किसानों का आरोप है कि सरकार ने पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश से हुए नुकसान के एवज में बमुश्किल 20% किसानों को ही नाममात्र मुआवजा दिया है। 80% किसानों को मुआवजा देने से सरकार ने इनकार कर दिया। इसके लिए सरकार ने मुआवजे के लिए जानबूझकर ऐसे मानक बनाए और शर्तें थोपी, जिसके चलते 80% किसान मुआवजे की पात्रता के दायरे से बाहर हो गए।
पूर्व मुख्यमंत्री के पास पहुंची किसानों की शिकायतों के मुताबिक अबकी बार रबी सीजन के दौरान सर्दी के प्रकोप एवं ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआवजा लेने के लिए ऑनलाइन पोर्टल ह्यक्षति पूर्तिह्न पर शिकायत दर्ज कराने वाले 80% किसानों को मुआवजे से वंचित रखा गया है। जबकि पूर्व की सभी सरकारें पटवारी द्वारा तैयार की गई एपीआर स्पेशल गिरदावरी की रिपोर्ट के आधार पर किसानों को मुआवजा देती आई हैं। चरखी दादरी समेत विभिन्न जिलों के किसान उसी पद्धति से मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं और गूंगी बहरी सरकार के सामने पोर्टल हटाओ, खेती बचाओ का नारा लगा रहे हैं।



# रेहड़ी-फड़ी वालों को कांग्रेसी नेता हिमत सिंह ने भी दिया समर्थन





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के बस स्टैंड के बाहर पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे रेहड़ी फड़ी वालों का अभी तक कोई हल नहीं निकला है। आज इस धरने पर कांग्रेस युवा नेता हिम्मत सिंह भी पहुंचे। उनके साथ यहां पर सोनू राणा, अर्जुन धीमान , विवेक ललाना व किसान नेता कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।
हिम्मत सिंह का भी कहना था कि वे रेहड़ी फड़ी संचालको के साथ है। उन्होनें कहा कि सरकार व प्रशासन को इनके प्रति दया भावना दिखाते हुए इन्हे निश्चित स्थान देना चाहिए। जिससे वह अपना काम काज कर सके और अपना गुजारा चला सकें। उन्होनें कहा कि इस मामले को लेकर वे पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से बातचीत करेंगे। इसके साथ ही उन्होनें कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी रेहड़ी फड़ी संचालकों के लिए एक निश्चित स्थान निर्धारित किया जाएगा। जहां पर ये लोग इज्जत के साथ अपना काम कर सकेगें।
उन्होनें दुकानदारों द्वारा लगवाए गए होडिंगस पर कहा कि ये रेहड़ी फड़ी वाले कई वर्षो से यहां पर काम कर रहे तो अब अचानक से ये प्रशासन व कपड़ा मार्केट की आंखों में क्यों चुबने लगे है। प्रशासन को चाहिए कि इन गरीब लोगो की ओर भी ध्यान दिया जाए। जिससे यह भी अपने बच्चों का पालन पोषण कर सके।
वहीं दूसरी ओर आज निगम की टीम द्वारा नदी मोहल्ला से लेकर खन्ना पैलेस रोड पर अवैध अतिक्रमणों को हटवाया गया। गत दिवस भी निगम ने शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटवाया था। इस पर रेहड़ी फड़ी संचालकों का कहना है कि नगर निगम टीम हमेशा उनके जैसे लोगो की रेहड़ियां ही हटवाती है। लेकिन कपड़ा मार्केट में लगने वाली रेहड़ी फड़ियों व दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करके चली जाती है। कपड़ा मार्केट में दुकानदार निगम की टीम के जाने के बाद फिर से सामान सड़को पर रख लेते है। जिससे जाम लग जाता है।

# आजाद के हमलावरों को जल्द पुलिस करे गिरफ्तार: कमल



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संस्थापक व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के ऊपर हुए हमले को लेकर आज दोषियों की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा के सभी जिलों में ज्ञापन दिये गये। गत दिवस भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संस्थापक व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एक कार्यक्रम करके घर वापस लौट रहे थे जैसे ही देवबंद के पास पहुंचे एक स्विफ्ट कार में आए अज्ञात लोगों ने उन पर ताबड़तोड गोलियां दाग दी जिससे चंद्रशेखर आजाद की जान तो बच गई पर उनको एक गोली छूकर निकल गई जिसकी वजह से व घायल हो गए और गाड़ी का भी भारी नुकसान हुआ । आज अंबाला में भीम आर्मी भारत एकता मिशन की टीम ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग रखी कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर रासुका लगाई जाए और चंद्रशेखर आजाद को जेड प्लस सिक्योरिटी प्रोवाइड की जाए और यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले ताकि जल्द ही इस केस में निर्णय आए इस मौके पर भीम आर्मी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुमार ने कहा कि इस तरह की घटनाएं निंदनीय है। यह एक तरह से जातिवाद पर हमला है उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने पहले भी सरकार से सुरक्षा मुहैया कराने बारे मांग रखी लेकिन सरकार ने सुरक्षा मुहैया नहीं करवाई जिसकी वजह से एक बड़ा हादसा हो गया हम संविधान को मानने वाले लोग हैं और हमें अपने कानून पर पूरा भरोसा है इसलिए कानूनी तरीके से कार्रवाई की मांग करते हैं। इस मौके पर जसविंदर सिंह जिला अध्यक्ष अंबाला, रवि बुलाना एडवोकेट गौरव, रूबल आजाद, टिंकू हमीदपुर ,अमरजीत अब्बूपुर, भूपेंद्र सिंह, राजू काल्पी, सुदेश अटवाल , विकाश सैहला आदि मौजूद रहे ।

# मोबाइल चोर ने कोर्ट परिसर से लगाई छलांग, हुआ घायल



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर कोर्ट परिसर में कोर्ट में पेश करने के लिए लेकर गए एक युवक ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस कर्मियों में हडकंप मच गया। युवक को पकड़ने के लिए पुलिस कर्मी तुरंत हरकत में आ गए। कोर्ट परिसर से छलांग लगाते ही युवक नीचे जा गिरा। घायल अवस्था में उसे अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में लाया गया। तो वहीं युवक का उपचार डॉक्टरों की देखरेख में किया जा रहा है। वहीं यह भी पता लगा है कि आरोपी अमन को मोबाइल चोरी के मामले में गिरफतार किया गया था। आज उसे अदालत में पेश किया जा रहा था।

# पास के बिना जच्चा वार्ड में नहीं मिलेगी एंट्री

**हरकत में...**

**इतना ही नहीं जो भी युवक जच्चा के साथ आया है वह भी पास के बिना वार्ड से बाहर या अंदर नहीं जा सकता**



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** शहर के सिविल अस्पताल में बच्ची चोरी होने की घटना के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है। आज से अस्पताल प्रशासन की ओर से जच्चा बच्चा वार्ड में बिना पास के किसी भी व्यक्ति को आने जाने नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं जो भी युवक जच्चा के साथ आया है वह भी पास के बिना वार्ड से बाहर या अंदर नहीं जा सकता। इसके साथ ही डाक्टरों के पास आने वाले लोगो की भी जानकारी रजिस्ट्रर में दर्ज कि जा रही है। जिससे अस्पताल में आने वाले व्यक्ति की जानकारी मिल सके। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों पहले एक महिला की नवजात बच्ची किसी अन्य महिला ने चुरा ली थी और वह वहां से फरार हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने चोरी करने वाली महिला को काबू भी कर लिया था। इसी घटना के चलते अस्पताल प्रशासन की ओर से यह कदम उठाया गया है।

# 5 दिन बाद भी धूलकोट की बबीता का नहीं लगा सुराग

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के धूलकोट में रहने वाली बबीता पीछले पांच दिनों से लापता है। लेकिन पुलिस को अभी तक कोई भी सुराग नहीं लगा है। पुलिस को दी शिकायत में बबीता के बेटे चिराग ने बताया कि उसकी माता बबीता बीती 24 जून को सुबह 8.30 बजे घर से काम के लिए निकली थी। वह ड्रीम फर्निचर में काम करने के बाद मॉडल टॉउन में एक कोठी में काम करने गई थी। लेकिन वह घर पर देर रात तक नहीं लौटी। जिसके बाद शनिवार को ही उसने पुलिस को उसकी माता के गुम होने की शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि बबीता ड्रीम फर्निचर से काम करने क बाद माडल टाउन के लिए निकली थी। लेकिन मॉडल टाउन में काम से जाने के बाद उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने बताया कि वह आस पास लगे सीसीटीवी खंगाल रहें है।

## डीडीए के अफसरों को भेजे एलजी के नाम से मैसेज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के नाम से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों को मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। आरोपी ने मैसेज में न तो कोई जानकारी मांगी और न ही कोई अन्य बात की। ऐसे में आरोपी के मैसेज भेजने का उद्देश्य अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। दक्षिण जिले की साइबर थाना पुलिस ने डीडीए के अधिकारियों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों का कहना है कि व्हाट्सएप की ओर से का कोई जवाब नहीं दिया है। दिल्ली पुलिस व्हाटसएप को तीन रिमाइंडर भी भेज चुकी है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी ने उपराज्यपाल का फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बना रखा था।


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं.:** JHS/Br/L/2023-24/09 **दिनांकः** 27.06.2023

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना (टू पैकेट सिस्टम)**

उप मुख्य इन्जी / ब्रिज / लाइन / उत्तर मध्य रेलवे, झॉसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 20.07.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.** | Br-JHS-2023-10 |
| **कार्यों का विवरण** | सिथौली-धौलपुर खंडः 06 एलसी नं. 415, 428, 432, 435, 452 और 455ए के बदले में सबवे (आरयूबी) सामान्य ऊंचाई का प्रावधान। |
| **अनुमानित मूल्य (रू)** | ₹ 42,76,91,747.41 |
| **बयाने की रकम (रू)** | ₹ 22,88,500/- |
| **कार्य समापन की अवधि** | 24 महीना |
| **निविदा बंद की तिथि** | 20.07.2023 |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार** | आरसीसी या पीएससी पुल / आरओबी / आरयूबी का निर्माण। इसके अलावा निविदाकर्ता/जेवी या पार्टनरशिप फर्म के किसी भी भागीदार को किसी भी ब्रिज (न्यूनतम आकार 3.6mx3.6m) का निर्माण बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा या किसी भी मूल्य के किसी अन्य कार्य में पूरा करना चाहिए। कार्य के बॉक्स पुशिंग भाग को केवल अनुभवी भागीदार द्वारा निष्पादित किया जाएगा जिसने बॉक्स पुशिंग का कोई कार्य किया हो। |

**नोटः- (1)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर समय 15:00 बजे तक निविदा बंद की तिथि दिनांक 20.07.2023 तक उपलब्ध है। **(2)** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I. T. Act 2000** के अन्तर्गत C. C. A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(4)** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(5)** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिग अथवा गेट वे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **(6)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(7)** आनलाइन निविदा दिनांक 20.07.2023 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **1023/23 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## गो फर्स्ट को दोबारा संचालन की मंजूरी से पहले दस्तावेज की जांच करेगा डीजीसीए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली नागर विमानन** निदेशालय (डीजीसीए) दिवाला प्रक्रिया की दौर से गुजर रही गो फर्स्ट का दोबारा संचालन शुरू करने की मंजूरी देने से पहले संबंधित दस्तावेज की जांच करेगा। डीजीसीए एयरलाइन में नई जान डालने के लिए पेश योजना का परीक्षण करने के साथ उसकी तैयारियों को भी परखेगा। विमानन क्षेत्र से जुड़े सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि गो फर्स्ट के मौजूदा प्रबंधन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने एयरलाइन की पुनरुद्धार योजना के विभिन्न पहलुओं पर डीजीसीए के अधिकारियों के साथ चर्चा की है। कंपनी ने पुनरुद्धार योजना में गो फर्स्ट की घरेलू उड़ानों के गंतव्य को 29 से घटाकर 23 करने का प्रस्ताव रखा है। दिवाला प्रक्रिया के समाधान पेशेवर के तौर पर नियुक्त शैलेंद्र अजमेरा और अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कौशिक खोना ने इस पुनरुद्धार योजना के बारे में डीजीसीए अधिकारियों के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी। डीजीसीए पेश दस्तावेज का परीक्षण करने के बाद दोबारा उड़ानों के संचालन की अनुमति अगले हफ्ते दे सकता है। गो फर्स्ट एयरलाइन की उड़ानों का परिचालन वित्तीय संकट गहराने के बाद तीन मई से ही बंद चल रहा है।

# दिल्ली के हॉस्पिटल पर डेढ़ करोड़ जुर्माना

**फैसला**

**भाटिया ग्लोबल हॉस्पिटल एंड एंडोसर्जरी इंस्टीट्यूट और उसके अध्यक्ष और निदेशक को पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने वेस्ट दिल्ली के एक अस्पताल पर 1.5 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। इस अस्पताल ने एक महिला को इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) प्रोसेस के दौरान उसके पति के स्पर्म की जगह किसी अनजान २२पुरुष का स्पर्म इंजेक्ट कर किया था। 15 साल पुराने मामले में कोर्ट ने हॉस्पिटल को कंज्यूमर रिलीफ फंड में 20 लाख रुपए जमा करने का भी आदेश दिया है। साथ ही अस्पताल के डॉक्टरों समेत तीन लोगों को शिकायतकर्ताओं को 10-10 लाख रुपए देने का आदेश दिया है। ये रकम चुकाने का 6 हफ्ते का समय दिया गया है।

**जुड़वां बच्चों के डीएनए टेस्ट में हुआ अस्पताल की गलती का खुलासा:** 2008-2009 में एक महिला ने आईवीएफ प्रक्रिया के जरिए गर्भधारण किया। बाद में महिला ने अपना डीएनए प्रोफाइल टेस्ट करवाया। रिपोर्ट से पता चला कि जुड़वां बच्चों में से एक का ब्लड ग्रुप AB+ था, जबकि माता-पिता का ब्लड ग्रुप B पॉजिटिव और ड नेगेटिव था। रिपोर्ट से साबित हुआ कि IVF ट्रीटमेंट में स्पर्म इंजेक्शन लगाने के दौरान लापरवाही बरती गई थी। इसके बाद महिला के पति ने अपने परिवार को हुई मानसिक और आनुवंशिक तकलीफ का हवाला देते हुए अस्पताल से 2 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की थी।

**पति ने कंज्यूमर फोरम में दर्ज कराई शिकायतः** महिला के पति ने इस लापरवाही के बारे में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने माता-पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए भाटिया ग्लोबल हॉस्पिटल एंड एंडोसर्जरी इंस्टीट्यूट और उसके अध्यक्ष और निदेशक को सामूहिक रूप से पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

# निगम अधिकारियों ने शहर में हटवाए अवैध अतिक्रमण

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर में एक बार फिर से पीला पंजा चलाते हुए अवैध अतिक्रमण हटाया गया। अधिकारियों की टीम ने नदी मोहल्ला, बांस बाजार, मलिक पैलेस से होते हुए पुराने सिविल अस्पताल रोड़ तक अवैध अतिक्रमण हटाए। निगम कर्मचारियों ने बताया कि अतिक्रमण के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते जहां एक तरफ यातायात बाधित होता है दूसरी तरफ अतिक्रमण दुर्घटनाओं का भी कारण बनता हैं।
उन्होने कहा कि अक्सर लोग नालों के ऊपर अतिक्रमण कर लेते हैं जिसके चलते पानी निकासी भी प्रभावित होती है तथा गलियों और सड़कों पर पानी भरना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि हम पहले भी कई बार लोगों से आग्रह कर चुके है कि वह अतिक्रमण हटाएं लेकिन लोग अतिक्रमण नहीं हटा रहे। जिसके बाद अब निगम ने ही अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिए है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैंजो कि श्यामलाल पुत्र ईश्वर सिंह निवासी गांव पिपली खेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र दीपक व उसकी पत्नी शीतल व मेरी पुत्रियों ज्योति, सीमा, नाशा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और सभी अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त सभी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त सभी से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### करनाल में बाढ़ से निपटने की तैयारी पूरी : नवतेज सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले में** मानसून का प्रवेश हो चुका है। इससे पहले की मानसून अपना असर दिखाए, उससे पहले ही प्रशासन ने बाढ़ बचाव प्रबंधों को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। यहां से गुजरने वाली यमुना नदी के किनारों को मजबूत किया जा रहा है और जहां स्टड की आवश्यकता है, वहां इनका निर्माण किया जा रहा है। पहले आई बाढ़ से सबक लेते हुए जिला प्रशासन ने इस बार अपनी ओर से बाढ़ बचाव के पुख्ता प्रबंध किए हैं। सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह ने बताया कि मानसून को देखते हुए उनकी ओर से यमुना नदी पर बाढ़ से बचाव की सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जिले के कुंडाकला और ढाकवाला गांव में स्टड का कुछ काम था, जो पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा कैट्स, खाली बैग और बल्लियां वगैरह तैयार की कर ली गई हैं। आपदा की स्थिति में कर्मचारियों को भी अलर्ट मोड़ पर रखा गया है। जैसे ही निर्देश होगा, हम अपनी सारी मशीनरी वहां पर लगा देंगे। नवतेज सिंह ने कहा कि एक जुलाई से सिंचाई विभाग में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया जाएगा, जो 24 घंटे काम करेगा। इसके अलावा पुलिस द्वारा भी तीन कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही पीछे से पानी छोड़ा जाता है, हमारे पास पूर्व में सूचना आ जाती है और हम उससे निपटने का प्रबंध कर लेते हैं। न्होंने बताया कि यमुना के सीमावर्ती गांवों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए उन्हें मानसून के दौरान विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। जैसे ही यमुना में पानी का स्तर बढ? लगे तो किसान खेतों में न जाएं और अपने घरों में रहें। किसी तरह के खतरे की आशंका हो तो तुरंत प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं।

### 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर ब्याज में मिलेगी 30 प्रतिशत छूट : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा** सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 जुलाई तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी वर्गों को काफी राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# जल निकासी व्यवस्था का लिया जायजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेयर रेणु बाला** गुप्ता ने गुरुवार को शहर की अलग-अलग कालोनियों में जाकर जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। बरसात के दिनों में इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को जल भराव की समस्या से जूझना पड़ता था। अब इन कालोनियों में नगर निगम की ओर पंप लगवा दिए गए हैं, जिससे पानी सडकों पर जमा नहीं होगा। बरसाती पानी की निकासी साथ-साथ होगी। मेयर ने कालोनीवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी सुना। लोगों ने बताया कि पानी निकासी की समस्या काफी हद तक हल हो गई है। लोगों ने मेयर के समक्ष सडकों और गलियों की मर मत की मांग उठाई। इस पर मेयर ने साथ मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडकों का मर मत कार्य जल्द शुरू करवाया जाए। जरूरत के हिसाब से नई सडक का निर्माण भी किया जाए। रेनू बाला गुप्ता ने



कहा कि करनाल के लोगों को बरसात के दिनों में जल भराव की समस्याओं से जूझना पड़ता था। लोगों के घरों और दुकानों पानी भर जाता था। इस गंभीर समस्या का हल करवाने के लिए मेयर काफी समय से प्रयासरत हैं और काफी हद तक जलभराव की समस्या का हल कर दिया गया है। मेयर ने बस स्टैंड से कमेटी चौक जाने वाली रोड, रेलवे रोड, हांसी रोड, हेरीटेज लांस के साथ वाली सडक, ग्रीन बेल्ट शिव मंदिर, दयानंद कालोनी, मुगल कनाल, राम नगर व अंसल टाउन का दौरा किया। मेयर ने इंटर मिडिएट पंपिंग स्टेशन और ड्रेन नंबर वन का निरीक्षण भी किया। यहां ड्रेन को जाने वाले रास्ते को चौड़ा किया गया है। इस अवसर पर एसई श्याम सिंह, एक्सईएन सतीश शर्मा, एक्सईएन मोनिका शर्मा, एक्सईएन प्रियंका सैनी व एसडीओ सुरेंद्र भल्ला आदि मौजूद रहे।

**सुनीं समस्याएं**

**मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कालोनीवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी सुना**

इन कालोनियों में लगाए गए हैं पंप माडल टाउन, दयानंद कालोनी, धौलगढ़, हांसी चौक, रामनगर, गौशाला रोड जनक पुरी, बसंत विहार, सूरज नगर, कंबोपुरा दहा, शिव मंदिर सेक्टर छह ग्रीन बेल्ट, सेक्टर 13 गीता मंदिर, अटल पार्क, आईपीएस हेरिटेज, उचाना, ब्रह्मनगर व श्याम नगर में पानी निकासी के लिए पंप लगाए गए हैं।

## हुक्का तोड़ने पर हुए विवाद को लेकर युवक को बुरी तरह से पीटा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले के** गांव तखाना में हुक्का तोडने को लेकर हुए विवाद के चलते एक युवक को घर से उठाकर बुरी तरह से पीटा गया। बदमाशों ने युवक के हाथ और पांव तोड़ दिए। उसे सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव तखाना निवासी अजय ने बताया कि बीती रात वह अपने घर में सो रहा था। उसी दौरान करीब दो-ढाई बजे चार व्यक्ति व एक महिला उसके कमरे के बाहर आकर खड़े हो गए। जैसे ही वह आवाज सुनकर बाहर आया तो उस पर इन लोगों ने हमला कर दिया। वह अपनी जान बचाने के लिए घर से भागकर गली में आ गया, लेकिन आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और फिर जबरदस्ती गाड़ी में डालकर नीलोखेड़ी गुरुद्वारा के पास ले गए। पीड़ित ने बताया कि गुरुद्वारा के पास गाड़ी रोकी गई। यहां गाड़ी से बाहर निकालकर उस पर लोहे के पाइप व लाठी डंडे बरसाए गए। उसने अपनी जान बचाने के लिए भागने का भी प्रयास किया, लेकिन उन्होंने उसे पकडकर बुरी तरह से पीटा, जिससे उसके हाथों व पैरों में फ्रैक्चर आया गया है।

अजय ने बताया कि मारपीट करने के बाद उसे दोबारा गाड़ी में डाल लिया गया। गाड़ी में भी मारपीट की गई। फिर आरोपी उसे घर से कुछ दूरी पर फेंककर चले गए। घरवालों ने उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया और शिकायत पुलिस को दी, जिसमें उसने रामेश्वर के बेटे प्रवीण, प्रवीण के साले संदीप, शिवचरण, रामेश्वर की पत्नी नन्ही देवी व एक अन्य पर मारपीट का आरोप लगाया है। अजय के परिजन राज सिंह ने बताया कि 26 जून को उनके परिवार में शादी थी। अजय कुछ युवकों के साथ पड़ोस के ही एक मकान में हुक्का पी रहा था। इसी दौरान प्रवीण मौके पर आया और उसने आते ही हुक्का तोड़ दिया, जिसकी वजह से इनके बीच विवाद भी हो गया था। लेकिन सभी को समझा बुझाकर घर भेज दिया गया था।

## सड़क पार करते समय ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। बीती** रात करीब साढ़े नौ बजे मेरठ रोड स्थित नगला फार्म के पास एक ऑटो चालक ने युवक को टक्कर दे मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आज शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के छोटे भाई बंसी ने बताया कि बुधवार रात पिता को बुखार था। मैं और बड़ा भाई मुरारी पैदल ही पिता के लिए दवा लेने जा रहे थे। मुरारी आगे था और मैं उससे थोड़ी पीछे चल रहा था। जब हम नगला फार्म चौक पर पहुंचे तो एक तेज रफ्तार ऑटो चालक ने सडक क्रॉस करते समय उसके भाई को टक्कर मार दी, जिससे वह काफी दूर सडक पर जा गिरा और गंभीर रूप



से घायल हो गया। बंसी ने बताया कि हादसे के बाद काफी लोग मौके पर एकत्रित हो गए और ऑटो चालक को पकड़ लिया गया। राहगीरों की मदद से मुरारी को इलाज के लिए निजी वाहन से सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया।

## सूक्ष्म व्यायाम करने से शरीर बनता है ऊर्जावान: दिनेश

### योग कक्षाओं से जुडकर अब तक हजारों लोग हुए लाभान्वित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर योग कक्षाएं लगातार जारी है और नित्य प्रति करनाल और शहर के बाहर के क्षेत्रों में भी नई कक्षाएं लगाकर मिशन स्वस्थ भारत के उद्देश्य को भी पूरा किया जा रहा है।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि इन कक्षाओं में प्रतिदिन निशुल्क योग करवाया जा रहा है और अब तक हजारों लोग योग से जुडकर लाभान्वित हुए हैं। शारीरिक व्याधियों के साथ-साथ मानसिक



रूप से भी स्वस्थ होकर जीवन के प्रति उत्साहित हैं। इस अभियान के तहत सभी कक्षाओं में प्रतिदिन तरह-तरह के सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म व्यायाम करने से शरीर ऊजार्वान बनता है विभिन्न तरह के आसन ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, पादहस्तासन करने से मन की एकाग्रता बढ़ती है और शरीर के हर अंग में संतुलन बना रहता है। प्राणायाम के अभ्यास से मन की शक्ति दृढ़ होती है जबकि ध्यान की अवस्था से स्वजागरूकता बढ़ती है और भावनात्मक स्वास्थ्य में दृढ़ता आती है दिनेश गुलाटी ने बताया कि गांव ऊंचा समाना में मिशन के कर्मठ साथी पवन सैनी द्वारा चलाई जा रही योग कक्षा में प्रतिदिन बहुत से बच्चे, जवान और बुजुर्ग हिस्सा ले रहे हैं। गर्मी हो या बरसात हर मौसम में पवन सैनी उन्हें योग करवा रहे हैं। विशेष रुप से बच्चे वहां पहुंचकर लाभान्वित हो रहे हैं।

## बस स्टैंड के साथ वाली सड़क पर बनेगा स्लिप वे मेयर रेनू बाला ने दिए निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेयर रेनू** बाला गुप्ता ने साथ बस स्टैंड के साथ वाली रोड पर स्लिप वे बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसका तत्काल बजट तैयार करें और जल्द से जल्द स्लिप वे बनाकर लोगों को राहत दें।

गुरुवार को मेयर रेनू बाला गुप्ता अधिकारियों के साथ बस स्टैंड और आस-पास के क्षेत्र का दौरा करने पहुंची थी। यहां लोगों ने बताया कि बस स्टैंड के पास अक्सर जाम की समस्या रहती है। अगर यहां स्लिप वे बना दिया



जाए तो लोगों को जाम से राहत मिलेगी। लोगों ने मेयर को बताया कि बस स्टैंड के बाहर अक्सर ट्रेफिक जाम रहता है। बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड शहर के बीचों बीच होने के चलते यहां से वाहनों की आवाजाही ज्यादा होती है। शहर से आने वाले लोग यहां जाम में फंस जाते हैं। मेयर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि स्लिप वे रोड बनाने की प्रक्रिया शुरू करें।

## आगामी 3 जुलाई से शुरू होगी कांवड़ यात्रा : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**उपायुक्त** अनीश यादव ने बताया कि आगामी 3 जुलाई से सावन माह की शुरूआत के साथ ही कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है तथा डाक कांवड़ 12 जुलाई से प्रारंभ होगी। सावन के माह में हरिद्वार से गंगा जल लाकर कांवडि? अपने शहर के मंदिरों में चढ़ाते है। हरियाणा में कावड़ यात्रा का बड़ा उत्साह देखा जाता है। उन्होंने बताया कि युवाओं से लेकर, बुजुर्ग और महिलाएं भी बड़ी संख्या में कावड़ लेकर आती है। ऐसे में कावड़ यात्रा को लेकर इस बार विशेष नियम बनाए गए है।

## सरकार एससी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देगी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**हरियाणा** सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने को लेकर हरियाणा वाल्मीकि महासभा व सभी अनुसूचित जातियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया और प्रसन्नता प्रकट की।

इस संबंध में हरियाणा वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एमएल सारवान ने भेटवार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार एससी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देगी। प्रशासनिक सचिवों को मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सरकारी विभागों, विश्वविद्यालयों, बोर्डों व निगमों में रिक्त व स्वीकृत पदों की संख्या का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कैडर में पद चिन्हित कर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कोटा तय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधान सचिव एवं कमेटी के अध्यक्ष को सुझाव एवं आपति दर्ज करवाई गई और अनुसूचित जाति एवं पिछडा वर्ग कल्याण विभाग हरियाणा को माननीय सर्वोच्च न्यालय के आदेश सरकारी आंकडों सहित 25 मई 2017 को व्यक्तिगत रूप से हरियाणा वाल्मीकि महासभा के पूर्व अध्यक्ष बनारसी दास व वर्तमान अध्यक्ष एमएल सारवान ने सौंपी थी।

उन्होंने बताया कि भाग्यवंश प्रधान सचिव अनुसूचित जाति एवं पिछडा वर्ग कल्याण विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव बन गए और उनके द्वारा मुख्यमंत्री की अनुमति के उपरांत निर्देश जारी कर दिए, जिससे हरियाणा में अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों को भारी नुकसान सहना पड़ा। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव हरियाणा के द्वारा फाइल पर सीएम की अनुमति लेने के बाद ही जारी किए निर्देश उचित व न्याय संगत है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से अनुरोध किया कि सभी उच्च अधिकारियों के माध्यम से डिवीजन बैच ऑर्डर 13 फरवरी 2013 बिना किसी विलंब के 17 जून 1995 से रोस्टर प्वाईंट के आधार पर हरियाणा सरकार आरक्षण नीति 20 प्रतिशत में क्लास 1 व क्लास 2 अधिकारियों, क्लास 3 कर्मचारियों व बैकलॉग, रिक्त पदों तथा स्वीकृत पदों पर 6 माह के अंदर-अंदर क्रियान्वित करने की कृपा करें, ताकि वंचित हरियाणा अनुसूचित जाति के कुछ हद तक अंत्योदय सिद्धांत के अंतर्गत तरक्की, विकास व समद्धि की मुख्यधारा में शामिल हो सके।

**आभार**

**अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने को लेकर सीएम का जताया आभार**

## अनूप भारद्वाज दूसरी बार बने ड्रग मैनुफैक्चर एसो. के प्रदेशाध्यक्ष

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

करनाल आयुर्वेद ड्रग मैनुफैक्चर एसोसिएशन की बैठक स्थानीय होटल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि यह प्रसन्नता एवं गर्व की बात है कि नार्थ इंडिया लाइफ साइंस के मैनेजिंग डायरेक्टर अनूप भरद्वाज को फिर से हरियाणा ड्रग मैनुफैक्चर एसोसिएशन का दूसरी बार प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

प्रदेशाध्यक्ष अनूप भारद्वाज का आज की बैठक में पहुंचने पर करनाल आयुर्वेद ड्रग एसोसिएशन की तरफ से किया जोरदार स्वागत। सभी



सदस्यों ने मिलकर अनूप को तुलसी का पौधा भेंट किया एवं अंगवस्त्र डालकर सम्मानित किया। अपने इस सम्मान के लिए अनूप भारद्वाज ने करनाल एसोसिएशन का धन्यवाद किया। अनूप भारद्वाज ने बताया कि गत दिनों अंबाला में हुई बैठक में पूरे प्रदेश से आए आयुर्वेद ड्रग मैनुफैक्चर ने सर्वसम्मति से प्रदेश की जिम्मेदारी उन्हें दी है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने आयुर्वेद के लिए हरियाणा में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने करनाल में एमएसएमई द्वारा आयुर्वेद का कलस्टर चुरनी गाँव में स्वीकृति प्रदान करने के लिए भी धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री से मिलकर आयुर्वेद की तरक्की के लिए और ज्यादा प्रयासरत रहेंगे। उद्योग में जो समस्या आती हैं, उन सभी समस्याओं को मिलकर निवारण करवाएंगे।बैठक में मुख्य रूप से दीपक मेहता सचिव, दीपक अरोड़ा केशियर, डॉ. गुलशन गुलाटी, गुलशन डावर, डॉ. महेश सुखीजा, विकास सिंगला, अवनीश भारद्वाज, अशोक दुबे, परमजीत, हिमांशु, पंकज पाहुजा, जितेंद्र बत्रा, पारस, मोहिंद्र छाबड़ा, सुरेश मित्तल, रविंदर सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे।

## पांच साल की बच्ची के अपहरण का प्रयास, एक काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**हकीकत** नगर क्षेत्र में पांच साल की बच्ची के अपहरण के प्रयास का मामला सामने आया है। दो बाइक सवार बच्ची को उठाकर ले जा रहे थे। उसके चिल्लाने पर लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने बच्ची को बचा लिया।

कंवरभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पांच वर्षीय पोती बीती देर शाम करीब 7 बजे घर के बाहर गली में खेल रही थी। एक बाइक पर दो युवक आए। उन्होंने उसकी पोती को उठा लिया और बाइक से ले जाने लगे, लेकिन तभी बच्ची ने चिल्लाना शुरू कर दिया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग हरकत में आ गए और उन्होंने बाइक सवारों की तरफ दौड ?ा शुरू किया। लोगों ने दोनों को काबू करने का प्रयास किया, लेकिन एक आरोपी काबू आया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। आरोपी बृजपुरा का रहने वाला है, जिसने अपना नाम शशि कुमार बताया। दूसरे का नाम रामलखन बताया जा रहा है।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को थाने में लेकर आ गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि लडकी ने लिफ्ट मांगी थी।

## 'नेत्रदान में हरियाणा नंबर वन, देहदान-अंगदान में बिग जीरो'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**मरणोपरांत नेत्रदान** और जीते जी अंगदान देहदान की बात शायद ही कम लोगों को हजम हो। लेकिन सच ये है कि नेत्रदान में जहां करनाल प्रदेश में अव्वल है, वहीं अंगदान व देहदान में प्रदेश व देश में पिछड़ा हुआ है। कारण ये है कि मरणोपरांत नेत्रदान के लिए लोग अब अपने आप माधव नेत्र बैंक के पदाधिकारी राजकुमार, चरणजीत बाली, अनु मदान व अन्य साथियों को फोन करते हैं, वैसे अंगदान व देहदान के लिए नहीं करते। एक कारण तो ये है कि परिजनों की इच्छा से अंगदान व देहदान जीते जी ही हो सकता है, लेकिन परिजन अंतिम समय में वेंटीलेटर पर लेटे हुए मरीज के



अंगदान व देहदान की अनुमति नहीं देते। उनकी ओह पोह की स्थिति होने के कारण अंगदान व देहदान में पिछड़ेपन की स्थिति बनी हुई है।

करनाल के माधव नेत्र बैंक के जाने माने नेत्र रोग चिकित्सक व देश में नेत्र विशेषज्ञों के पैनल को लीड करने वाले डा. बीके ठाकुर के नेतृत्व में माधव नेत्र बैंक की टीम ने जहां करनाल के साथ-साथ प्रदेश में छह हजार नेत्रदानियों का आंकड़ा पार किया है, वहीं पिछले 20 बरसों में अंगदान और देहदान में स्थिति चिंताजनक है। अंगदान केवल पांच और देहदान 15 ही हुए हैं। अंगदान करने वाले करनाल व आसपास के हैं, जबकि देहदान 20 बरस में हरियाणा में केवल 15 लोगों ने ही किए हैं। देहदान केवल 15 लोगों ने, यानि बीस साल में देहदान की एक व्यक्ति की भी औसत नहीं और अंगदान तो एक तरह से शून्य की स्थिति के बराबर ही खड़ा है। इसका कारण जागृति का जबरदस्त अभाव है।

**लीवर के सात हिस्से और दिल के चार वाल्वः** डा. बीके ठाकुर बताते हैं कि आम इंसान का लीवर डेढ़ किलो का होता है, इसे छह लोगों में फिट किया जा सकता है। दोनों गुर्दे काम आते हैं, दोनों आंखें, हड्डियां, दिल के चारों वाल्व, दोनों फेफड़े, जलने वाले केस में त्वचा यानी स्किन भी काम आती है। देहदान का अर्थ यही है कि इंसान के जरूरी अंगों को निकालकर उसका इस्तेमाल कर लिया जाता है और बॉडी को अग्नि के समर्पित कर दिया जाता है, जबकि अंगदान का अर्थ कोई जरूरी अंग का दान होता है, जैसे जीते जी किडनी वगैरा।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय एकता के लिए एक समान कानून जरूरी

**समान** नागरिक संहिता अपरिहार्य है। यह राष्ट्र राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे आवश्यक बताया है। मोदी ने समान नागरिक संहिता को राष्ट्र की जरूरत बताते हुए कहा कि, इसके नाम पर कुछ दल मुस्लिमों को भड़का रहे हैं। उन्होंने इसके विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि, एक घर एक परिवार में प्रत्येक सदस्य के लिए अलग अलग कानून हों तो वह परिवार कैसे चल पाएगा? उन्होंने याद दिलाया कि 'सर्वोच्च न्यायालय ने भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की थी। लेकिन वोटबैंक राजनीति करने वाले इसका विरोध कर रहे हैं।' आखिरकार विश्वास आधारित सांप्रदायिक समूहों के लिए अलग अलग कानून कैसे हो सकते हैं। संविधान निमार्ताओं ने प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का कर्तव्य (अनुच्छेद 44) राष्ट्र राज्य को सौंपा है। समान सिविल संहिता राष्ट्रीय एकता के लिए भी अनिवार्य है। राष्ट्र राज्य का यह कर्तव्य संविधान का भाग है और महत्वपूर्ण नीति निदेशक तत्व है। अनुच्छेद 37 में कहा गया है कि, 'नीति निदेशक तत्व देश के शासन में मूलभूत हैं। विधि निर्माण में इन तत्वों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा।' यह कर्तव्य महत्वपूर्ण है। इसे प्रवर्तित करना राष्ट्र राज्य का कर्तव्य है। विधि आयोग ने हाल ही में समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे हैं। लगभग साढ़े आठ लाख सुझाव आए हैं। विधि आयोग का यह कार्य प्रशंसनीय है। लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसे नरेन्द्र मोदी सरकार का ध्रुवीकरण एजेंडा बताया है। कांग्रेस की अपनी स्थाई नीति तुष्टिकरण है। ध्रुवीकरण का आरोप इसी का विस्तार है। संवैधानिक कर्तव्य को ध्रुवीकरण बताना संविधान विरोधी है। कांग्रेस दीर्घ काल तक सत्तारूढ़ रही है। उसने कर्तव्य पालन नहीं किया। उसे बताना चाहिए कि उसने समान सिविल संहिता लागू करने के संवैधानिक कर्तव्य पालन की दिशा में क्या कदम उठाए? संहिता लागू करने में कठिनाई क्या थी? समान नागरिक संहिता बहुत पहले से ही राष्ट्र की वरीयता रही है। सांप्रदायिक निजी कानून महिला अधिकारों और सशक्तिकरण में बाधा है। एक समान संहिता संविधान सभा का केन्द्रीय विचार था। संविधान के इस प्रावधान पर सभा (23 नवंबर 1948) में तीखी बहस हुई थी। समान नागरिक संहिता के सभी पहलुओं पर विचार हुआ था। मोहम्मद इस्माइल ने कहा था कि, ह्यदेश में समन्वय के लिए यह अपेक्षित नहीं है कि लोगों को उनके निजी कानून छोड़ने के लिए बाध्य किया जाए।' महमूद अली बेग ने कहा था कि, ह्यहिन्दुओं में विवाह एक संस्कार होता है। यूरोप में यह स्थिति भिन्न है। मुसलमानों में कुरान के अनुसार संविदा जरूरी है। ऐसा नहीं किया जाता तो विवाह वैध नहीं होगा। मुसलमान 1350 वर्षों से इस कानून पर चलते रहे हैं। यदि विवाह की कोई अन्य प्रणाली बनाई जाए तो हम उसे मानने से इनकार कर देंगे।' नजीरुद्दीन अहमद ने कहा कि, प्रत्येक धार्मिक समुदाय के विशेष धार्मिक कानून व विशेष व्यवहार विषयक कानून भी होते हैं। धार्मिक विश्वासों व आचरण से उनका संबंध होता है। एक विधि बनाते समय इन धार्मिक कानूनों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। संप्रदाय विशेष के धार्मिक कानूनों को उस संप्रदाय की सहमति के बिना नहीं बदला जा सकता।'

# दिल भी मिले तो बने बात

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "हमारी पार्टी के मंच पर इस बाबत चर्चा करके फैसला लिया जाएगा। बैठक में अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्यसभा में कांग्रेस उनकी सरकार के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के खिलाफ मतदान नहीं करेगी तो भविष्य में वह किसी भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर नाराजगी जताई। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार अच्छा काम कर रही है। कांग्रेस जानबूझकर उनको बदनाम करने के लिए लगातार आंदोलन कर सरकार की छवि खराब कर रही है। कांग्रेस को अपने प्रादेशिक नेताओं को उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से रोकना होगा"

**बिहार** के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के प्रयासों से पटना में 15 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। बैठक में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने की बात कही। बैठक में शामिल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त है। जबकि जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, शिवसेना(उद्धव), झारखंड मुक्ति मोर्चा, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, द्रुमक, भाकपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, भाकपा (माले), अपने-अपने प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों के रूप में मान्यता प्राप्त है। पटना की बैठक में शामिल 15 दलों की देश के 11 प्रदेशों में सरकार चल रही है। पिछले 9 सालों में पहली बार 15 राजनीतिक दल एक साथ एक मंच पर बैठकर चर्चा की है। जो देश की राजनीति के लिए आने वाले समय में एक महत्वपूर्ण घटना साबित होगी। पटना में जुटे 15 दलों के लोकसभा में 142 सांसद हैं। जो कुल लोकसभा सदस्यों का 26 प्रतिशत होता है। वही राज्यसभा में इन दलों के पास 94 सांसद है जो 38 प्रतिशत है। राज्यों की विधानसभाओं की कुल 4123 सीटों में से 1717 विधानसभा सीटें इन 15 दलों के पास है जो कुल विधानसभा सदस्यों का 42 प्रतिशत होता है। विपक्षी दलों की पटना बैठक में शामिल हुए दलों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस की देश के चार प्रदेशों राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में सरकार चल रही है। कांग्रेस के पास लोकसभा में 49 राज्यसभा में 29 व विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं में 725 सदस्य है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को कुल 11 करोड़ 94 लाख 95 हजार 214 वोट मिले थे। विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस चाहती है कि राहुल गांधी को नेता प्रोजेक्ट किया जाये। राजद नेता लालू यादव व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन राहुल गांधी के पक्ष में खड़े हैं। वही ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल सामूहिक नेतृत्व की बात कर रहे हैं। पटना मीटिंग में शामिल हुए नेताओं के हाथ तो जरूर मिले मगर अभी तक दिल नहीं मिल पाये हैं। मीटिंग में अरविंद केजरीवाल ने केंद्र



सरकार द्वारा दिल्ली सरकार के खिलाफ लाये गये अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में कांग्रेस को उनका समर्थन करने की बात कही। जिस पर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व अरविंद केजरीवाल में बहस भी हुई। मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम ऐसा कोई वादा नहीं कर सकते हैं। हमारी पार्टी के मंच पर इस बाबत चर्चा करके फैसला लिया जाएगा। बैठक में अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्यसभा में कांग्रेस उनकी सरकार के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के खिलाफ मतदान नहीं करेगी तो भविष्य में वह किसी भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर नाराजगी जताई। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार अच्छा काम कर रही है। कांग्रेस जानबूझकर उनको बदनाम करने के लिए लगातार आंदोलन कर सरकार की छवि खराब कर रही है। कांग्रेस को अपने प्रादेशिक नेताओं को उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से रोकना होगा। वहीं पश्चिम बंगाल में माकपा व भाकपा भी तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ सक्रिय है। पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस, माकपा व भाकपा ने मिलकर लड़ा था। उसके बावजूद उनका खाता भी नहीं खुल सका था। इससे तीन दलों के नेताओं को ममता बनर्जी से खासी नाराजगी है। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों की सरकार को हटाकर सत्ता में आई थी। कभी वामपंथ का गढ़ रहे पश्चिम बंगाल में आज वामपंथी दलों का एक भी विधायक या सांसद नहीं है। इसके लिए वामपंथी दलों के नेता ममता बनर्जी को जिम्मेदार मानते हैं। इसीलिए उनके खिलाफ लगातार हमलावर रहते हैं। जम्मू कश्मीर में कभी नेशनल कॉन्फ्रेंस व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एक दूसरे की जानी दुश्मन होती थी। मगर दोनों ही दल अब सत्ता से बाहर है। इसलिए आपस में हाथ मिला रहे हैं। पीडीपी के पास तो एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में पीडीपी का एक भी सांसद नहीं जीता था। जम्मू-कश्मीर में अभी विधानसभा चुनाव होने हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने घोषणा कर रखी है कि जब तक जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा वह चुनाव नहीं लड़ेगी। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी एकजुट होकर काम कर रही है। बिहार में जदयू, राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, माकपा व भाकपा की मिली जुली सरकार चल रही है। बिहार सरकार में शामिल हम पार्टी के नेता जीतन राम मांझी ने पटना बैठक से एक दिन पूर्व बिहार सरकार से अलग होकर अपनी पार्टी का समर्थन वापस ले लिया। यह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए एक झटके से कम नहीं था। वह एक तरफ तो विपक्षी दलों को एक करने में लगे हैं। वहीं उनकी सरकार में शामिल पार्टी उनको छोड़कर भाजपा नीत एनडीए में शामिल हो जाती है। इससे नीतीश कुमार की मुहिम कमजोर पड़ती है। पटना बैठक में बहुजन समाज पार्टी, बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति, अन्ना द्रुमक, तुलुगु देशम पार्टी, अकाली दल, जनता दल सेक्यूलर, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन, आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, मुस्लिम लीग सहित बहुत से ऐसे छोटे राजनीतिक दल जो कांग्रेस व भाजपा से समान दूरी रखकर चल रहे हैं। उनके नेता भी बैठक में शामिल नहीं हुये। इससे लगता है कि नीतीश कुमार की मुहिम अभी अधूरी है। जब तक भाजपा विरोधी छोटे-बड़े सभी राजनीतिक दल एक साझा मंच पर एकत्रित नहीं होंगे तब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरा पाना संभव नहीं होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने अगले लोकसभा चुनाव में कई प्रदेशों में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने भी अकेले ही चुनाव लड़ने की बात कही है। ओडिशा में बीजू जनता दल, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी का आज भी पूरा प्रभाव नजर आ रहा है। ऐसे में 15 दलों का यह गठबंधन कैसे मुकाबला कर पाएगा। चुनाव में भाजपा के साथ इनको अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों का भी मुकाबला करने पड़ेगा। जिससे विपक्ष की एकता कमजोर होगी। पटना की मीटिंग में जिस तरह से नेताओं ने हाथ मिलाते हुए फोटो खिंचवाई है। यदि उसी तरह से उनके दिल भी मिल जाये तभी विपक्षी एकता सार्थक होगी। वरना तो भाजपा को हरा पाना मुश्किल ही होगा। क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने करीबन 23 करोड़ वोट लेकर 303 सीटे जीती थी। वहीं इन 15 दलों ने भी उतने ही वोट लेकर 142 सीट ही जीत पाये थे। बराबर वोट लेकर भी आधी से भी कम सीटे जीतने का मुख्य कारण था विपक्षी वोटो का आपस में ही लड़कर बिखर जाना। इसी लिये विपक्षी वोटो का संगठित होना बहुत जरूरी है। विपक्षी दलों की एकता कितनी सिरे चढ़ पाती है। इस बात का पता तो चुनावों में ही चल पायेगा।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## कविता

### तुमसे ना हो सका ...

ए जिन्दगी किसी इक को तो
अपने दिल में बसा लेते,
किन्तु खुद्दारी के झांसे में आकर,
किसी एक को लोगों की भीड में
अपना तक बना नहीं सकी ये जिंदगी !
समझाया खुद को बहुत कि
हार में अश्क ना बहाएं खुद के,
लेकिन हर हताशा पर
आंखों से आँसू रुक पाए हों,
ये तक तुमसे हो ना सका ए जिंदगी!
विश्वास गर दिल में घुलता है तो,
एहसास प्रेम का बनता है किन्तु
विश्वास किसी के दिल मे जगा रहे,
ये तुमसे हो सका नहीं ए जिंदगी!
हालात से भयभीत होकर नहीं,
अपितु दुनियादारी में मुश्किलों से
सीखने की होती है जरूरत,
किन्तु मुश्किलों से कुछ सीख पाते
ये तक तुमसे हुआ नहीं ए जिंदगी!
मतलब के रिश्ते हैं सब यहाँ,
उम्मीदे किसी से की नहीं जाती
आज के खुदगरज दौर में,
किन्तु मतलब के रिश्ते तक भी
निभा नहीं पाई ताउम्र ये जिंदगी !

**मुनीष भाटिया**

# चैटातुर चित्रगुप्त की चैटिंग कथा

**रामविलास जांगिड़**

**यमराज** ने साथ लाई आत्मा को स्वर्ग के केन्द्रीय कार्यालय में जमा कराया। अपने टीए-डीए का बिल चित्रगुप्त को व्हाट्सएप किया। इसी समय चित्रगुप्त ने यमराज से व्हाट्सएप किया- 'हे आत्मा हरणी यमश्रेष्ठा! इधर चारों और वन महोत्सव बिखरा बड़ा है। धरा और अधरा पर हर दिशा में पौधे लगाने का बड़ा नाटक खेला जा रहा है। इस अवसर पर स्वर्ग में पौधारोपण कार्यक्रम किया जाना है। इसके लिए देवराज इंद्र ने आपको नोडल अधिकारी बनाया है। इसलिए हे महाराज! आप तुरंत ही समीप के आत्मा रजिस्ट्रेशन कार्यालय के पास एक नीम का पेड़ लगाकर कार्यक्रम की रस्म अदायगी कराएं। जमीन पर लगाए जाने वाले इस पेड़ की फोटो भेजने की रस्म भी आवश्यक रूप से करनी है। इसी फोटो को केंद्रीय कार्यालय के पोर्टल पर अपलोड भी करना है। ताकि इसके कर्मकांड के नंबर दिए जा सकें और पौधे लगाने का हमारा यह कार्यक्रम यूनिवर्स कंपटीशन का एक हिस्सा बन सके।' निवेदन सुनकर यमराज ने अपने भैंसे को नो पार्किंग के बोर्ड के खंबे से बांधा। मन ही मन बड़बनाने लगे- 'इस धरती और आसमान में कागजों पर जाने कितने पेड़ लग गए। डिजिटली दुनिया में करोड़ों-करोड़ पेड़ लग गए। कागजों पर पेड़ लगाने का कौशल हमने आर्यव्रत भारतखंडे से सीखा था। इधर सावन के महीने में पवन शोर करता है और उधर प्रशासन कागजों में पौधे लगाने पर जोर करता है। कागजों में पौधे, कागजों में पेड़ और कागजों के ही जंगल! इंस्टॉग्राम, व्हाट्सअप और फेसबुक पर लगे पौधों की हरियाली को देखकर तो लगता है कि धरती पर सभी लोग बहुत मजे में होंगे! धरती के सभी जीव स्वर्ग का सा आनन्द ले रहे होंगे!' सोचते-सोचते, इस कागजी कार्यवाही से बचने के लिए यमराज ने सुषेण वैद्य से शीतोष्ण ज्वर रोग से ग्रसित होने का प्रमाण पत्र लेने संबंधी बहाने को चैट किया। तब चित्रगुप्त चैटातुर होकर चैटाने लगे- 'महाराज! कल मैंने आपको शीतोष्ण ज्वर के लिए आयुर्वेद का एक बेहतरीन नुस्खा व्हाट्सअप किया था। वो नुस्खा आपको कैसा लगा? यमराज ने कहा-'तुमने भेजा तो यह जरूर अच्छा होगा। लेकिन यही मैसेज सर्वप्रथम मैंने ही यमराजों व देवताओं के ग्रुप मे फॉरवर्ड कर दिया था। इसके काफी सारे लाइक्स भी आये थे। अब वही मैसेज तुम मुझे वापस भेज रहे हो! मेरा मैसेज मुझे ही म्याऊं-म्याऊं! अब क्या हाल सुनाऊं?' तब चित्रगुप्त ने अपने कान से ईयर फोन हटाकर चैटिंग गति तेज की- 'वो तो ठीक है महाराज! मैसेजों की यही गति होती है। पर क्या आपने वो नुस्खा आजमाया क्या?' तब यमराज ने डबल ग्रीन राइट देखते ही मैसेज फेंका- 'नहीं! मैं मैसेज वाले उपाय को नहीं आजमा पाया। आजमाता कब? पूरा समय उस उपाय को देव, दानव, नर, किन्नर, यक्ष, भूत, प्रेत, डाकिन, शाकिन आदि को फॉर्वर्ड करने मे व्यस्त रहा! साथ ही इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, फेसबुक आदि डिजिटल जमीन पर पौधे लगाने की फोटो भी अपलोड करता रहा।' तब चित्रगुप्त ने चैट किया- 'सच है महाराज! चैट जीपीटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर डिजिटली पौधे लगाने जैसे सारे कर्म भी इसी पर मौजूद है।'

## विचार

# देवों के देव शिव को समर्पित कांवड़ यात्रा

**डा0 घनश्याम बादल**

**एक** बार फिर कांवड़ यात्रा का मौसम लौट आया है । पूरा उत्तरी भारत बम-बम भोले के उद्घोषों से गुंजायमान हो रहा है । सड़कों पर कांवड़ियों का हुजूम व आस्था का ज्वार पूरे उफान पर है । हर तरफ भगवा ही भगवा नजर आ रहा है। आस्था के ज्वार में भक्त तो डूबे ही हैं दूसरे लोग भी कांवड़ यात्रा से आह्लादित हो रहे हैं । आइए चिंतन करते हैं हरिद्वार की तरफ जाते और वहां से वापस अपने गंतव्यों की तरफ लौट पुण्य कमाते कांवडियों , कांवड़ और धर्म, आस्था, तर्क और पुण्य के शिव एवं कांवड़यात्रा के बहुत से अन्य आयामों पर भी।

**कांवड़ यात्रा मिथ**

मिथकों के अनुसार श्रावण कृष्ण प्रतिपदा से शिवभक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए दूर - दूर से जलाभिषेक करने व जल लाने के लिये लोग कांवड़ लेकर आते हैं। देश के कोने कोने से, विभिन्न, वाहनों, गणवेश व मानेकामनाओं के साथ कांवडिएं सारी सड़कों पर कब्जा कर लेते हैं, पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है । हर तरफ ह्यहर हर बम बम, जय शिव भोलेह्नह्न के उद्घोष सुनाई देते हैं । कंधे पर कांवड़ टांगे बच्चे, बूढ़े, जवान, स्त्री, पुरुष पैदल या वाहनों पर जल लाने और इच्छित मंदिरों शिवालयों में चढ़ाते हैं हर साल सावन में

**।बुराई नाशक शिव :** मान्यता है कि शिव वह तत्व है जो बुराई के नाश के लिए अंतिम विकल्प हैं और कांवड़ यात्रा भी तन ,मन में रमें विकारों के विनाश के लिये की जाती । शिव भक्तों का मानना है कि जब तन और मन दोनों ही पूर्णतया शुद्ध हो जाते हैं तब भोलेनाथ आसानी से रीझते हैं शायद कांवड लाने के बहाने से ही तन के साथ साथ मन की अशुद्धियां भी नष्ट करने के लिये भोले के भक्त इतना कष्ट उठाते हैं ।

**जग कल्याण के शिव**

कांवड परम्परा के बारे में माना जाता है कि भगवान शिव को रिझाने के लिये भागीरथ ने कठोर तपस्या की और शिव के आश्वासन देने के बाद गंगा पृथ्वी पर आने को राजी हुई और शिव ने भी अपना वचन निबाहा तथा भागीरथ के पुरखों का उद्धार हुआ। शिव अकेले ऐसे देवता हैं जो जगत्कल्याण के लिये हर कष्ट सह लेते हैं । समुद्र मंथन के समय भी शिव ने ही सारा जहर स्वयं पी कर देवता व राक्षसों का विवाद तो शांत किया ही सृष्टि को भी हलाहल के प्रभाव से बचाया था । शिव ने जहर से औरों तो बचा लिया पर विष के प्रभाव से वे स्वयं बेहोश हो गए तब देवताओं ने उपलब्ध संसाधनों से शिव का उपचार किया , कहा जाता है कि देवताओं ने उन पर पर्याप्त मात्रा में जल, दूध, शहद आदि शीतल पदार्थ डाले और उससे शिव स्वस्थ हो गये तभी से शिव को प्रसन्न करने व उनकी पूजा के लिये गंगाजल आदि से अभिषेक करने प्रचलन हुआ।

**भोले शिवः** शैव मानते हैं कि शिव बिना उपासक की भावना जाने भी बड़ी ही आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं तभी तो वें रावण और भस्मासुर जैसों को भी अमर होने क वरदान दे देते हैं मगर जब भक्तों की कातर पुकार शिव तक पंहुचती हैं तो फिर वें विनाशकारी तत्वों का संहार भी करने में नहीं हिचकिचाते हैं । वस्तुतः शिव विनाश के नहीं वरन् पुनर्निर्माण के देव कहे जाने चाहिएं जो कि प्रकृति व सृष्टि में घातक तत्वों की अति हो जाने पर उसे पहले नष्ट कर उसके पुनर्निर्माण का आधार रखते हैं ।

**आत्म शुद्धि यज्ञ**

शिव कल्याण के प्रतीक हैं वें अपने भक्तों की झोलियां भरने में देर नहीं लगाते । स्वयं अर्द्धनग्न रह दुनिया को अपने रक्षा कवच से ढकते हैं। वें पूरी तरह काम मुक्त, वीतरागी बन सृष्टि को हरा भरा रखते हैं, वें देव दानव , मानव, किन्नर सबका हित करते हैं । श्रावण में शिव की पूजा के पीछे एक धारणा यह है कि श्रावण मास में कांवड़ के बहाने से शिवकी उपासना होती है और वें खुश होकर सारी मनोकामनायें पूर्ण करते हैं । एक तरह से कांवड़ यात्रा पर कल्याण व आत्मशुद्धि के लिए किये जाने वाले यज्ञ के बराबर है ।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# टमाटर के नखरे हाय-तौबा "

**मेरी** इतनी भी क्या फिक्र बस सौ, एक सौ पचास पर इतना जिक्र काहे हो रहा है। टमाटर हूँ बस जरा सा भाव क्या बढ़ गया मेरा, सोशल मीडिया में हाहाकार मच गया। बस यही डर दिखना चाहिए सब के मन में मुझे लेकर ताकि लोग मेरा भी सम्मान करे हर मौसम। इतिहास के पन्ने पर फेमस होने की आशा लिया बैठा हुआ टमाटर हवा में उड़ रहा है उछल रहा है। कोई लाली लिपस्टिक का नाम दे रहा है तो कोई टमाटर म्यूजियम में रख रहा है।
देसी के साथ जब से विदेशी टमाटर आया है,देसी कुछ ज?यादा ही भाव खा रहा है। विदेशी के भाव तीसरी मंजिल पर तो,देसी के भाव आसमान पर। देसी खाकर कोई लाल हो रहा है,तो कोई उसके भाव सुनकर लाल हुआ जा रहा है। जो खरीद रहा है वो लाल है,जो नहीं खा पा रहा है,वह मारे शर्म के लाल है। किसी के टमाटर खा के गाल लाल हो रहे हैं,और कुछ की टमाटर खरीद कर जेब का हाल बेहाल है। जो टमाटर नहीं खरीद पा रहा है,वह बैंगन की तरह काला या फिर कददू की तरह मुंह बनाकर सब?जी मंडी से निकल रहा है। गलियों में टमाटर के ठेले नजर नहीं आ रहे हैं। ठेले में टमाटर दुबका पड़ा है,कहीं कोई गरीब देख न ले, इसलिए टमाटर हर जगह से नदारद है हर कोई ढूंढ रहा किस ठेले पर टमाटर सस्ता बिक रहा है,आयकर वाले भिखारी के भेष में मंडी में घूम रहे हैं। टमाटर जिसने खरीदा,बस चल भाई अंदर। कई टमाटर शरीफ की तरह मंडी से गायब,तो कोई गरीबों से बच रहा है तो कोई नाली में सड़ रहा है। बस केवल अमीर ही टमाटरों के पीछे भाग रहे है। अब अगर आप किसी के घर जाएं और खाने की मेज पर टमाटरों का सलाद दिखाई तो समझ लिजिए की आदमी खानदानी रईस है। यानी की टमाटर खरीदने की क्षमता से किसी की औकात का पता चल जाता है।
टमाटर फेसबुक पर सबसे ज?यादा पसंद किया जा रहा है। हजारों की संख?या में उसे साझा कर रहे हैं, वाटसएप पर नए-नए तरीके से टमाटर की तुलना महिलाओं के हाव भाव से की जा रही है। टमाटर पर चुटकुले बनाए जा रहे हैं। हीर-रांझा की जोड़ी से भी ज्यादा लोकप्रिय हो गया टमाटर।
सब्जियां भी बेहाल पड़ी हुई है कोने में टमाटर के नखरे देख कर। अब तो टिंडा, लौकी, तुरही बनाकर काम चलाओ। भाई इस समय टमाटर किसी मुख्यमंत्री से कम नजर नहीं आ रहा है।

# चारपाई महिमा

**डॉ. सुरेश**

**भातीय** घों में चारपाई को ड्राइंगरूम, सोने का कमरा, गुसुलखाना, कि ला, खानकाह, खेमा, दवाखाना, संदूक, किताब-घर, शिफाखाना, सबकी हैसियत कभी-कभी बेवक्त वर्ना वक़्त पर पता चलती है। कोई मेहमान आया। चारपाई निकाली गई। उसपर एक नई दरी बिछा दी गई जिसके तह के निशान ऐसे मा'लूम होंगे जैसे किसी छोटी सी आराजी को मेंडों और नालियों से बहुत से मालिकों में बांट दिया गया है और मेहमान साहब अचकन, टोपी, बैग बुगची के बैठ गए और थोड़ी देर के लिए ये मा'लूम करना दुशवार हो गया कि मेहमान बेवकूफ है या मेजबान बदनसीब! चारपाई ही पर उनका मुंह हाथ धुलवाया और खाना खिलाया जाएगा और उसी चारपाई पर ये सो रहेंगे। सो जाने के बाद उनपर से मच्छर मक्खी इस तरह उड़ाई जाएगी जैसे कोई फेरी वाला अपने ख़्वांचा पर से झाड़ूनुमा मोरछल से मक्खियाँ उड़ा रहा हो। चारपाई पर सूखने के लिए अनाज फैलाया जाएगा। जिसपर तमाम दिन चिड़ियाँ हमले करती, दाने चुगती और गालियां सुनती रहेंगी। कोई तकरीब हुई तो बड़े पैमाने पर चारपाई पर आलू छीले जाएंगे। मुलाजिमत में पेंशन के करीब होते हैं तो जो कुछ रुख़्सत-ए-जमा हुई रहती है उसको लेकर मुलाजिमत से सुबूकदोश हो जाते हैं। इस तरह चारपाई पेंशन के करीब पहुंची है तो उसको किसी काल कोठरी में दाखिल कर देते हैं और उसपर साल भर का प्याज का जखीरा जमा कर दिया जाता था। एक दफा देहात के एक मेजबान ने प्याज हटाकर उस खाकसार को ऐसी ही एक पेंशन याफ़्ता चारपाई पर उसी काल कोठरी में बिछा दिया था और प्याज को चारपाई के नीचे इकट्ठा कर दिया गया था। उस रात को मुझपर आसमान के उतने ही तबक रौशन हो गए थे जितनी सारी प्याजों में छिलके थे और यक ीनन चौदह से ज्यादा थे। फिराक और विसाल, बीमारी-व-तंदुरुस्ती, तस्नीफ-व-तालीफ, सिर्का और शायरी सबसे चारपाई ही पर निपटते हैं। बच्चे बूढ़े और मरीज उसको बतौर पाखाना-ए-गुसुलखाना काम में लाते हैं। कभी अदवान कुशादा करदी गई। कभी बुना हुआ हिस्सा काट दिया गया और काम बन गया। पुख़्ता फर्श पर घसीटिए तो मा'लूम हो कोई मिल्ट्री टैंक मुहिम पर जा रहा है या बिजली का तड़ाका हो रहा है।

# एफओबी के निर्माण में तारें बनी बाधा

## निमार्णाधीन फुट ओवरब्रिज जिसका काम अधर में लटका है साथ में बिजली की 33 केवी की गुजरती लाईन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**बड़ी औद्योगिक क्षेत्र** फेज 1 के सामने नेशनल हाईवे पर करीब नौ माह पहले फुट ओवर ब्रिज बनने का काम शुरू किया गया था। नौ माह का लंबा समय बीत जाने के बाद भी फुट ओवर ब्रिज का काम अधूरा पड़ा है। एनएचएआई विभाग द्वारा बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की तरफ से लोहे के पिलर सीढ़ियां व फुट ओवर ब्रिज का निर्माण तो लगभग पूरा कर दिया गया है, लेकिन दूसरी तरफ पिलर अधूरे छोड़ रखे हैं जिससे यहां सीढ़ियों का निर्माण भी नहीं हो सकता है। फुट ओवर का फ्रेम सड़क के किनारे रखा है, लेकिन पिलर से ब्रिज के फ्रेम को जोड़ा नहीं जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो फुटओवर ब्रिज के दूसरी तरफ से गुजर रही बजली की तारें



निर्माण कार्य में बाधा बनी हुई हैं, जिसके चलते फुट ओवर ब्रिज का निर्माण अधूरा पड़ा है। इस बारे में एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी का कहना है कि तार शिफ्ट करवाने के प्रति न तो एजेंसी गंभीर है और न ही एनएच विभाग के अधिकारी। जिस वजह से फुट ओवर

**▶▶ फुट ओवर का फ्रेम सड़क के किनारे रखा है, लेकिन पिलर से ब्रिज के फ्रेम को जोड़ा नहीं जा रहा है**

ब्रिज का निर्माण नौ माह बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान नवीन शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष अक्तूबर माह में फुट ओवर ब्रिज का कार्य शुरू कर दिया गया था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो पा रहा है। जिस वजह से कई कामगार जीटी रोड पर हादसों का शिकार बन रहे हैं। ऐसे में फुट ओवरब्रिज को जल्द बनाया जाना बेहद जरूरी है।

**एनएच अधिकारी बोले जल्द करवाएंगे निर्माणः** एनएचएआई के प्रोजेक्ट अधिकारी गजेंद्र सिंह ने कहा कि निगम की तारों की वजह से पर्याप्त जमीन नहीं मिल रही है। जिससे एफओबी निर्माण में देरी हो रही है। वह इस बारे में शुक्रवार को स्वयं संज्ञान लेते हुए फुट ओवर ब्रिज के स्टेटस की जांच करेंगे, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा हो सके।

**जान को जोखिम में डालकर कर रहे जी टी रोड क्रासः शाम** के समय जब फैक्ट्री से मजदूरों की छुट्टी होती है तो देखा जा सकता है कि फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर अवैध रूप से अपनी जान को जोखिम में डालकर जी टी रोड को क्रास करते है। इस दौरान एक-दो मजदूर की वाहन की चपेट में आने से मौत हो चुकी है।

# टूटी हुई सनौली रोड को लेकर मारबल मार्केट एसो.की हुई बैठक

## टूटे हुए सनौली रोड पर हादसों से बचने के लिये इस एरिया को रेड जोन घोषित कर दे सरकारः सुरेश जैन प्रधान



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत** में गांव उग्राखेड़ी मारबल मार्केट के पास टूटे हुए सनौली रोड के चलते स्थानीय मारबल व्यापारियों व वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानीपत में रविवार से लगातार हो रही बारिश से इस सडक पर पानी भरने और पहले से ही बने हुए गड्ढों की चलते वाहन चालक विशेषकर बाइक सवार यहां पर गिरकर चोटिल हो रहे है। वहीं मारबल मार्केट एसोसिएशन की बैठक वीरवार को सुरेश जैन प्रधान की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि उनका तो कारोबार इस बदहाल सडक के चलते पूरी तरह से ठप हो चुका है। इसकी मरम्मत को लेकर भाजपा के सांसद व विधायकों सहित जिला प्रशासन को अनेकों बार गुहार लगाई जा चुकी है। जबकि शहर के कई संगठनों द्वारा भी कांवड़ यात्रा को लेकर इस सडक की मरम्मत को लेकर धरने प्रदर्शन किये गये लेकिन इसका कोई समाधान नहीं हो पाया है। जैन ने कहा कि इस टूटी हुई सडक पर रोजाना हादसे हो रहे है और इन हादसों से बचने के लिये जिला प्रशासन से मांग है कि इस करीब एक किमी के टूटी हुई सडक के एरिया को रेड जोन घोषित कर दिया जाये और बेरिकेड लगाकर इस सडक को रोक दिया जाये ताकि हादसे होने से बच सके। बैठक में विकास गोयल, सुरेश कुमार, गुलजार, जितेंद्र, गौरव व कन्हैया आदि मौजूद रहे।

**बदहाल सनौली रोड का जल्द समाधान नहीं हुआ तो 6 जून से देंगे अनिश्तिकालीन धरना : रामरतन शर्मा**

**सर्व** समाज एकता मंच के रामरतन शर्मा ने बताया कि इस टूटी हुई सनौली रोड से मारबल कारोबारियों के अलावा वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। यह हाईवे पानीपत शहर को यूपी से जोडने वाली प्रमुख सडक है। वहीं अब जल्द ही कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है और शिवभक्त कैसे इस बदहाल सडक से गुजरेगे, इसके बावजूद भी भाजपा के सांसद व दोनो विधायक इस सडक की सुध नहीं ले रहे है। इसलिये इसका 5 जुलाई तक समाधान नहीं हुआ तो सर्व समाज एकता मंच द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से 6 जुलाई से अनिश्तिकालीन धरना दिया जाएगा। रतन शर्मा ने आरोप लगाया कि ग्रामीण विधायक हर बृहस्पतिवार को रेस्ट हाउस में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते है पर आश्चर्य की बात है कि उनके पास यहां आकर टूटी सडक को देखने तक का समय भी नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### जिला महेंद्रगढ प्रवास पर रहेंगे आयुक्त, दिव्यांगजनों की सुनेंगे समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ' सर्वश्रेष्ठ** आयुक्त पुरस्कार से सम्मानित दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड शनिवार एक जुलाई को जिला महेंद्रगढ के दौरे पर रहेंगे ' दिव्यांगजन राज्य सलाहाकार समिति के सदस्य संजय शर्मा ने बताया आयुक्त राजकुमार मक्कड प्रात: 9 बजे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण करेंगे ' तत्पश्चात दिव्यांगजनों की सेवा, सुरक्षा में समर्पित संगठन ' सक्षम ' के तत्वावधान में 11 बजे को लोक निर्माण विश्राम गृह महेंद्रगढ़ में दिव्यांगजनों की समस्याओं के बाबत खुले दरबार का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सर्वश्रेष्ठ आयुक्त के सम्मान से विभूषित राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ उपस्थित रहेंगे । श्री मक्कड खुला दरबार में आने वाले सभी दिव्यांगजनों की समस्यायों को मौके पर ही सुनकर निवारण करेंगे ' इसके बाद उनका भिवानी प्रवास रहेगा ' उल्लेखनीय है कि आयुक्त समय समय पर जिला महेंद्रगढ़ के दिव्यांगजनों की समस्या सुनने और उनपर कार्यवाही करने के लिए जिले के प्रवास पर रहते हैं और जनता दरबार का आयोजन करते हैं ' दिव्यांगजन इस संदर्भ में सक्षम संस्था से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं '
**लिखित में लाएं अपनी शिकायतें:** सभी दिव्यांगजन अपनी समस्या को लिखित में लेकर आयें ' इस शिकायत पर अपना मोबाइल नंबर तथा ई- मेल एड्रेस आवश्य लिखा हुआ होना चाहिए ' सामाजिक व्यक्तियों, संगठन, दिव्यांग जनों से अपील है कि दिव्यांग जनों से संबंधित समस्या दरबार में लिखित में लेकर आने के लिए प्रेरित करें - संजय शर्मा, सदस्य सलाहकार दिव्यांगजन सलाहकार समिति हरियाणा

### आज व्यापारियों की समस्याएं सुनेंगे व्यापारी कल्याण नोड के चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** जिला महेन्द्रगढ़ के सभी व्यापारी भाइयों की समस्याओं को सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ व हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बाल किशन अग्रवाल व संजय छपरिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनांक 30 .06 .2023 वार शुक्रवार को शाम 4 .30 बजे कम्युनिटी सेंटर हुड्डा में व्यापारी सम्मेलन में भाग लेंगे। व्यापारी सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव व सामाजिक सशक्तिकरण राज्यमंत्री ओम प्रकाश यादव,नांगल चौधरी से विधायक डॉ. अभय सिंह यादव व अटेली से विधायक सीता राम यादव भी उपस्थित रहेंगे। सभी व्यापारी भाइयों से निवेदन है कि समय पर जरूर पधारें। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जयप्रकाश सर्राफ ने कहां की व्यापारी अपनी कोई भी समस्या है (व्यापार से संबंधित) तो वह व्यक्ति लिखित रूप में अध्यक्ष जी को दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करवाने का प्रयास किया जाएगा ।

### मंजू कौशिक बनी आप की स्टेट जोनल सेक्रेटरी

**सोनीपत: आज आम** आदमी पार्टी हरियाणा द्वारा गन्नौर से पुरानी कार्यकर्ता मंजू कौशिक को स्टेट जोनल सेक्कट्री की जिम्मेदारी दी गई आपको बता दे मंजू कौशिक अन्ना आंदोलन से जुड़ी हुई कार्यकरता है और विभिन्न पदों पर ईमानदारी से कार्य कर चुकी है ।जो अब पार्टी ने प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप दी । वहीं मंजू कौशिक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व राष्ट्रीय महासचिव व हरियाणा के इंचार्ज संदीप पाठक , प्रदेश अध्यक्ष सुसील गुप्ता का धन्यवाद किया।

### प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए निगम लगाएगा वार्डों में कैंप

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**नगर निगम** आयुक्त अंजू चौधरी ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए एक जुलाई व दो जुलाई को नगर निगम अम्बाला में सम्पत्तिकर डाटा दुरूस्ती कैम्पों को आयोजन किया जाएगा। उन्होनें सभी शहरवासियों को आहवान किया कि वे अपनी इस विषय से ;सम्पत्तिकरद्ध सम्बधिंत दस्तावेजों सहित कैम्पों में आकर अपनी त्रुटियां ;गल्तियांद्ध को ठीक करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 1 से 5 के लिए जग्गी कॉलोनी स्थित कम्युनिटी सैन्टर मेंए वार्ड नम्बर 6 से 10 के लिए नगर निगम कार्यालय अम्बाला शहर मेंए वार्ड नम्बर 11 से 15 के लिए नगर निगम कार्यालय अम्बाला शहर में तथा वार्ड नम्बर 16 से 20 के लिए सैक्टर.9 स्थित कम्युनिटी सैन्टर में कैम्पों का आयोजन होगा। सम्बधिंत व्यक्ति इन कैम्पों का लाभ उठाएं। वहीं लोगों में चर्चा है कि पहले शहर भर की प्रॉपर्टी आई डी को गलत कर दिया गया और अब इन्हे ठीक करवाने के नाम पर लोगों को लाईनों में लगाया जा रहा है।

# अटूट निश्चय दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े : ब्रम्हाकुमारी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**प्रारंभ** में ब्रह्माकुमारी संस्था के कार्यों को न जाने के कारण खासकर पंजाब में कई बार लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा।
लेकिन ऐसे में भी परमात्मा शक्ति पर अटूट निश्चय और अपने दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए कृष्णा बहन ने आध्यात्मिकता के मार्ग को नहीं छोड़ा। ईश्वरीय महावाक्यों के आधार पर और ब्रह्माकुमारीज के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा , मातेश्वरी जगदंबा तथा वरिष्ठ दादियों के मार्गदर्शन के अनुसार चलते आपने अपने

**संकल्प**

**▶▶ खासकर पंजाब में कई बार लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा: कृष्णा बहन**

जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित किया।
लगभग विगत 60 से भी अधिक वर्षों से आप ईश्वरीय सेवाओं में अथक रूप से रत है । ईश्वरीय सेवाओं के दौरान कई तरह के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेवारी आपके द्वारा ली गई और उसे बहुत ही सुचारू रूप से सफल रूप से निभाया गया। आपके व्यक्तिमत्व में जो अपने कार्य के प्रति सच्चाई, वफादारी और लगन बड़ों ने देखी उस आधार पर बड़ी बहनों के द्वारा आप को सचली कौड़ी का टाइटल भी दिया गया।
ऐसी अति महान कृष्णा दीदी अपने छोटे से कद के होते हुए भी महान कर्तव्यों के कारण सदा ही सभी बी के परिवार के लिए आदर्श रहे हैं। आपके द्वारा अध्यात्मिक पालना लिए हुए कई भाई और बहने आज देश-विदेश में ब्रह्माकुमारीज के अनेक सेवाकेंद्रों को संभालते परमात्मा के संदेशवाहक बनकर कार्य कर रहे हैं । बहन का अंबाला क्षेत्र में आगमन के बाद यहां की सेवाएं भी तीव्र गति से वृद्धि होती गई।
वर्तमान में कृष्णा अंबाला स्थित दयालबाग सेंटर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।
उपक्षेत्र संचालिका के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए वह आज भी लगभग 86 वर्ष की आयु में भी लगभग 12 सेवाकेंद्रों का तथा सैकड़ों ब्रह्मकुमारी पाठशालाओं का सफल संचालन कर रहे हैं।
तत्पश्चात नारायणगढ़ सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी हरदीप बहन जी ने नारायणगढ़ पधारने पर आदरणीय कृष्णा दीदी जी का दिल से स्वागत और धन्यवाद किया।

# निहारसी में होगा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) उपायुक्त** डा. शालीन ने बताया कि हरियाणा उदय आउटरिच कार्यक्रम के तहत जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और जनसंवाद कार्यक्रमों को को किए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि इन कार्यक्रमों में जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं उनका तीव्रता से समाधान हो।
उन्होंने यह भी बताया कि जन संवाद कार्यक्रम के तहत 9 जून से 26 जुलाई तक निर्धारित तिथियों के मुताबिक सम्बन्धित गांवों में जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक 9 जून को गांव सौंटी में 14 जून को गांव थम्बड़ में तथा 21 जून को गांव लंडा में तथा 28 जून को नारायणगढ़ सब डिवीजन के तहत काला आम्ब में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन करके ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य के दृष्टिगतअम्बाला शहर सब डिवीजन के तहत 5 जुलाई को निहारसा मेंए बराड़ा सब डिवीजन के तहत 12 जुलाई को गांव धीन मेंए अम्बाला कैंट सब डिवीजन के तहत 19 जुलाई को गांव तेपला में तथा नारायणगढ़ सब डिवीजन के तहत 26 जुलाई को शहजादपुर में जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# दुकानदारों ने समाजसेवी संदीप गर्ग के जन्मदिवस पर किया नमकीन चावल के भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)**
**लाडवा के** महाराजा अग्रसेन चौंक के नजदीक के दुकानदारों ने स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग के जन्मदिवस के अवसर पर नमकीन चावल के भंडारे का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं दुकानदारों ने समाजसेवी संदीप गर्ग का केक कटवाया और जन्मदिवस की बधाई दी। दुकानदार हैप्पी जिन्दल के बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के के लोगों के लिए इतने कार्य कर रहे हैं जैसे



हल्के में चार रसोईयां प्रतिदिन चलाई जा रही है। जिसमें मात्र पांच रूपए में लोगों को भरपेट खाना दिया जाता है, मोबाईल मेडिकल वैन चलाई गई है। उसी को देखते हुए हम लोगों का भी उनके प्रति कुछ करने का फर्ज बनता है। इसलिए दुकानदारों द्वारा यह नमकीन चावल के भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसका शुभांभ समाजसेवी संदीप गर्ग ने किया और लोगों को नमकीन चावल वितरीत किये।

# सनातन सर्वोपरि था और सदैव रहेगा : वीरेश शांडिल्य

**पानीपतः भगवान राम** की जन्मभूमि आयोधा से सरयू नदी पर संतों की मौजूदगी में गठित विश्व हिंदू तख्त प्रमुख एवं एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि सनातन सर्वोपरि था और सदैव रहेगा। वीरेश शांडिल्य का पानीपत पहुंचने पर मदन भारद्वाज, विकास ग्रोवर, राजू बठला, नवीन मनचंदा, सुरेन्द्र मक्कड़, हरीश परूथी, अनिल बजाज, कपिल गिरधर, विशाल, राजू, जश्न बजाज व राज कुमार शर्मा आदि ने स्वागत किया। मदन भारद्वाज ने वीरेश शांडिल्य को विश्व हिंदू तख्त प्रमुख बनने पर भगवान शिव का त्रिशूल व पगड़ी व दोशाला देकर सम्मानित किया।

# टग आफ वार प्रतियोगिया का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। हरियाणा** उदय मुहिम के तहत पुलिस ने थाना निजामपुर क्षेत्र में गांव मुसनौता के युवाओं की टीम और हरियाणा पुलिस की टीम के बीच टग ऑफ वार प्रतियोगिता करवाई । रस्साझकस्सी की प्रतियोगिता में हरियाणा पुलिस ने बाजी मारी, जीतने वाली टीम को डीएसपी जितेंद्र कुमार ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने डीएसपी जितेंद्र कुमार का स्वागत किया।
इस कार्यक्रम के दौरान डीएसपी जितेंद्र कुमार ने युवा वर्ग को नशे की दुनिया से हटकर खेल व समाजिक कार्यों में योगदान करनें हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि



युवाओं को नशे से दूर रखने में खेल-कूद प्रतियोगिताएं अहम भूमिका निभाती हैं। युवा देश का भविष्य हैं और युवाओं की असीमित ऊर्जा ही देश को विकास के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित करेगी। इसके लिए आवश्यक है कि युवा सही दिशा में सोचे और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति तक नियमित परिश्रम करते रहें और इसके लिए आवश्यक है कि हमारी युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रखें। नशे से जुड़े किसी भी पदार्थ का उपयोग शौक के रूप में भी नहीं करना चाहिए। हमें जितना हो सके इससे दूर ही रहना चाहिए और ज्यादातर युवाओं को जागरूक करना चाहिए। अगर हमें एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना है तो हमें हर प्रकार के नशे को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए।
नशा करने से परिवार में आर्थिक नुकसान होने के साथ उसके स्वास्थ्य पर भी गलत असर पड़ता है। नशे की लत इंसान को खोखला बनाती है। आज के युवाओं को नशे से दूर करने के लिए हमें समाज को जागरूक करने की जरूरत है।

# 'हरियाणा उदय के तहत पूरा किया जाएगा कुरुक्षेत्र ग्रीन का सपना'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा** उदय के तहत कुरुक्षेत्र ग्रीन के सपने को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए कुरुक्षेत्र में वन विभाग की तरफ से लगभग 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य हासिल करने के लिए वन विभाग की तरफ से जून व जुलाई माह के हरियाणा उदय कार्यक्रम का खाका तैयार कर लिया गया है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशानुसार हरियाणा उदय कार्यक्रम को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा और नागरिकों के सहयोग से कुरुक्षेत्र ग्रीन के सपने को पूरा किया जाएगा। इस हरियाणा उदय कार्यक्रम उपायुक्त शांतनु शर्मा की देखरेख में चलाया जाएगा।
हरियाणा उदय थीम के साथ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र के गांव व शहरों में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत विभागीय आउटरीच कार्यक्रम, जन लोक शिकायतों की सुनवाई, आधार कार्ड, पीपीपी, आयुष्मान भारत कार्ड आदि सुधार, पशु और मानव स्वास्थ्य के लिए शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम तथा शिक्षा एवं कैरियर दिशा निर्देश जैसे कार्यक्रम को समाज के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाया जाएगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी हरियाणा उदय थीम के साथ जन संवाद कार्यक्रम के तहत सरकार के कार्यक्रम और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। इस हरियाणा उदय



के तहत गांव में पौधारोपण कार्यक्रम वन विभाग की तरफ से जून व जुलाई माह में चलाया जाएगा। इस पौधारोपण कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र जिला में लगभग 50 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पौधरोपण अभियान को एक जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा।
उन्होंने कहा कि गांव में हरियाणा उदय थीम के साथ जन संवाद कार्यक्रम के तहत तालाबों के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व पौधारोपण पर विशेष फोकस रखा जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत लोगों के सहयोग के साथ गांव-गांव व शहरों में कार्यक्रम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है। जिला वन अधिकारी रविंद्र धनखड़ ने कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र को हरा भरा करने का खाका तैयार कर लिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 50 हजार पौधे लगाएं जाएंगें। इसके अलावा भी वन विभाग की तरफ से पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# सभी सीईटी पास अभ्यार्थियों को मौका दें खट्टर सरकार

## हजारों कार्यकर्ताओं व पार्टी नेताओं ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला** छावनी में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय सह.सचिव की अगुवाई में आम आदमी पार्टी के कार्येकर्ताओं व नेताओं ने अम्बाला छावनी के फव्वारा चौक पर स्टेडियम के सामने सीईटी क्वालीफाई लंबित भर्तियों को पूरा ना करने को लेकर रोष प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ताओं व पार्टी नेताओं ने जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। धरना स्थल पर भाजपा की खट्टर सरकार पर गरजते हुए आम

**प्रदर्शन**

**▶▶ स्टेडियम के सामने सीईटी क्वालीफाई लंबित भर्तियों को पूरा ना करने को लेकर रोष प्रदर्शन किया**

आदमी पार्टी नेताओं ने कहा की जब से हरियाणा में खट्टर सरकार आई है तब से हरियाणा बेरोजगारी और महंगाई में नबंर एक हो गया है। प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। 19 लाख 22 हजार बेरोजगार युवा तो 20 से 24 साल की उम्र की बीच के हैं। हर तीन स्नातक युवाओं में से दो बेरोजगार है। जो युवा स्नातक और उससे ऊपर की योग्यता रखने वाले युवा है उन बेरोजगारों की संख्या 6 लाख 2 हजार है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा में हर साल साढ़े 5000 कर्मचारी रिटायर होते हैंए लेकिन नई भर्ती का आंकड़ा बहुत कम है। हरियाणा में आबादी के हिसाब से 9 लाख कर्मचारी होने चाहिएए लेकिन नियमित कर्मचारियों की संख्या 3ए38ए921 है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 1 लाख 80 हजार पद खाली पड़े हैं और खट्टर सरकार ने अप्रैल 2023 से 13 हजार पदों को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था का हाल बेहाल हैए हरियाणा में आबादी के हिसाब से 10 हजार डॉक्टर होने चाहिएए लेकिन अभी प्रदेश में 4000 ही डॉक्टर हैं। 6 हजार पद खाली पड़े हैं। एमडी के 241 पदों में से 191ए महिला रोग विशेषज्ञ के 193 में से 98ए इनस्थेटिक्स के 231 में से 131एबाल विशेषज्ञ के 146 में से में 81 और सर्जन के 143 में से 68 पद खाली पड़े हैं।

# गेस्ट टीचरों को सरकार ने पक्का नहीं किया तो लड़ेंगे आर पार की लड़ाई : राजेश शास्त्री

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा** अतिथि अध्यापक संघ के प्रदेश सचिव राजेश कुमार शास्त्री एवं जिला प्रधान विनोद कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को गेस्ट टीचरों ने रेस्ट हाउस में पानीपत ग्रामीण हलका विधायक महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रदेश सचिव राजेश शास्त्री ने कहा कि 8 जून को कुरुक्षेत्र रोड धर्मशाला में हुई राज्य स्तरीय मीटिंग में फैसला लिया गया था कि समस्त हरियाणा प्रदेश के करीब 14 हजार गेस्ट टीचरों को नियमित करने की मांग को लेकर सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के पक्ष एवं विपक्ष के सभी विधायकों व मंत्रियों को ज्ञापन सौंपें जाएगे। उसी के तहत विधायक महीपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपा गया है। वहीं शास्त्री ने कहा कि भाजपा ने 2014 में चुनाव से पहले वादा किया था कि उनकी सरकार बनते ही सभी 15 हजार गेस्ट टीचरों को नियमित किया जाएगा लेकिन 9 वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी गेस्ट टीचरों को पक्का नहीं किया गया। सरकार ने अब तो गेस्ट टीचरों के पदों को खाली मानते हुए 150-200 किमी दूर दूसरे जिलों में ट्रांसफर कर दिया गया। जिला प्रधान विनोद कुमार ने कहा कि गेस्ट टीचरों में सरकार के प्रति भारी रोष और सभी गेस्ट टीचर नियमित करने एवं दूर दराज गये गेस्ट टीचरों को गृह जिले में समायोजित करने की मांग कर रहे है।

# एनसीएसएए की हुई दूसरी बैठक

## सीएम केजरीवाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर लगाई रोक, महिला अधिकारियों की मांग को दी स्वीकृति

**फैसले लिए**

**बैठक का मुख्य एजेंडा दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से संबंधित था**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में नेशनल कैपिटल सिविल सर्विसेज अथॉरिटी (एनसीसीएसए) की दूसरी बैठक हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से संबंधित था। बैठक में तीन मुद्दे रखे गए, जिसमें से एक पर सहमति बन पाई। बैठक में शिक्षा विभाग में कुछ अधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रोक दिया क्योंकि उनके खिलाफ विजिलेंस के केस चल रहे हैं। इसके अलावे शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों को विभाग से हटाने का प्रस्ताव था, उस पर भी मुख्यमंत्री ने आपत्ति जताई और प्रस्ताव को रोक दिया गया। वहीं कुछ महिला अधिकारियों ने निजी कारणों से सब रजिस्ट्रार की पोस्टिंग से हटाने की मांग की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने मानवीय दृष्टिकोण दिखाते हुए स्वीकृति प्रदान कर दी। एनसीसीएसए की यह बैठक मुख्यमंत्री निवास स्थित कैंप कार्यालय में हुई। दिल्ली सरकार में सर्विसेज को लेकर केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश में मुख्यमंत्री केजरीवाल को अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से संबंधी सेवा विभाग से प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। इस प्रस्ताव में तीन अलग-अलग श्रेणी के अनुरोध शामिल था। इसके अलावा इसमें कुछ निजी तौर पर अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की मांग को लेकर किए गए अनुरोध शामिल था। इसमें आज हुई बैठक में दो पर सहमति नहीं बन पाई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एनसीसीएसए की बैठक में सदस्य सचिव एवं मुख्य सचिव शामिल हैं। इस अथॉरिटी के तीन सदस्यों में कोई भी फैसला 2-1 से पास होता है। जिस मुद्दे पर दो सदस्य सहमत होते हैं, वह स्वीकृत हो जाता है।

**आतिशी को वित्त और राजस्व मंत्रालय भी सौंपा:** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की मंत्रिमंडल में गुरुवार को फेरबदल हुआ है। आतिशी को वित्त और राजस्व मंत्री बनाया गया है। अब आतिशी के पास 14 विभाग हो गए हैं। आतिशी के पास महिला और बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा, शिक्षा, कला संस्कृति और भाषा, पर्यटन, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा, जन संपर्क जैसे 12 विभाग पहले से थे।

**आप ने एलजी पर फाइल रोकने का आरोप लगाया था:** इससे पहले गुरुवार को ही दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर कैबिनेट में फेरबदल से जुड़ी फाइल रोकने का आरोप लगाया था। आप सरकार ने कहा- हमने कैबिनेट में फेरबदल से जुड़ी फाइल उपराज्यपाल के पास साइन कराने के लिए भेजी थी, जो उन्होंने पिछले 4 दिनों से रोक रखी है।

### मार्च में आतिशी और सौरभ ने मंत्री पद की शपथ ली थी

**बता** दें कि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली सरकार में मंत्री पदों पर कई बार फेरबदल हो चुका है। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन जेल में बंद हैं, उन्होंने मार्च 2023 में मंत्री पदों से इस्तीफा दे दिया



था। जिसके बाद सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने मंत्री पद की शपथ ली थी। मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद कैलाश गहलोत को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली थी। उन्होंने ही इस साल का बजट भी पेश किया था।

### 'एलजी साहिब आप बाहर से आए हैं, दिल्लीवालों को नहीं समझते..'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के एलजी ने अपने एक हालिया बयान में कहा कि दिल्ली को लोगों को मुफ्त की चीजों की आदत पड़ गई है। उनके इसी बयान पर जवाब देते हुए दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने गुरुवार सुबह एक ट्वीट किया। इसमें केजरीवाल ने एलजी पर दिल्लीवालों को नहीं समझने का आरोप लगाते हुए उनका अपमान नहीं करने की अपील की है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के एक बयान पर बिफरते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एलजी दिल्ली के लोगों का अपमान न करें, आप बाहर से आए हैं और यहां के लोगों को नहीं समझते।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशान के 9 वर्ष पर प्रेसवर्ता में अर्जुन राम मेघवाल (कानून एवं न्याय मंत्री, भारत सरकार) सांसद हंसराज हंस एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रवक्ता शुबेंदु शेखर अवस्थी के साथ सभी मीडिया बंधुओं के समक्ष अपने विचार रखे।

### दिल्ली-एनसीआर में सुबह-सुबह तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कुछ दिनों से बिना बरसे विदा हो रहे बादल आखिरकार गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बरस ही गये। दिल्ली-एनसीआर में सुबह-सुबह तेज हवा के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। मौसम विभाग का कहना है कि दो जुलाई तक हल्की बारिश के ही आसार हैं। दिल्ली में मानसून समय से पहले ही पहुंच गया था। लोग उम्मीद कर रहे थे कि मानसून की बारिश जारी रहेगी, लेकिन दिल्ली में बारिश के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। दो से तीन इलाकों में हल्की बारिश तो कुछ इलाकों में धूप निकल रही है।

# खामियां उजागर होने के बाद एक्शन में दिल्ली पुलिस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रगति** मैदान टनल में दिनदहाड़े लूट की घटना के बाद दिल्ली का सियासी माहौल इन दिनों गरमाया हुआ है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार हमला बोल रहे हैं। वहीं, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त समेत सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को खास कर रात के समय गश्त पर उतरने के आदेश दिए है। ऐसे में भी दिल्ली के कुछ थानेदार लापरवाही बरतने का मामला सामने आ रहा है। नई दिल्ली जिला डीसीपी प्रणव तायल ने इस मामले में जांच कराई।

**डीसीपी ने मांगी लोकेशन तो खुली पोल:** नई दिल्ली जिले के डीसीपी प्रवण तायल ने छह बजे नई दिल्ली जिले के सभी थानाध्यक्षों की लाइव लोकेशन मांगी। डीसीपी ने सभी की लाइव लोकेशन देखी तो कनॉट प्लेस थानाध्यक्ष उपेंद्र को छोड़कर सभी गश्त कर रहे थे। इस पर डीसीपी ने उनसे कहा कि वह गश्त क्यों नहीं कर रहे हैं तो इंस्पेक्टर उपेंद्र ने कहा कि वह पास स्थित हनुमान मंदिर में हैं। बाद में डीसीपी को पता लगा कि वह थाने में ही है। लोकेशन को लेकर बुधवार को जांच कराई गई। उन्होंने हनुमान मंदिर में लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज निकलवाई। उससे पता लगा कि थानाध्यक्ष मंदिर में मौजूद थे। इसके बाद डीसीपी ने उन्हें इलाके में गश्त करने के आदेश दिए। हनुमान मंदिर व थाने पास में ही हैं।

### थानाध्यक्ष से लाइव लोकेशन मांगी थी: डीसीपी

**डीसीपी** प्रवण तायल ने बताया कि उन्होंने कनॉट प्लेस थानाध्यक्ष से लाइव लोकेशन मांगी थी। थानाध्यक्ष ने कहा था कि वह मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अपराध को रोकने के लिए गश्त पर जोर देंगे।

**थानाध्यक्ष सो रहे थे और डीसीपी गश्त करते हुए थाने पहुंचे:** सनलाइट कॉलोनी थानाध्यक्ष की भी बड़ी लापरवाही सामने आई है। दक्षिण-पूर्व जिले के डीसीपी-एक हर्ष इंदौरा गश्त करते हुए सनलाइट कॉलोनी थाने पहुंच गए। उस समय थानाध्यक्ष विजय सनवाल अपने रेस्ट रूम में सो रहे थे।

# मंगोलपुरी हत्याकांड: शहजाद मेवात से गिरतार

**शिकंजा**

**शहजाद ने बताया कि वह ग्रेजुएट डिग्रीधारक है। के-ब्लॉक में साइबर कैफे का कार्य कर रहा था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले साल मंगोलपुरी में हुए खूनी संघर्ष के आरोपित शहजाद को मेवात के पिनगवां से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल 8 आरोपितों और तीन नाबालिग को पहले ही पकड़ लिया था लेकिन शहजाद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। कोर्ट द्वारा उसे भगोड़ा घोषित किया गया था और दिल्ली पुलिस ने उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। शहजाद ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह ग्रेजुएट डिग्रीधारक है। वह मंगोलपुरी के के-ब्लॉक में साइबर कैफे का कार्य कर रहा था। फरार होने के बाद वह लगातार भीड़भाड़ वाली कालोनियों में अपना ठिकाना बदलता रहा। आखिरी दौर में वह मेवात जिले में रह रहा था। वहीं से उसे गिरफ्तार किया गया।

# पार्क में नाबालिग से हैवानियत की हदें पार

**यौन उत्पीड़न**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह वारदात तब हुई जब पीड़िता 27 जून को अपनी दोस्त के साथ पार्क में थी। पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 27 जून को शाहबाद डेरी इलाके में स्थित पार्क से एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक यौन उत्पीड़न की सूचना मिली थी। इस मामले में सभी आरोपितों की पहचान कर एक आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान 19 वर्षीय बॉबी पुत्र उमा शंकर, 20 वर्षीय राहुल पुत्र अशोक मंडल। इसके अलावा तीन नाबालिग आरोपितों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस सभी पर पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि किशोरी 27 जून को अपनी दोस्त के साथ पार्क में थी। इसी दौरान तीन लड़के वहां पहुंचे और उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गए।



**तीन आरोपित नाबालिग:** घटना की जानकारी मिलने पर आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपित बॉबी को शाहबाद डेरी के पास से गिरफ्तार कर लिया और 4 अन्य आरोपितों की पहचान कर ली है, जिसमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक फरार आरोपित की गिरफ्तार के लिए टीम गठित की गई है।

**6 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है**

# एमसीडी अस्पतालों का होगा कायाकल्प

## मरीजों के लिए बढ़ेंगी सुविधाएं, सुरक्षित होंगे अस्पताल

**सुरक्षा पर भी...**

**कई अस्पतालों में मरीजों की जांच के लिए अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी, मिलेंगी सुविधाएं**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एमसीडी** के अस्पतालों का अगले छह महीने के भीतर कायाकल्प हो जाएगा। दिल्ली नगर निगम का अस्पताल प्रशासन विभाग अपने सभी अस्पतालों के भवनों की जरूरत के मुताबिक मरम्मत कराएगा। यहां मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। कई अस्पतालों में मरीजों की जांच के लिए अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी। अस्पताल परिसर की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी अस्पतालों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। वर्तमान में सभी अस्पतालों की चहारदीवारी बनाई जा रही है। बालकराम अस्पताल की बाहरी पार्किंग को भी चहारदीवारी के घेरे में लेकर आने की तैयारी है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। मौजूदा समय दिल्ली में एमसीडी के आठ अस्पताल हैं, जिनमें हिंदू राव अस्पताल सबसे बड़ा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल है और पूर्णिमा सेठी मल्टी स्पेशलिटी सबसे छोटा अस्पताल है। निगम के इन अस्पतालों में हर दिन भारी संख्या में मरीज इलाज कराने आते हैं, लेकिन कई बार मरीज बेहद जरूरी चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पाने की शिकायत करते हैं। इस साल के अंत तक एमसीडी के इन अस्पतालों की सूरत बदली हुई दिखेगी। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए हर साल एक निश्चित ग्रांट मिलती है। इस साल इसके लिए करीब 117 करोड़ रुपये मिले हैं, इस बजट को खर्च कर मरीजों को सुरक्षित वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है।

### जल्द मिलेंगी ये सुविधाएं

- सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी मोड) से बेहद जल्द राजन बाबू फेफड़ा व श्वसन रोग संस्थान में डॉप्लर की सुविधा के साथ अल्ट्रासाउंड मशीन और वीडियो लैरिंजोस्कोप सिस्टम स्थापित होगा।
- कुछ महीनों के भीतर बालक राम अस्पताल में मॉडुलर ओटी (ऑपरेशन थिएटर), नेत्र रोगियों की चिकित्सा के लिए नया ओटी (ऑपरेशन थिएटर) और बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में
- आंखों के इलाज के लिए कई जरूरी उपकरण लगाए जाएंगे
- वीर सावरकर आरोग्य संस्थान में भी मॉडुलर ओटी, नवीनीकृत नेत्र शल्य कक्ष और नेत्र चिकित्सा के लिए जरूरी उपकरण लगाए जाएंगे
- माता गूजरी अस्पताल तिलक नगर में एक्सरे की सुविधा जल्द ही शुरू की जाएगी, जिसके बाद मरीजों का एक्सरे वार्ड में ही हो सकेगा

### हाल ही में बढ़ाई गईं ये सुविधाएं

- हृदय रोग की संभावना से पीड़ित नवजात शिशुओं व बच्चों के परीक्षण के लिए स्वामी दयानंद अस्पताल में पीडियाट्रिक ईको की सुविधा शुरू की गई है
- प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केंद्र (पीयूएचसी) फतेहपुर बेरी में चौबीस घंटे मातृत्व संबंधी सुविधाएं देने के लिए नए मोडीफाइड ऑपरेशन रूम बनाया गया है।

### मरीजों के लिए उपलब्ध बेड

- हिन्दू राव अस्पताल-980
- राजन बाबू फेफड़ा व श्वसन रोग संस्थान-850
- कस्तूरबा अस्पताल-450
- स्वामी दयानंद अस्पताल-370
- गिरधारी लाल अस्पताल-97
- माता गूजरी अस्पताल-84
- बालक राम अस्पताल-100 (शीघ्र ही उपयोग में लाए जाएंगे)
- पूर्णिमा सेठी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल कालकाजी-40 (शीघ्र ही उपयोग में लाए जाएंगे)

### दिल्ली: सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया। आप के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने दिल्ली और हरियाणा के आप नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया को ये जानकारी दी।
चुनाव लड़ने के एकतरफा ऐलान के बाद भी विपक्षी दलों के भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत पर जोर दिया। वहीं, केंद्र सरकार पर सीबीआई और ईडी को बर्बाद करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों को एक साथ आना चाहिए। हालांकि, यह कांग्रेस पर निर्भर करता है। कांग्रेस के खुले दिल से काम करने के साथ-साथ सभी को साथ लेकर चलने को तैयार होने की स्थिति में कुछ भी संभव है, लेकिन अहंकारी होने पर चीजें मुश्किल होंगी।

# 1500 परियोजनाओं पर किया जा रहा कार्य

## डीजेबी की 10 करोड़ से ऊपर की सभी नई परियोजनाओं में अलग-अलग एक्सपर्ट कानूनी फर्म को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाएगा

**कानूनी फर्म**

**परियोजना से जुड़े सभी कानूनी अनुपालन, कम्युनिकेशन और कांट्रेक्ट एग्रीमेंट के कार्य कानूनी फर्म करेगी**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल सरकार दिल्ली** में हर घर को साफ और भरपूर पानी उपलब्ध कराने और यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए अनधिकृत कालोनियों व गांवों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। इस क्रम में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा 1500 से अधिक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर जल मंत्री सौरभ भारद्वाज की अध्यक्षता में दिल्ली जल बोर्ड ने गुरुवार को आदेश पारित किया है कि डीजेबी की 10 करोड़ से ऊपर की सभी नई परियोजनाओं में अलग-अलग एक्सपर्ट कानूनी फर्म को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाएगा। परियोजना से जुड़े सभी कानूनी अनुपालन, कम्युनिकेशन और कांट्रेक्ट एग्रीमेंट के कार्य कानूनी फर्म करेगी। इससे जहां कंपनी द्वारा एग्रीमेंट के उल्लंघन पर डीजेबी द्वारा तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी, वहीं कानूनी फर्म यह भी सुनिश्चित करेगी कि जनता के लिए शुरू की जाने वाली परियोजनाएं उच्च गुणवत्ता और सभी कानूनों का पालन करते हुए पूरी हो सके, ताकि जनता को इनका लाभ मिले। दिल्ली सरकार के अनुसार केजरीवाल के निदेशों का पालन करते हुए डीजेबी द्वारा यमुना को प्रदूषण मुक्त करने और दिल्ली में 24 घंटे जलापूर्ति प्रदान करने की महत्वाकांक्षी योजना को पूरा करने के लिए 1500 से अधिक परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। केजरीवाल प्रमुख परियोजनाओं की निगरानी स्वयं कर रहे हैं। जल मंत्री व डीजेबी अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज द्वारा हर सप्ताह सभी परियोजनाओं की समीक्षा की जा रही है।
परियोजनाओं की समीक्षा करते समय यह देखा गया कि लोगों के हित वाली कई परियोजनाओं में कानूनी तौर पर एग्रीमेंट से विचलन (डेविएशन) है। यह भी पता चला कि ऐसी भी कई परियोजनाएं है, जोकि विभिन्न कारणों से अदालतों में या अन्य कानूनी कारणों के चलते लटकी हुई हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने 2025 तक यमुना को साफ करने की जिम्मेदारी डीजेबी को दी है।

**शांति** — राजधानी की ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद में ईद की विशेष नमाज अदा की गई

# पूरे देश की मस्जिदों में अमन चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुसलमानों** का दूसरा बड़ा पर्व ईद-उल-अजहा पूरे देश भर में गुरुवार को पूरे अकीदत और एहतेराम के साथ मनाया गया।
राजधानी की ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद में सुबह 6 बजे मुसलमानों ने ईद की विशेष नमाज अदा की। शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने यहां नमाज अदा कराई। दिल्ली की दूसरी बड़ी शाही मस्जिद फतेहपुरी में इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा राजधानी के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर मस्जिदों में विशेष तौर पर देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआएं की गईं। जामा मस्जिद में नमाज से पूर्व शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने मुसलमानों को संबोधित करते हुए कहा है कि ईद-उल-अजहा त्याग और बलिदान का पर्व है। इसलिए हमें अपने पड़ोसियों खासतौर से हिंदू भाइयों की भावनाओं का आदर करते हुए इसे मनाना चाहिए। जानवरों की कुबार्नी करते समय हमें अपने पड़ोसियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कुबार्नी के बाद साफ-सफाई का खास इंतजाम करना चाहिए। गलियों, सड़कों आदि पर खुले तौर से कुर्बानी नहीं करनी चाहिए। अगर कोई पड़ोसी कुबार्नी करने से मना करता है, तो उसकी बात को मानते हुए अपने रिश्तेदारों आदि के घरों पर जाकर कुबार्नी करनी चाहिए। किसी से बिना वजह उलझना नहीं चाहिए। शांति और सद्भाव बनाए रखने पर बल देना चाहिए। उन्होंने इस मौके पर भारत सहित विश्व भर में शांति और अमन-चैन के लिए अल्लाह से विशेष दुआ भी की। इसी तरह शाही जामा मस्जिद फतेहपुरी में इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने नमाज से पूर्व अपने संबोधन में मुसलमानों से संयम और शांति के साथ ईद-उल-अजहा का पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा पैगंबर हजरत इब्राहिम के जरिए अपने पुत्र हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने की याद को ताजा करने के लिए हर वर्ष मनाई जाती है। अल्लाह ने हजरत इब्राहिम को ख्वाब में अपने पुत्र की कुर्बानी पेश करने को कहा था, जिस पर उन्होंने अमल किया मगर अल्लाह ने ऐन मौके पर फरिश्ते जिब्राईल को भेज कर उनके पुत्र की जगह एक दुंबा (विशेष जानवर) को जबह (कुर्बान) करा दिया था।



**दुआएं पढ़ी**

**दिल्ली की दूसरी बड़ी शाही मस्जिद फतेहपुरी में इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने नमाज अदा कराई**

## न्यूज फ्लैश

### हैरोईन/चिट्टा रखने व सप्लाई करने के 02 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**जिला कुरुक्षेत्र** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कस्ते हुये हैरोईन/चिट्टा रखने व सप्लाई करने के 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 6.74 ग्राम हैरोईन चिट्टा व बरामद। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र व जिला कुरुक्षेत्र पुलिस की टीम ने हैरोईन/चिट्टा रखने व सप्लाई करने वाले 02 आरोपी अशोक गौड उर्फ सन्नी पुत्र किरण वासी शाम कालोनी झांसा रोड कुरूक्षेत्र व रवि कुमार पुत्र रघुबीर सिंह वासी झांसा रोड सरस्वती कालोनी थानेसर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके आरोपी अशोक गौड से 6.74 ग्राम हैरोईन/चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुये पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 28 जून 2023 को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र सहायक उप निरीक्षक उधम सिंह, मुख्य सिपाही हरप्रतीत सिंह, सतीश कुमार, सुरजीत सिंह गाडी चालक मुख्य सिपाही विनय कुमार की टीम अपराध की तलाश में पीर बाबा की मजार सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र मौजूद थी। गुप्त सूचना मिली कि अशोक गौड उर्फ सन्नी पुत्र किरण वासी शाम कालोनी झांसा रोड कुरूक्षेत्र सैक्टर-7 दुकान नम्बर 17 कुरुक्षेत्र में अपनी यूनिक ऑपटीकल्स के नाम से चश्मों की दुकान की आड में हैरोईन/चिट्टा बेचने का काम करता है। इस समय भी अशोक कुमार उर्फ सन्नी अपने पास लेकर अपनी दुकान के बाहर नशेडीयो की फिराक में खडा है,जो काले रंग का लोयर व सफेद रंग की टी-शर्ट डाले हुए है। अगर रेड की जाये तो अशोक कुमार उर्फ सन्नी को हैरोईन/चिट्टा सहित काबू आ सकता है। जिस पर पुलिस टीम सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र में दुकान नम्बर 17 के सामने पहुंची ।जहां पर एक नौजवान लडका काले रंग का लोयर व सफेद रंग की टी-शर्ट पहने खडा मिला ।जिसने नामपता पूछने पर अपना नाम अशोक गौड उर्फ सन्नी पुत्र किरण वासी शाम कालोनी झांसा रोड कुरूक्षेत्र बताया । पुलिस टीम ने आरोपी अशोक गौड को काबू करके मौका पर पहुंचे राजपत्रित अधिकारी श्री पवन कुमार उप-पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के सामने तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 6.74 अफीम बरामद की ।आरोपी अशोक गौड के खिलाफ थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज करके पुलिस चौंक सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र के सहायक उप निरीक्षक सन्दीप कुमार ने गिरफ्तार कर लिया ।मामला में जांच आगे बढाते हुये सहायक उप निरीक्षक सन्दीप कुमार की टीम ने अफीम सप्लाई करने के आरोप में रवि कुमार पुत्र रघुबीर सिंह वासी झांसा रोड सरस्वती कालोनी थानेसर जिला कुरुक्षेत्र को भी काबू करके गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपीयों को माननीय अदालत में पेश किया गया व अदालत के आदेश से आरोपीयों को जिला कारागर बन्द करवाया गया।

### ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की ने अपने 35 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लिमिटेड-एडिशन स्कॉच लॉन्च की

**अंबाला ।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के निमार्ता, एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी इंडिया) ने अपने 35 वर्षों की यात्रा पूरी करने के उपलक्ष्य में ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की लिमिटेड एडिशन की खास पेशकश की है। इस प्रोडक्ट की डिस्टिलिंग, ब्लेंडिंग और बॉटलिंग स्कॉटलैण्ड में की गई है और यह लिमिटेड एडिशन पैक उपभोक्ताओं के प्रति प्यार और सम्मान का प्रतीक है। ऑफिसर्स चॉइस ने वर्ष 2013 से लगातार 10 वर्षों तक दुनिया की टॉप 3 व्हिस्कीज में अपनी जगह बना रखी है। एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की का सिर्फ एक बैच लॉन्च किया है, जिसमें स्कॉटलैण्ड से आयात की गईं 12156 बॉटल्स हैं। यह ब्लेंड स्वीट एवं स्पाइसी होने के साथ ही बहुत लाइट है और एक शानदार अहसास देता है। यह ब्राण्ड भारत के चुनिंदा राज्यों के एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इस अवसर पर एबीडी इंडिया के एक्जीक्यूटिव डिप्टी चेयरमैन शेखर राममूर्ति ने कहा, 1988 में लॉन्च के बाद से, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की ने निरंतर अपने स्तर को ऊँचा किया है और अपने लाखों उपभोक्ताओं का दिल और भरोसा जीता है। हमें इस बात का गर्व है कि यह हमारे देश के मास प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में मार्केट लीडर बनी हुई है और दुनिया की टॉप व्हिस्कीज में शामिल है। लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की की पेशकश इसकी 35 साल की सदाबहार यात्रा का उत्सव है। एबीडी इंडिया के स्ट्रैटेजी, सेल्स एवं मार्केटिंग के सीओओ बिक्रम बासु ने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की उपभोक्ताओं की सबसे बढ़िया पसंद रही है और लगातार पिछले 10 वर्षों से दुनिया के टॉप 3 व्हिस्की ब्राण्ड्स में से एक बनी हुई है। आज यह 22 देशों में उपलब्ध है। इस ब्राण्ड की 35वीं सालगिरह मनाने के लिये हमने इसका निर्माण स्कॉटलैंड में करवाया, जहां बेहतरीन व्हिस्की बनती है। लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की को केवल एक बैच के लिये ही स्कॉटलैण्ड में डिस्टिल, ब्लेंड और बॉटल किया गया है।

# एसटीपी प्लांटों का किया निरीक्षण

## जल निकासी करने वाले ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया प्लांट की हालत देख कर भडके विधायक विज, अधिकारियों को लगाई फटकार

**टीम एकशन इंडिया/ पानीपत**
पानीपत शहर में बारिश का पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव की समस्या को देखते हुए विधायक प्रमोद विज ने वीरवार को बारिश के दौरान ही शहर में ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक विज को एसटीपी में कई कमियां मिली और उन्होंने स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाई। विधायक विज



ने एसटीपी परिसर में पहुंचने पर वहां पर फैली गंदगी को हटाने के निर्देश दिये। एसटीपी में सबसे पहले बड़ी कमी मिली कि वहां पर किसी भी प्रकार का कोई डिस्चार्ज मीटर नहीं मिला, जहां यह रिकॉर्ड हो सके कि एसटीपी प्लांट से कितना पानी निकाला गया। प्लांट के कर्मचारियों द्वारा लोगबुक को भी मेन्टेन नहीं किया गया था, ताकि पता लग सके कि पंप कितनी देर बिजली से चला और कितनी

**निर्देश**

▶▶ वधायक विज ने एसटीपी परिसर में पहुंचने पर वहां पर फैली गंदगी को हटाने के निर्देश दिये

देर जनरेटर से चला है। जबकि प्लांट में तीन पंप हैं और उनमें से दो पंप खराब पाए गए। इन दिनों एक ही पंप के सहारे ही प्लांट में जल निकासी हो रही है। जनरेटर के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल भी प्लांट में नहीं मिला। उसके उपरांत विधायक विज ने जाटल रोड स्थित पम्प स्टेशन का भी दौरा किया। जहां पर सरकार द्वारा 7 मोटर उपलब्ध कराई गई हैं लेकिन 5 मोटर के सहारे ही इन दिनों प्लांट की व्यवस्था चल रही है। वहीं पानीपत शहर में जल निकासी की समस्या का लेकर विधायक प्रमोद विज ने अधिकारियों से सवाल किए हैं। उन्होंने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था के लिए एक साल पहले टेंडर लगा दिए गये थे लेकिन निगम अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया।

## शहर के विकास कार्यों को लेकर मंत्री ने ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। प्रदेश** के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने आज नगर परिषद तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर में विकास कार्यों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की गलियों व अन्य विकास कार्यों से संबंधित जल्द से जल्द एस्टीमेट तैयार करवाए जाएं। विकास कार्यों के लिए सरकार से बजट मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि शहर में जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। बारिश होने के एक-दो घंटे के अंदर अंदर शहर की सड़कों पर पानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए हुए अतिरिक्त पंप लगाकर पानी की निकासी करवाएं। अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 1 व 2 जुलाई को नगर परिषद नारनौल की ओर से प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए कैंप लगाया जाए।

## इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है : नेहरा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय जनता** पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा गन्नौर विधान सभा की रेहड़ा बस्ती में अपने परिचित अली हसन और आबिद हसन के निवास पर ईद की शुभकामना देने पहुँचें। इस अवसर पर उनके साथ नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ,वाइस चेयरमैन दिनेश अधलखा, नपा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश जैन ने चाँद मोहम्मद को ईद की शुभकामनाएं दी। नेहरा ने कहा कि बकरीद इस्लामी पर्वों में दूसरा सबसे शुभ त्योहार है। दुनिया भर के मुसलमान इस त्योहार को अन्य समुदाय के दोस्तों और परिवार के साथ मनाते हैं। इस्लाम में बकरीद का खास महत्व है। बकरीद को ईद उल-अजहा भी कहा जाता है। नेहरा ने कहा कि इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में बकरीद काफी महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने एक दूसरे समुदाय के त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाने चाहिए।

## श्री श्याम खाटू जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी

**पानीपत: नूरवाला** की मोतीराम कॉलोनी में श्री शिव मंदिर एवं श्याम सेवा संघ के तत्वाधान में 5 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। शिव मंदिर के प्रांगण में श्री श्याम खाटू जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। आज एकादशी पर पंडित दीपक शास्त्री की अगुवाई में श्याम सेवा संघ के सेवादारों द्वारा श्री श्याम बाबा के शीश को चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा से आंख मिलाने के लिए ले जाया गया। वहीं श्याम बाबा के सेवादारों ने बाबा के दर्शन करके सुख शांति से श्याम बाबा के शीश की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने की प्रार्थना की। वहीं चुलकाना धाम के पुजारी पंडित देवेंद्र के आश्रम में भी बाबा का शीश ले जाकर उन्हें बाबा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का निमंत्रण दिया।

## 'जुलाना रैली होगी ऐतिहासिक, रैली को लेकर ग्रामीणों व युवाओं में जोश'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**जननायक जनता** पार्टी की जींद में 2 जुलाई को होने वाली रैली में पहुंचने का हलके के गांवों में दौरा कर न्यौता दिया। जजपा प्रदेश सहसचिव सियान्नद त्यागी, पूर्व प्रत्यशी रणधीर मलिक, हल्का प्रधान अनिल त्यागी ने गांव गुमड़, अहीर माजरा, खुबड़ू, कैलाना सहित दर्जन गांवों में दौरा किया। प्रदेश सहसचिव सियान्नद त्यागी ने दावा किया कि 2 जुलाई को जिला जींद के जुलाना में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। सियान्नद त्यागी ने कहा कि रैली को लेकर युवाओं व ग्रामीणों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने,बुजुर्गों को 5100 पेंशन देने



के लिए प्रदेश मे जजपा की सरकार बनाना जरूरी है। पूर्व प्रत्याशी रणधीर मलिक ने कहा कि अब उनकी पार्टी सरकार में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी में है। 2024 में लोकसभा और फिर हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने है। जिसको लेकर सभी पार्टियां चुनावी रैली कर रही हैं। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी की गठबंधन की सरकार है। आगामी चुनाव को लेकर अगर दोनों पार्टियों का गठबंधन होता है तो बहुत अच्छा है, वरना जननायक जनता पार्टी की अलग चुनाव लड़ने की सभी तैयारियां पूरी हैं। हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि जननायक जनता पार्टी चुनाव को लेकर हर महीने 2 रैलियां करेगी।

# मेयर मदान ने कॉलोनी में पहुंचकर पीड़ित परिवार से की मुलाकात

## पुलिस प्रशासन से मिलकर मामले में आरोपियों पर सख़्त कारवाई करने के दिए दिशा निर्देश, डी एस पी से मौके पर बात कर बाकी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की रखी मांग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर** निखिल मदान वीरवार को शहर की बहालगढ़ रोड स्थित कॉलोनी में पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि बीते दिनों कालोनी में एक समुदाय विशेष द्वारा एक लड़की की शादी रोकने और पीड़ित परिवार द्वारा विरोध किए जाने पर उनके साथ मारपीट किए जाने की घटना हुई थी।

पीड़ित पक्ष का आरोप था कि पुलिस प्रशासन ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते वह आज भी भयभीत हैं और अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सूचना मिलने पर मेयर निखिल मदान कॉलोनी कॉलोनी में पहुंचे और सभी कॉलोनी वासियों से मुलाकात की और शांति बनाए रखने का अनुरोध किया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन से घटना की जानकारी ली और न्याय संगत कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही कॉलोनी

**जायजा लिया**

▶▶ मेयर ने सभी कॉलोनी वासियों से मुलाकात की और शांति बनाए रखने का अनुरोध किया

में चल रही आपराधिक घटनाओं और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर नकेल कसने के लिए मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही डीएसपी से बात की और कड़े कदम उठाने की मांग रखी।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि समाज की बहन बेटियों के साथ किसी भी कीमत पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि उन्हें मामले में न्याय मिलेगा और आगे भी उनके साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती नहीं होगी।

साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा बताया गया कि उन्हें उनके धार्मिक कार्य करने से भी यहां रोका जाता है इस पर मेयर निखिल मदान ने भरोसा दिलाया कि वह खुलकर अपने धार्मिक रीति रिवाज और पूजा पाठ करें अगर कोई समस्या सामने आती है तो वह पुलिस प्रशासन को सूचित करें। माहौल खराब करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी इसका वह लोगों को भरोसा दिलाते हैं। मामले में एक दोषी को गिरफ्तार किया गया बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

## आफत: घरों में घुसा बरसात का पानी



**पानीपत: न्यू हाउसिंग** बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 11 में बरसात का पानी घरों में घुस गया । क्षेत्र के सीवरेज कई दिनों से बन्द पड़े है शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं होती । हर पानी के बिल के साथ सीवरेज चार्जेज वसूले जाते हैं पर साल में एक बार भी सीवरों की सफाई विभाग की तरफ से नहीं कराई जाती । सीवरेज व ड्रेन नंबर 1 की समय पर अच्छे से सफाई न होने के कारण नाला ओवर फ्लो हो गया और 25 तारीख की बरसात के बाद आज फिर टॉयलेट्स के रास्ते से गंदा बदबूदार पानी राम प्रसाद शर्मा, जसविंदर, अशोक अरोड़ा, कपिल शर्मा, किरण चोपड़ा, रविन्द्र सचदेवा आदि कईयों के घरों में घुस गया जिस से निवासियों के घर का बहुत सामान खराब हो गया। घंटों तक घरों में पानी खड़ा रहने से जीना दूभर हो गया । हर वर्ष की यह समस्या प्रशासन को गंभीरता से ले कर इस का कोई स्थाई समाधान करना चाहिए। बहुत से परिवार इस पानी भराव से तंग आ कर अपने मकान बेच कर दूसरी जगह मकान लेने को मजबुर हो गए है। ऐसी स्थिति में कॉलोनी में गंभीर बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

## आपातकाल के योद्धाओं की धर्मपत्नियों को ताम्रपत्र से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल: स्वच्छ** भारत मिशन हरियाणा सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी के संयुक्त तत्वधान में लोकतंत्र की रक्षा हेतु योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. कैलाश चंद शर्मा की धर्म पत्नी रत्ना देवी नसीबपुर एवं विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता शारदा देवी धर्मपत्नी कांतिलाल सैनी नारनौल को आपातकाल के दौरान यातनाएं सहने पर उनके निवास स्थान पर अंग वस्त्र,धार्मिक ग्रंथ गीता और तुलसी का पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके उत्तम स्वास्थ्य लाभ हेतु कामना की गई।इस अवसर पर भाजपा नारनौल के मंडल अध्यक्ष मनीष संघी ने कहा आपातकाल के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.कैलाश शर्मा और उनकी धर्मपत्नी ने लोकतंत्र बचाओ आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा नौ चौक हवेली से आंदोलन की

## विकास कार्यों को तय समय पर पूरा करवाएं अधिकारी: डॉ पवन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/पिपली (दलबीर मलिक)** हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री लाडवा से पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी वीरवार को लाडवा विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, पंचायती राज के अधिकारी व पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश महामंत्री पवन सैनी अधिकारियों को निर्देश दिए तय समय में लाडवा विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जनता को



इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। डॉ पवन सैनी ने कहा कि जिस अधिकारी या ठेकेदार ने अपने कार्य में लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी ने बताया कि नेशनल हाईवे से लाडवा रोड पर करीब 5 कॉलोनियों में पानी निकासी की समस्या है। पानी निकासी को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा एस्टीमेट तैयार करके विभाग को भेज दिया गया है। जल्द ही इन सभी कॉलोनी वासियों की समस्या का हल हो जाएगा और पानी निकासी की सुविधा मिलेगी। लाडवा रोड पर अटल नगर, किशनपुरा, शंकर कॉलोनी, गणेश कॉलोनी, सिरसमा कॉलोनी, डेरा पुरविया, अनाज मंडी में पानी निकासी की गंभीर समस्या है लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर विभाग द्वारा एस्टीमेट तैयार करके भेज दिया गया है। जल्द ही मुख्य नाला निकालकर पानी निकासी की सुविधा इन कॉलोनी वासियों को मिलेगी। प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी ने पंचायती राज के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# बदमाश से 2 पिस्तौल और 40 जिंदा कारतूस किए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गन्नौर थाना** पुलिस ने गन्नौर खुबडू रोड पर अहीर माजरा के पास बुलेट प्रूफ जैकेट पहने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर पुलिस ने बदमाश के पास से 2 लोडेड पिस्तौल और 40 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पूछताछ में बदमाश ने अपनी पहचान गांव अटायल के रहने वाले अभय उर्फ बंटी के रूप में दी। प्राप्त जानकारी अनुसार गन्नौर थाना के थाना गन्नौर प्रभारी रवि कुमार के नेतृत्व में हवलदार नरेश कुमार पुलिस टीम के साथ गन्नौर-खुबडू रोड पर गांव अहीर माजरा के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक युवक बिना नंबर की अपाचे



मोटरसाइकिल पर सवार होकर खुबडू से गन्नौर की तरफ आ रहा है जिसके के पास अवैध हथियार हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने अहीर माजरा मोड़ पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद टीम को अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को रूकवा कर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपनी पहचान गांव के रहने वाले अटायल अभय उर्फ बंटी के रूप में दी। पुलिस ने अभय उर्फ बंटी की तलाशी ली तो वह कमीज के अंदर काले रंग की एक बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए मिला। वहीं उसकी जींस की एक जेब से 315 बोर का एक लोडेड देसी पिस्तौल मिली जिसमें एक जिंदा कारतूस लोड था। जबकि दूसरी जेब से भी एक विदेशी पिस्तौल मिली जिसकी मैगजीन में पांच जिंदा कारतूस मिले। पुलिस को अभय की जेब से एक प्लास्टिक की डिब्बी भी मिली। इस डिब्बी में पिस्तौल के 34 जिंदा कारतूस थे। जिसके बाद पुलिस ने हथियारों, कारतूस व बुलेट प्रूफ जैकेट को कब्जे में लेकर आरोपित अभय को मौके से गिरफ्तार कर लिया और मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया।

**तीन दिन के पुलिस रिमांड पर होगी पूछताछ: थाना** गन्नौर पुलिस ने आरोपित अभय उर्फ बंटी के खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। पुलिस ने आरोपित को अभय को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। इस दौरान आरोपित अभय उर्फ बंटी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

**आरोपित के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज:** गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि आरोपित अभय उर्फ बंटी के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित अभय उर्फ बंटी पर नरेला में प्रोपर्टी डिलर पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में थाना नरेला में मुकदमा दर्ज है। वहीं बीते दिनों अभय ने गांव अटायल में ही खेड़ी गुझ्जर गांव के विपुल पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। जिसमें वह बाल-बाल बच गया था।

# चातुर्मास के लिए गुप्ति सागर महाराज का गन्नौर गुप्तिधाम में हुआ आगमन

▶▶ सभी बिरादरी के लोगों ने बड़ी संख्या में राष्ट्र संत गुप्ति सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**राष्ट्र संत** शाकाहार प्रवर्तक 108 गुप्ति सागर महाराज का चातुर्मास इस बार गन्नौर स्थित गुप्ति धाम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुप्ति सागर महाराज बृहस्पतिवार को चातुर्मास के लिए गुप्तिसागर धाम में पहुंचे। जैन समाज के अलावा सभी धर्मों व सभी



बिरादरी के लोगों ने बड़ी संख्या में राष्ट्र संत गुप्ति सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज नवंबर माह तक गन्नौर में चातुर्मास पर रहेंगे। चातुर्मास के दौरान उनके साथ ब्रह्मचारिणी रंजना दीदी भी उपस्थित रहेंगी। इस दौरान गुप्ति सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ उपहार है। यह भी एक शाश्वत सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु भी निश्चित है।

# धूमधाम से मनाया विधायक शरद चौहान का जन्मदिन

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाया गया नरेला क्षेत्र के विधायक शरद चौहान का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** विधायक शरद चौहान के जन्मदिन के अवसर पर पूरे विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर विधायक शरद चौहान का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। जन्मदिन के मौके पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान नरेला अनाज मंडी में हुए भव्य कार्यक्रम में विधायक शरद चौहान आप पार्षदों व कार्यकर्ताओं के साथ नृत्य करते हुए नजर आए। नरेला से आम आदमी पार्टी विधायक शरद चौहान का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं, पार्षदों ने पूरी विधानसभा में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही विधायक शरद चौहान को बधाई देने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ना शुरू हो गया था। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी, शुभचिंतकों ने फूल माला, साफा बांधकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर विधायक शरद चौहान को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर पूरी विधानसभा में कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में नरेला की पुरानी अनाज मंडी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में विधायक शरद चौहान का जन्मदिन केक कटवा कर बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आतिशबाजी व भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में विधायक शरद चौहान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नृत्य करते नजर आए।

कार्यक्रम में निगम पार्षद पति कमल खत्री, बांकनेर वार्ड से पार्षद दिनेश भारद्वाज, विष्णु, शंकर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन गोपी राम घी वाले ने किया। वही नरेला के पंजाबी कॉलोनी स्थित वह बहवालपुर सनातन धर्म मंदिर में आम आदमी पार्टी के नरेला विधानसभा सचिव बंटी गर्ग की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर विधायक शरद चौहान का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शरद चौहान का स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। विधायक ने पहले सांई बाबा मंदिर में पूजा कर आशीर्वाद लिया व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने मंगल गान गाकर विधायक का स्वागत किया।

लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर माल्यार्पण कर विधायक को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की भगवान से कामना की। शरद चौहान ने सब की मौजूदगी में केक काटकर अपने जन्मदिन के अवसर पर खुशी जाहिर की और लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और जनता का यही स्नेह एवं प्यार ही मुझे क्षेत्र के विकास कार्य करने के लिए ऊर्जा देता है। मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जो बधाई आशीर्वाद मुझे दिया है इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। आप सभी का प्यार और आशीर्वाद हमेशा बना रहे यही ईश्वर से कामना करता हूं। कार्यक्रम में दीपक मक्कड़ अध्यक्ष बहावलपुर सनातन धर्म सभा, प्रतीक बंसल डायरेक्टर किडजी मैजिक स्कूल, पारस जैन ऑनर सीपी इवेंट प्लानर, एनडी अरोड़ा अध्यक्ष आरडब्ल्यूए पंजाबी कॉलोनी, महिला विंग नरेला अध्यक्ष शालिका अग्रवाल, नंदनी, रूपाली, रमा, सुजाता, प्रीति सरकार, रितु सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके बाद लामपुर गांव में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता वसंत पवार ने जन्मदिन के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया।

कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का नोटों की माला व पुष्पगुच्छ भेंटकर, केक कटवाकर विधायक को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज भी मौजूद रहे। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।







# 'आओ मंत्र सुनाओ, गिफ्ट ले जाओ' कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की आंगनवाड़ी कमेटी के सदस्य भुवनेश सिंघल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सांस्कृतिक, राष्ट्रवादी अभियान 'बच्चों आओ, मंत्र सुनाओ, गिफ्ट ले जाओ' का आयोजन गुरूवार को सोनिया विहार के जी-1 मैन मार्किट में किया। जिसमें क्षेत्र के बच्चों व महिलाओं को खाद्यय सामग्री का वितरण किया। जिनमें मुख्य रूप से बच्चों की पसंद के फल, आटा पालक मैगी फेमिली पैक, टमाटर सॉस, पिचकू व मसाला मैजिक के पैकेट दिये गये। लगभग 500 से अधिक बच्चों व घरेलू महिलाओं को यह सामग्री वितरण की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मोहन सिंह बिष्ट, पार्षद बृजेश सिंह, मण्डल अध्यक्ष विक्रम सिंह के अलावा जिला उपाध्यक्ष प्रकाश नैनवाल, बॉबी ठाकुर, दीपक देवल, प्रवीण गुप्ता, ईश्वर यादव, सत्य प्रकाश, वेद प्रकाश आर्य, शीला तिवारी, सुमन, भूपेन्द्र भाटी, निरंजन चौधरी, दीपक, अवधेश सेंगर, अमर झा, मनोज रतिया व वैभव सिंघल आदि मौजूद रहे।





वजीरपुर वार्ड में पौधारोपण करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

# सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने चलाया महाअभियान, बाटें पत्रक





**टीम एक्शन इंडिया/तीरथ राज बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नम्बर-18 में सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने अपनी टीम के साथ मिलकर जहांगीरपुरी में महा जनसंपर्क अभियान डोर-डोर चलाया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर पत्रक का वितरण किया गया। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने बताया कि आज जहांगीरपुरी क्षेत्र में पत्रक बांट कर लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं व कार्यों से अवगत कराया गया। सुरेन्द्र खर्ब ने आगे कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। इस मौके पर भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद है।


नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित युवा महोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित होते हुए निगम पार्षद सुशील कुमार।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राजा गार्डन स्थित राजधानी कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र, पश्चिमी दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा इंडिया @ 2047 विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न विधाओं के अन्तर्गत पांच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं के लिए युवा कलाकार चित्रकला प्रतियोगिता, युवा लेखक कविता प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता व सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आशीष कुमार एसडीएम राजौरी गार्डन, राजेश गिरी प्रधानाचार्य राजधानी कॉलेज, डॉ सुमन कुमार उपस्थित रहें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा कौशिक जिला युवा अधिकारी ने की एवं कार्यक्रम में योगदान सौनी लेखा एवं कार्यक्रम सहायक का रहा। वहीं निर्णायक मंडल की भूमिका में युवा आर्टिस्ट पेंटिंग में आरती रस्तोगी, उर्वशी, सस्मिता, युवा लेखन कविता में प्रो जसवीर त्यागी, सुशांत, शीतल, मोबाइल फोटोग्राफी में मोहित कुमार, श्रेया सहाय, सौरभ छाबरा, भाषण प्रतियोगिता में सौम्या, सृस्टि, शफीक एवं नृत्य में अमित, मोहिनी, भावना उपस्थित रहे।



# केंद्रीय राज्य मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन लाभार्थी सम्मलेन में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पीएम मोदी के दिल्ली में बटन दबाते ही लाभार्थियों को सीधा खाते में एक-एक पैसा मिल रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री आज वीरवार को सैक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित लाभार्थी सम्मलेन में की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की मनोहर सरकार गरीबों का पूरा ख्याल रख रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि विश्व में यशश्वी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ किया गया जिसके तहत अब तक 9 सालों में लगभग 12 करोड़ शौचालय का निर्माण किया गया है। सरकार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना पर 88 हजार करोड़ रुपए की धनराशि से ज्यादा की राशि खर्च की गई, जिसका लाभ करोड़ों लोगों को मिल रहा है। वहीं फरीदाबाद शहर में 19000 से ज्यादा परिवारों को इस योजना का लाभ मिला है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि हमारे देश के हर व्यक्ति के घर में शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो। क्योंकि खुले में शौच करने के कारण व्यक्ति को कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है। जिस पर उसके इलाज के लिए बहुत राशि खर्च होती है। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा हमारे देश की माताओं व बहनों को हुआ है। जिन्हें अब खुले में शौच करने के लिए कहीं नहीं जाना पड़ता है। खुले में शौच करने के कारण उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती थी। इस योजना के माध्यम से इस समस्या का समाधान भी अब हो चुका है। प्रधानमंत्री ने अपना जीवन गरीबी और संघर्ष में जिया है। इसलिए उन्हें गरीब लोगों की समस्याओं की बारीकी से जानकारी है। हमारे देश के निचले तबके की हर एक समस्या को दूर करने के लिए केंद्र की मोदी व प्रदेश की मनोहर सरकार प्रतिबद्ध है।



प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि 2024 तक हमारे देश के हर एक गरीब व्यक्ति को उसका अपना घर मिल सके। जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से अब तक लगभग 3 करोड़ परिवारों को अपना घर प्राप्त हुआ है। घर के साथ-साथ करीब 11 करोड महिलाओं को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मुफ्त एलपीजी कनेक्शन भी दिए गए हैं। अब हमारी माताओं और बहनों को धुएं में खाना नहीं पकाना पड़ता है। लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाने के कारण हमारी माताओं तथा बहनों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिसके कारण उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हर घर नल योजना का शुभारंभ भी किया है। इस योजना के तहत अब देश के हर घर में नल होगा जिसके अंदर पीने का स्वच्छ पानी देश के नागरिकों को प्राप्त होगा। इस योजना पर लगभग 3 लाख 86 हजार करोड की धनराशि खर्च होगी। गरीब व्यक्तियों के लिए मोदी सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई। जिसके माध्यम से देश के गरीब तबके के लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। इस योजना का लाभ अब तक लगभग 50 करोड़ लोगों को मिला है। पूरे देश भर में लगभग साढे 4 करोड़ लोगों ने इस योजना के माध्यम से इलाज करवाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के प्रधानमंत्री कहते थे कि दिल्ली से 1 रुपया भेजता हूं तो आमजन तक सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते हैं। परंतु आज के समय में जब प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से बटन दबाकर जब 1 रुपया भेजते हैं तो लाभार्थियों के खाते में पूरा 1 रुपया ही पहुंचता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसी है जिसके कारण आज लाभार्थियों का एक-एक पैसा उन तक आसानी से पहुंचता है। देश में 2014 से पहले सिर्फ 8 करोड लोगों के बैंक खाते थे। परंतु प्रधानमंत्री मोदी की दूरगामी सोच के कारण आज देश के 43 करोड़ से लोगों के पास अपना खाता है। इसी का नतीजा है कि आज हर एक लाभार्थी को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा भेजा जा रहा योजना का एक-एक पैसा बिना किसी कट के प्राप्त हो रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही सोच है कि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ रहे। इसी को ध्यान में रखते हुते प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरूआत की गई। हमारी माताओं व बहनों को सही पोषण मिले, सरकार ने इस योजना के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है। किसी भी परिवार में पहली बार गर्भवती हुई महिला को अच्छा स्वास्थ्य और सही खान-पान देने के लिए सरकार द्वारा किश्तों में सहायता राशि उक्त योजना के तहत प्रदान की जाती है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। योजना के तहत कुल 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ दिलाने के मामले में हमारे प्रदेश को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएमटी क्षेत्र में पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र में होने वाले छिटपुट अपराध पर लगेगा अंकुश, कानून व्यवस्था होगी मजबूत



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।
लिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने आज फरीदाबाद के आईएमटी एरिया में आज नई पुलिस चौकी का उद्घाटन किया है। यह पुलिस चौकी सदर बल्लभगढ़ पुलिस थाने के तहत कार्यरत रहेगी। इस अवसर पर उनके साथ डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल, एसीपी बल्लभगढ़ मुनीश सहगल, एसीपी तिगांव राजेश लोहान, थाना सदर बल्लभगढ़ महेंद्र पाठक, सेक्टर 8 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन, तिगांव प्रभारी इंस्पेक्टर दलबीर, आदर्श नगर थाना प्रभारी कुलदीप, सिटी बल्लभगढ़ थाना प्रभारी सतीश, छायसां थाना प्रभारी सुरेंद्र, सेक्टर 8 चौकी प्रभारी अश्वनी, सेक्टर 3 चौकी प्रभारी सीमा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसके साथ ही आईएमटी एफआइएमटीआइए प्रेसिडेंट श्री कृष्ण कुमार कौशिक, एचएल भूटानी, वीरभान शर्मा, रमेश अरोड़ा, एमएल शर्मा, जेएस लांबा, जीएस दहिया तथा आईएमटी संगठन के प्रधान श्री प्रमोद राणा, रश्मि सिंह, हाजी अपरोज, राजेंद्र कालड़ा, हरजिंदर सिंह, देवेंद्र गोयल, तेज चौधरी, वेदपाल दलाल, डीपी यादव, इंदरचंद जैन, वीपी गोयल व पंकज गोयल और गांव चंदावली पूर्व सरपंच श्रीमती रचना शर्मा, गिर्राज सिंह चंदावली गांव से, गांव पनहेड़ा सोसाइटी से श्री आरपी शर्मा उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा चौकी का उद्घाटन करने के लिए आईएमटी पहुंचे थे जहां पर मौजूद मौजूद व्यक्तियों ने पौधे भेंट करके उनका स्वागत किया। पुलिस आयुक्त श्री विकास अरोड़ा और आईएमटी के प्रधान ने विधिवत पूजा के बाद रिबन काटकर चौकी का उद्घाटन किया वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल ने पुलिस आयुक्त द्वारा आईएमटी पुलिस चौकी खोले जाने पर उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि यहां पर पुलिस चौकी की आवश्यकता थी जिसे मंजूरी देकर माननीय पुलिस आयुक्त ने आमजन की डिमांड को पूरा किया है। नीमका, मिजापुर, मुजेड़ी, मच्छगर सहित संपूर्ण आईएमटीवासियों को इसका फायदा मिलेगा और आमजन की पुलिस तक पहुंच बढ़ेगी। यहां पर बहुत सारी फैक्ट्रियां है जिनमें वर्कर 24 घंटे शिफ्टों में काम करते हैं जो रात के समय भी छुट्टी होने के पश्चात अपने घर जाते हैं। चौकी खुलने से क्षेत्र में जो चोरी या कोई छुटपुट अपराधिक घटनाएं होती थी अब उन पर भी अंकुश लगेगा और अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के मन में पुलिस का खौफ रहेगा और वह इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करेंगे। वहां पर उपस्थित मौजूद व्यक्तियों ने बताया कि एरिया में काफी समय से पुलिस चौकी की आवश्यकता थी और इसके लिए वह काफी समय से इसकी डिमांड कर रहे थे जिसे पुलिस आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए इसकी मंजूरी दी और अब आईएमटी पुलिस चौकी पूरी तरह से कार्यरत है जहां पर उपस्थित पुलिसकर्मी पुलिस पेट्रोलिंग करके कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे और वहां के लोगों के मन में भी सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि फरीदाबाद के आईएमटी एरिया में काफी समय से पुलिस चौकी की आवश्यकता थी। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस आयुक्त ने आईएमटी में चौकी का उद्घाटन किया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि नई पुलिस चौकी बनने से एरिया में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ेगी जिससे अपराधियों में खौफ पैदा होगा वही जनता में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता मिलकर अपराधों पर कंट्रोल कर सकते हैं। जनता के सहयोग से ही पुलिस अपराधियों की सूचना पाकर उनकी धरपकड़ करके समाज में कानून व्यवस्था कायम करती है।

## सोनीपत: गुप्ति सागर महाराज चातुर्मास के लिए पहुंचे गन्नौर

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्र संत शाकाहार प्रवर्तक 108 गुप्ति सागर महाराज का चातुर्मास इस बार गन्नौर स्थित गुप्ति धाम में होगा इसके लिए पदयात्रा कर गुप्ति सागर महाराज गुरुवार को चातुर्मास के लिए गुप्तिसागर धाम में पहुंच गए हैं।

जैन श्रावकों के अलावा सभी धर्मों व सभी बिरादरी के लोगों ने बड़ी संख्या में राष्ट्र संत गुप्ति सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज नवंबर माह तक गन्नौर में चातुर्मास पर रहेंगे।

चातुर्मास के दौरान उनके साथ ब्रह्मचारिणी रंजना दीदी भी उपस्थित रहेंगी।

## पानी से भरी सड़कों के बीच यात्रियों का साथ निभा रही यातायात पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। मानसून का मौसम शुरू हो चुका है और फरीदाबाद में बारिश भी दस्तक दे चुकी है। बारिश की वजह से कई स्थानों और सड़कों पर काफी मात्रा में पानी इकट्ठा हो जाता है। जिसकी वजह से रोड़ ब्लॉक हो गए जिसकी वजह से यातायात भी बाधित हो रहा है परंतु ट्रैफिक पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए बारिश के बीच सड़क पर पानी में खड़े रहकर अपनी ड्यूटी का निर्वाहन कर रही है और यातायात




को व्यवस्थित करने में अपना हर संभव योगदान दिया का रहा है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मानसून की शुरूआत लगभग हो चुकी है और फरीदाबाद में पिछले कई दिन से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश आने से एक तरफ मौसम सुहाना हो जाता है और सभी जीव जंतुओं को गर्मी से मुक्ति मिलती है वहीं दूसरी तरफ बारिश का पानी सड़कों पर भर जाता है जिसकी वजह से वाहनों की गति धीमी हो जाती है। धीमी गति से चलने के कारण पीछे आ रहे वाहन भी धीरे हो जाते हैं। कई बार सड़कों पर गड्ढे होने की वजह से कई छोटी-मोटी सड़क दुर्घटनाएं भी घटित होती है। सड़क दुर्घटना से ग्रस्त वाहन रोड पर खड़े हो जाते हैं जिसकी वजह से उनके पीछे आ रहे वाहन भी रुक जाते हैं। इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने से सड़क पर ट्रैफिक जाम लग जाता है जिसको व्यवस्थित करने के लिए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस अपना हर संभव प्रयास करती है और जितना हो सकता है उससे कहीं अधिक प्रयास करके बारिश के बीच फंसे वाहनों को निकालने की कोशिश की जाती है।

मानसून के मौसम में यातायात पुलिस की एक अलग ही तस्वीर उभर कर आती है जिसमें वह यातायात को व्यवस्थित करते या सड़कों पर मलबा डलवाकर खुद ही फावड़ा लेकर गड्ढों को भरने का प्रयास करते हैं या कई स्थानों पर लबालब पानी से भरी सड़कों पर धक्का मारकर वाहनों को बाहर निकलवाते हैं। यातायात पुलिस अपने सराहनीय कार्यों के लिए हमेशा चर्चा मे रहती है। बारिश के मौसम में ट्रैफिक पुलिसकर्मी बहुत ज्यादा एक्टिव रूप में कार्य करती है और वाहन चालकों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। पिछले मानसून के मौसम में भी फरीदाबाद की यातायात पुलिस ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया था जिसमें उन्होंने पानी से लबालब भरी सड़कों के बीच खड़े रहकर यातायात को सुचारू रूप से चलाने का हर संभव प्रयास किया ताकि यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए पिछले दो-तीन दिन में फरीदाबाद में हुई बारिश के दौरान भी यातायात पुलिस ने बहुत सराहनीय कार्य किया। और बारिश के कारण पैदा हुई जाम की समस्या से निपटने के लिए फरीदाबाद यातायात पुलिसकर्मी बीच सड़क खड़े रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे हैं।

## क्राइम ब्रांच ने तीन को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी राकेश कुमार व उनकी टीम ने चोरी के मुकदमे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विकास अनिल तथा सुखई का नाम शामिल है। आरोपी विकास पलवल, अनिल दिल्ली तथा सुखई यूपी के सोनभद्र जिले का रहने वाला है। दिनांक 27 जून को सेक्टर 8 थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया था जिसमें आरोपी ने अपनी कंपनी के ही मालिक का टाटा 610 कैंटर व उसमें रखी लोहे



की 20 पाइप चोरी कर ली थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों में तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी को अपने साथियों को केंटर सहित पलवल से धर दबोचा और उनके कब्जे से केंटर व 20 लोहे की पाइप बरामद की गई।

## सिंचाई विभाग ने बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे से निकाला माइनर

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
हांसी खंड के गांव गगन खेड़ी में सिंचाई विभाग द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे से रजवाहा निकालने पर किसानों ने रोष जताया है। अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने पर भी उनके कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर रवैये पर रोष जताते हुए भारतीय किसान यूनियन ने अधिकारियों को जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर हटवाने या रजबाहे को बिजली ट्रांसफार्मर के दूर से निकालने की मांग की है।

समस्या का जल्द समाधान नहीं किए जाने पर किसान यूनियन ने कार्यकारी अभियंता कार्यालय में धरना शुरू किए जाने की चेतावनी दी है।

## एडीसी अपराजिता ने 8 किसानों को खेती करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर सौंपे



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** एडीसी अपराजिता ने 8 किसानों को खेती करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर सौंपे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुना करने के लिए कारगर कदम क्रियान्वित कर रही है। बता दें कि 08 लाभार्थी किसानों का चयन अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारीणी कमेटी द्वारा ऑनलाईन ड्रा के माध्यम से किया गया था। किसानों द्वारा ट्रैक्टर खरीदने उपरान्त कृषि एंव किसान कल्याण विभाग हरियाणा के विभाग के पोर्टल ॅ३३स्र://६६६.ॅ१ॅ१८ल्ल.ॅ्र्न५.ल्ल/ पर ऑनलाइन बिल अपलोड कराने वाले किसानो के ट्रैक्टरो का भौतिक सत्यापन करके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा गठित जिला स्तरीय कार्यकारीणी कमेटी की देखरेख में लघु सचिवालय में किया गया।

इंजी० श्री श्याम सुन्दर, कृषि विकास अधिकारी ( कृषि यन्त्र), ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा स्कीम एस0 बी0-89 के तहत वर्ष 2022-23 मे अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टरो पर 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाने के लिए 10-01-2022 तक सरल पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमन्त्रित किए गए थे। जिला फरीदाबाद में कुल 08 ट्रैक्टर का लक्ष्य निर्धारित था। जिस के लिए 69 सफल आवेदन प्राप्त हुए थे। इंजी० श्री श्याम सुन्दर ने आगे बताया कि इस दौरान 08 ट्रैक्टरो का भौतिक सत्यापन कमेटी के सदस्यों में अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती अपराजिता, उप कृषि निदेशक के प्रतिनिधि श्रीमती संगीता मल्होत्रा (विषय विशेषज्ञ ), डा० राजेन्द्र कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र (भोपानी) व प्रगतिशील किसान श्री ठाकर दास द्वारा ट्रैक्टरो का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होने बताया कि ये ट्रैक्टर अनुसूचित जाति के किसानों की आय बढाने में सहायक होगें।

## भाईचारे व एकता का प्रतीक है ईद का त्यौहार : राजेश भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। ब्यापार मंडल फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष एवं जननायक जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी राजेश भाटिया ने ईद के त्यौहार पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए लोगों को इस त्यौहार को भाईचारे व एकता से मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत देश त्यौहारों का देश है और सभी त्यौहार हमें एकता व भाईचारे का संदेश देते है।

उन्होंने कहा कि धर्म व जाति से बढकर इंसानियत होती है और इंसानियत हमें सर्व धर्म व समाज को साथ लेकर चलने के लिए



प्रेरित करती है। राजेश भाटिया अपने तयशुदा कार्यक्रमानुसार टिकड़ी खेड़ा निवासी असगर सरपंच, गांव जाकूपुर निवासी जुबेर खान, गांव धौज के बिल्ला कॉलोनी निवासी आसिफ मलिक, गांव बडखल निवासी अब्दुल सत्तार, बडखल विधानसभा निवासी जावेद अख्तर तथा बडखल विधानसभा की कल्याणपुर झुग्गी निवासी लतीफ कुरेशी के निवास स्थान पहुंचे और ईद मिलन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पहुंचे सभी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से मनोज गोयल, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, शौकीन, जुबेर, आसिफ रिंकल भाटिया, एडवोकेट अल्ताफ खान अरबाज खान शहजाद, महमूद खान, चौ राहुल खान, करीम खान, नफीश खान, चौ रहीमा खान, चौ हबीब खान, यूसुफ मलिक, चौ अरबाज, आरिफ खान केडी, असलम मास्टर, आरिफ मलिक, वसीम खान, दादा बुद्धि जी, चौ समीम, चौ असलम, दिलशाद खान, सुरेश भड़ाना पाली, हनीफ खान कालू खा, भाई इकरामू सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विशाल ट्यूमर के हटते ही दिल्ली के 14 वर्षीय धुरुव ने ली खुलकर साँस

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में चिकित्सकों ने दिल्ली निवासी 14 वर्षीय धुरुव के सीने से सफलतापूर्वक विशाल ट्यूमर को निकाल उसके फेफड़ें को क्षतिग्रस्त होने से बचाया। ट्यूमर के निकलने पर मरीज को बहुत राहत मिली। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद में लंग ट्रांसप्लांट एंड थोरेसिक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. कामरान अली ने बताया कि हमारे पास नॉर्थ दिल्ली से छाती में बाएं तरफ फेफड़ें के नजदीक साढ़े तीन किलोग्राम के ट्यूमर के साथ एक किशोर (टीनेजर) आया। यह ट्यूमर 25७30 सेंटीमीटर बड़ा



था। एक साल के अंदर मरीज का लगभग 8-10 किलोग्राम वजन कम हो गया था। लगभग 10 दिन पहले बच्चे को खाना निगलने की समस्या शुरू हुई थी। सीटी स्कैन कराने पर हमें पता चला कि ट्यूमर दोनों फेफड़ों के बीच और हार्ट के ऊपर वाले हिस्से से निकलते हुए बाएं तरफ की छाती में घुसा हुआ था। ट्यूमर ने बाएं तरफ के फेफड़ें को पूरी तरह पिचकाया हुआ था और हार्ट, खाने की नली को छाती की दाएँ तरफ धकेल दिया था। इसलिए यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था। हमने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए बड़ी सावधानी से सर्जरी कर ट्यूमर को बाहर निकाल दिया। फेफड़ें पर दबाव बना रहे ट्यूमर के हटते ही बच्चे के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। स्वस्थ होने पर बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया। अगर अब सर्जरी न होती तो ट्यूमर के निरंतर बढ़ते दबाव के कारण बच्चे के बाएं तरफ का फेफड़ा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकता था और हार्ट एवं खाने की नली जैसे महत्वपूर्ण अंगों को भी नुकसान पहुँच सकता था। डॉ. कामरान अली ने कहा कि सर्जरी में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि ट्यूमर ने बच्चे के हार्ट को अपोजिट साइड में धकेल दिया था, ट्यूमर के दबाव के कारण बाएं (लेफ्ट) साइड के फेफड़ें की खून की मुख्य नस पूरी तरह पिचकी हुई थी और लेफ्ट साइड का फेफड़ा भी पूरी तरह पिचका हुआ था। बेहोशी भी इसमें काफी बड़ी चुनौती थी क्योंकि छाती की लेफ्ट साइड के सभी अंग राईट साइड में शिफ्ट हो गए थे। ऐसे में बेहोशी की ट्यूब डालने में बहुत परेशानी होती है। इतने छोटे बच्चे में इतना बड़ा कट लगता है तो दर्द को नियंत्रित करना भी चुनौतीपूर्ण होती है। ऑपरेशन द्वारा छाती के अन्दर महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाए बिना पूरे ट्यूमर को लगभग साढ़े 3 घंटे में निकाल दिया। ट्यूमर के दबाव के कारण पिचका हुआ लेफ्ट साइड का फेफड़ा सर्जरी के दौरान ही फूल गया और फिर सामान्य हो गया।

## ट्रैफिक पुलिस ने 10 जुगाड़ वाहनों सहित 1539 वाहन चालकों का काटा चालान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले 10 जुगाड़ वाहनों सहित 1539 वाहन चालकों का चालान काटा गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस ने खिलाफ विशेष अभियान चलाया है जिसमें जुगाड़ू रुप से तैयार किए गए 10 वाहनों सहित 1539 वाहन चालकों का चालान काटा गया है। पुलिस प्रवक्ता



ने बताया कि 1539 वाहन चालकों के चालान काटकर 7.45 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है जिसमें 1.76 लाख रुपए जुगाड़ू वाहनों का जुमार्ना शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुछ लोग वाहनों को अपने हिसाब से मॉडिफाई करवाकर बिना सड़क सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखकर यात्रा करते हैं। इन वाहनों के साइड में लोहे की रॉड या पाइप लगी रहती है जो साथ में चल रहे दूसरे वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक दिन का विशेष अभियान चलाया गया। इसमें ज्यादातर तिपहिया वाहन शामिल है जिसमें मोटरसाइकिल के पीछे रेहडी जोड़कर लोग इसे सामान ढोने के लिए उपयोग में लेते हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यात्री इस प्रकार के वाहनों का उपयोग ना करें क्योंकि यह अन्य यात्रियों के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

# शांति-सौहार्द के साथ में मनी बकरीद

यूपी: मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में चाकचौबंद रही व्यवस्था, तय स्थानों पर हुई कुर्बानी, अपशिष्ट निस्तारण भी हुआ तत्काल

**शांति**

**▶▶ मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**ईद**-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व उत्तर प्रदेश में शांति और सौहार्द के माहौल में मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील पर धर्मगुरु भी आगे आए और किसी भी जनपद में सड़क यातायात बाधित कर नमाज आदि धार्मिक क्रियाकलाप नहीं हुए। यही नहीं, सभी जिलों में तय और चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी हुई और इसके तत्काल बाद अपशिष्ट का निस्तारण भी कराया गया।

बीते दिनों, मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को बकरीद, श्रावण मास, मुहर्रम आदि पर्व-त्योहारों के मौके पर पुलिस व प्रशासन को अतिरिक्त संवेदनशील रहने को कहा था। साथ ही, सड़क पर यातायात रोककर नमाज पढ़ने से सामान्य जन को होने वाली परेशानी का हवाला देते हुए इस बावत धर्मगुरुओं से संवाद बनाने के निर्देश भी दिए थे।

मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर, बकरीद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो, इसे लेकर सभी जिलों में पुलिस चौकस रही। अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 33 हजार से अधिक ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गई।



**उप्र में बन रही शांति और सौहार्द की नई परंपरा**

**राज्य** सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को शीर्ष प्राथमिकता मानने वाले उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कोशिशें रंग लाने लगी हैं। शांति और सौहार्द के साथ धार्मिक आयोजन होना यूपी में एक परंपरा बनती जा रही है, तो योगी के कानून व्यवस्था ने अन्य राज्यों के सामने नजीर भी पेश किया है।

## ईद-उल-अजहा पर लाखों सिर सजदे में झुके



**टीम एक्शन इंडिया/अररिया**
**कुर्बानी** के जज्बे के साथ ईद-उल-अजहा पर गुरुवार को अल्लाह की बारगाह में लाखों सिर सजदे में झुके ।विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा करने के साथ अजीम कुबार्नी को याद किया गया, जो हजरत इब्राहिम ने अपने रब के हुक्म से पेश की थी। ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद अल्लाह से मोहब्बत को दुनिया की हर चीज से ऊपर रखने के जज्बे के साथ मुसलमानो ने कुबार्नी दी। बकरीद को लेकर अररिया जिला प्रशासन की ओर से मस्जिदों और ईदगाह समेत करबल्ला के मैदान में सुरक्षा व्यवस्थाएं काफी मुकम्मल की गई ।अररिया डीएम इनायत खान और एसपी अशोक कुमार सिंह के संयुक्त आदेश पर अररिया अनुमंडल क्षेत्र के 90 चिन्हित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी और बलों की तैनाती की गई ।वहीं फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के 97 स्थानों पर ईद-उल-अजहा को लेकर 97 स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी और बलों की तैनाती की गई। फारबिसगंज के करबल्ला मैदान में ईद-उल-अजहा की नमाज मौसम की अंगड़ाई के बीच हल्की बारिश की फुहार के बीच अता की गई ।हजारों की संख्या में अजीम कुबार्नी को याद करते हुए सजदे में सिर झुके। जिसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-अजहा की एक दूसरे को बधाई दी।

## मिशनरी स्कूल में कलमा पढ़वाने के मामले पर हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/खंडवा**
**मिशनरीज** द्वारा संचालित सेंट पॉयस हायर सेंकेंडरी स्कूल में बुधवार को मनाये गये पर्व के दौरान छात्रों से कलमा पढ़वाने का मामला सामने आया है। छात्रों ने जब अपने पालकों को कलमा पढ़वाने की बात बताई गई तो मामले में हंगामा खड़ा हो गया है। इस पूरे में विश्व हिंदू परिषद और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी मैदान में उतर आए हैं। हिंदू संगठनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है वहीं पालकों ने भी जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की शिकायत की है। हिंदू संगठनों इसे मिशनरी का षड्यंत्र बताते हुए इनके पास आने वाले धन और खातों की जांच की मांग भी की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी और जिला शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। इस पूरे घटनाक्रम पर खंडवा एसडीएम अरविंद चौहान ने कहा कि पालकों और हिंदू संगठनों ने स्कूल में कलमा पढ़ाए जाने की शिकायत की है।

**शिकायत**

**▶▶ संगठनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है वहीं पालकों ने भी जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की शिकायत की**

**फास्ट न्यूज**

### बीएसएफ ने बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड्स को खिलाई मिठाई

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
ईद के मौके पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बांग्लादेश सीमा पर तैनात बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड्स (बीजीबी) को मिठाई खिलाई है। दोनों देशों की बॉर्डर गार्डिंग फोर्स में सौहार्दपूर्ण संबंध एवं सामंजस्य है। त्यौहारों एवं राष्ट्रीय महत्व के खास मौकों पर दोनों देशों के सीमा रक्षक बलों के बीच सद्भावना के तौर पर शुभकामनाओं एवं मिठाइयों का आदान-प्रदान किया जाता है।

दोनों देश अपने त्यौहारों के अवसरों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान कर सौहार्दता का रिश्ता कायम रखने के लिए इस परंपरा को सकुशल निभाते हुए आ रहे हैं। ईद उल जुहा के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ-साथ सीमा सुरक्षा बल सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता और कड़ी चौकसी बरत रहा है।

### नामचीन कंपनियों के नाम पर धोखाधड़ी

**झांसी:** तहसील मऊरानीपुर क्षेत्र में कुछ इलेक्ट्रॉनिक दुकानदारों द्वारा नामचीन कंपनियों के नाम का मार्का लगाकर लोकल इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचा जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर एक कम्पनी के फील्ड आफिसर ने पुलिस से शिकायत की और उनके साथ गुरुवार को दुकानों में छापा मारा। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित तीन दुकानदारों को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार एक नामचीन कम्पनी के फील्ड आफिसर सुनील कुमार अपनी कम्पनी के साथी वेद प्रकाश के साथ मऊरानीपुर थाना पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के कुछ दुकानदार उनकी व अन्य नामचीन कंपनियों का मार्का लगाकर लोकल इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने का गौरखधंधा कर रहे हैं। इस पर पुलिस व कम्पनी के आफिसर ने तीन दुकानों पर छापा मारा तो वहां हैवेल्स, प्रेस्टीज, उषा, बजाज, जैसी नामचीन कंपनियों के स्टीकर लगाकर लोकल इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचते पकड़ा गया।

### भदोही में पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

**भदोही:** भदोही पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक लुटेरे के दाहिने पैर में गोली लगी है जबकि एक भागने में सफल रहा। पुलिस ने लूट की घटनाओं में शामिल दो मोटरसाइकिल, तीन तमंचा एवं जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मुंबई में कहर बनी बारिश



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**करीब** 15 दिन बाद देरी से मुंबई में दाखिल हुए मानसून ने कहर ढाया है। बीते 6 दिनों में भारी बारिश ने 10 लोगों की जान ले ली है और करीब 15 लोग घायल हुए हैं। मुंबई व उपनगरों में भारी बारिश हो रही है। देर से पहुंची बारिश से लोग खुश हैं, लेकिन हो रही दुर्घटनाओं से लोग गमगीन भी हो रहे हैं। जर्जर इमारतों, पेड़ और टहनियां गिरने से लोगों की जान जा रही है। कल देर रात मुंबई के भायखला इलाके में दर्दनाक हादसा हुआ। इंदु ऑयल मिल परिसर में घर पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा गुरुवार की रात ढाई बजे हुआ। इस दुर्घटना के बाद लोग बचाव के लिए दौड़े, लेकिन पेड़ भारी होने के कारण कुछ कर नहीं सके। सूचना मिलने पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने घर में फंसे सभी को निकाल कर नजदीकी जेजे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन 22 वर्षीय युवक रहमान खान की मौत हो गई। दूसरे युवक रिजवान खान का इलाज चल रहा है। एक युवक को सुरक्षित निकाल लिया गया। मुंबई और उपनगरों में सुबह से ही बारिश हो रही है। उपनगरों में बोरीवली, कांदिवली, मलाड, अंधेरी, गोरेगांव, दहिसर इलाकों में भारी बारिश हो रही है। निचले इलाकों पानी भरने की समस्याएं खड़ी हो रही है, तो कुछ जगहों पर पेड़, घर गिरने की घटनाएं भी हो रही हैं। बीते दो दिनों में पेड़ गिरने की तीन घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

**आफत**

**▶▶ बीते 6 दिनों में भारी बारिश ने 10 लोगों की जान ले ली है और करीब 15 लोग घायल हुए हैं**

## पीएम मोदी का सेवाकाल भारतीय राजनीति का स्वर्णिम युग: मंडाविया

**सेवाकाल**

**▶▶ अटल टनल का दर्शन करके मिला असीम सुख: स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया**

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
**मण्डी** संसदीय क्षेत्र तीर्थ यात्रा के अवसर पर के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सीसू में जनसभा को सम्बोधित किया। डॉ. मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में आम लोगों से एक भी पैसा नहीं लिया गया। इस देश में विपक्ष ने कोविड की वैक्सीन का भी विरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कि नौ साल के सेवाकाल में देश सिर्फ ऐतिहासिक विकास हुआ ही नहीं हुआ है दुनिया में भी भारत के मान सम्मान में वृद्धि हुई है।



**'सुक्खू सरकार सत्ता का सुख भोग रही'**

**नेता प्रतिपक्ष** के कहा कि सुक्खू की सरकार सत्ता का सुख भोग रही है। सडकों पर सुख की सरकार का पोस्टर लगाकर व्यवस्था परिवर्तन किया जा रहा है। कांग्रेस ने महिलाओं के नाम पर राजनीति की। झूठे वादे किए, झूठी गारण्टियाँ दी गई। लेकिन लोगों को नौकरियों से निकाला गया। हजारों की संख्या में संस्थान बंद कर दिये गये। मात्र छह महीने के समय में यह सरकार आठ हजार करोड़ का लोन ले चुकी है जबकि हमारी सरकार ने दो साल में मात्र पाँच हजार करोड़ का लोन लिया था।

### किसानों का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**भारतीय किसान** यूनियन (अराजनैतिक) के प्रतिनिधिमण्डल से गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य में किये जा रहे कारगर प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। किसान प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, इसे राज्य में बढ़ावा मिलना चाहिए।

### 'विस चुनाव में उद्धव गुट को पांच से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**केंद्रीय** मंत्री नारायण राणे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पांच से ज्यादा सीट नहीं जीतने का दावा किया है। समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक करने की रणनीति पर भी राणे ने ठाकरे पर कटाक्ष किया।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा- बालासाहेब कभी भी समर्थन जुटाने के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टियों के नेता के घर में कभी नहीं जाते थे। देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए पीएम मोदी की कोशिश पर राणे ने कहा कि केंद्रीय सरकार ने आदिवासियों के लिए अबतक बहुत कुछ किया है। उन्होंने अनुसूचित जनजाती समुदाय के उद्यमियों की भी बहुत मदद की है। केंद्रीय मंत्री राणे यहां पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर संवादाताओं को संबोधित करने आए थे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भाजपा से नाता तोड़ने के बाद राकांपा और कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी सरकार का गठन किया था। पिछले साल जून में शिंदे ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया, जिससे पार्टी विभाजित हो गई थी।



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में लाभार्थी सम्मेलन में शामिल हुए।

**पहल** आम जनता और खाद्यान्न वाहनों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने जारी किया आदेश

## तंग गलियों की बजाए सुगम स्थलों पर अब होंगी राशन की दुकानें

**फैसला**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**तंग** संकरी गलियों में सरकारी राशन की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचने में होने वाली समस्या के साथ ही आम जनता को होने वाली दुश्वारियों का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने ऐसी दुकानों को सुगम स्थलों पर शिफ्ट करने का आदेश जारी किया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से तंग गलियों में चल रहीं राशन की दुकानों तक आम लोगों की पहुंच आसान होगी। साथ ही खाद्यान्न ले जाने वाले वाहन भी दुकानों तक सीधे पहुंच सकेंगे। इसके लिए मंडलायुक्त बरेली व संभागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली संभाग द्वारा विकसित कराए गए मॉड्यूल के आधार पर राशन की दुकानों को विकसित किए जाने का सुझाव दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 24(2)(ए) में यह व्यवस्था दी गई है कि प्रदेश सरकार सब्सिडाइज्ड दरों पर खाद्यान्न केंद्र सरकार के नियत गोदामों से प्राप्त कर अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से उचित दर की दुकानों (राशन दुकानों) तक डोर स्टेप डिलीवरी कराएगी। संकरी गलियों में दुकानें होने से आ रही समस्या के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।



**▶▶ साथ ही खाद्यान्न ले जाने वाले वाहन भी दुकानों तक सीधे पहुंच सकेंगे, योगी सरकार का आदेश**

